पौष मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 256, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



प्रयागराज, बुधवार, 4 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!



अंदर - ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



## संक्षेप

### सीएचसी रामनगर में पहुंच रहे सर्दी, जुकाम व बीपी के मरीज

**उरुवा।** सर्दी का प्रकोप बढ़ा तो अस्पतालों में पेट दर्द, सर्दी, जुकाम, बुखार एवं बीपी के मरीजों की संख्या बढ़ गई। निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में ओपीडी के दौरान मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उरुवा विकास खंड क्षेत्र के सीएचसी रामनगर में मंगलवार को अस्पताल वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुष्यंत सिंह ने सुबह से 4 बजे तक 130 मरीजों को देखा था। जिसमें उल्टी,पेट दर्द,बीपी तथा बुखार एवं कुत्ता काटने के मरीज ज्यादा रहे। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुष्यंत सिंह ने बताया कि उपचार से ज्यादा ठंड से बचाव ही उपचार है। उन्होंने बताया कि गर्म कपड़े पहने,सिर में टोपी लगाएं,ठंडी चीजों और बासी भोजन से परहेज करें। ताजा एवं सुपाच्य भोजन लें। बीपी,हृदय एवं मधुमेह रोगियों को चाहिए कि सुबह 8 बजे के बाद तथा शाम 5 बजे के पहले टहलने का काम पूरा कर लें। ज्यादा समस्या होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। बतादें की सीएचसी रामनगर में डॉक्टरों की कमी है, जिसके कारण अस्पताल में दिन की ओपीडी और रात की इमरजेंसी मात्र दो डॉक्टरों के भरोसे है। सर्जन,बच्चों के डॉक्टर तथा हड्डी रोग के डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज कराना पड़ता है। निजी अस्पतालों की मोटी फीस के कारण गरीब असहाय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# महोत्सव से निकलकर देश समाज का नाम रोशन करें प्रतिभागी : सिद्धार्थ नाथ सिंह

**महोत्सव**

### महोत्सव के तीसरे दिन राजेश परदेशी रिया रॉय तिवारी बन्धु की जोड़ी ने मचाई धूम


लोगों को पुरस्कार देते पूर्व कैबिनेट मंत्री

**कोरांव।** कोरांव महोत्सव का विशाल मंच ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रहा है । महोत्सव के मंच से निकली प्रतिभाएं आगे चलकर समाज एवं देश का नाम रोशन करें। उक्त बातें कोरांव महोत्सव के तीसरे दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री द्वारा गौरव सम्मान समारोह लोगों को प्रदान किया गया। महोत्सव के तीसरे दिन पूर्वांचल के मशहूर भोजपुरी गायक राजेश परदेसी एवं उनके साथ आई रिया राय ने कई बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति करके लोगों का मन मोह लिया । मेजा की माटी के लाल तिवारी बंधु सुजीत तिवारी और मनजीत तिवारी के साथ बनारस की गीतांजलि मौर्या ने बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों की वाहवाही बटोरी। शंकरगढ़ के जादूगर हेमंत शर्मा ने अपनी जादू का करतब दिखाया। सुधा देवी को शिक्षक और नाजिया बानो को खेल गौरव राजकुमारी को किसान गौरव और अंजनी द्विवेदी को कोरांव गौरव से सम्मानित किया गया। तीसरे दिन गायन नृत्य अभिनय प्रतियोगिता का समापन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विभवनाथ भारती जिला अध्यक्ष भाजपा, राम अवध कुशवाहा पूर्व ब्लाक प्रमुख, रामेश्वर द्विवेदी, मिथिलेश शुक्ला श्याम जी मिश्रा सुमित पांडे सत्यम द्विवेदी गिरीश मिश्रा चंद्रप्रकाश मिश्र गणेश शंकर तिवारी महेंद्र मौर्य सहित हजारो की भीड़ मौजूद रही। सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

## मारपीट, तोड़ फोड़ व बमबाजी करने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल

**मऊआइमा।** मिष्ठान की दुकान में घुस कर मार पीट तोड फोड कर दस हजार रुपये लूटने वाले आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलई बाजार घीनपुर निवासी राम सिंह पुत्र शारदा प्रसाद का आरोप है कि एक जनवरी को देर रात कतिपय लोग दुकान में घुस कर तोड फोड किए और गल्ले में रखा दस हजार रुपये बिक्री का गल्ला सहित उठा ले गए। बोलने पर मारे पीटे तथा अपने साथियों को बुलाकर चौराहे पर जाकर ईट पत्थर बमबाजी किए। जिसपर राम सिंह ने मऊआइमा थाने में छह को नामजद करते हुए नब्बे अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। सोमवार को दर्जनों व्यापारियों ने मऊआइमा थाने में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सुरक्षा की मांग की थी। पुलिस के आश्वासन के बाद सारे लोग चले गए। पुलिस ने दीपक कुमार सरोज पुत्र फूल चन्द्र तथा गुलशन सरोज पुत्र छेदीलाल को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। दूसरी ओर जिनको आरोपी बनाया गया है उनका कहना है कि तीन सौ रुपये के लेन देन को लेकर मिष्ठान दुकानदार के पुत्रों ने कई दलितों को मार पीट कर जख्मी कर दिया है। परन्तु उनका मुकदमा अभी तक नहीं लिखा गया है। वह आला अधिकारियों के यहां न्याय की गुहार लगाएंगे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रधानाचार्य

## द्वितीय वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

**नैनी।** आर. डी. इंस्टीट्यूट फॉर कंम्प्यूटर एजुकेशन में द्वितीय वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। इंस्टीट्यूट के प्रबंधक रजनीश कुमार तिवारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाइयां दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहे सूर्योदय सिंह (डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर फ्र्रूरट) द्वारा बच्चों को राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन के बारे में जानकारी देते हुए बच्चो को कम्प्यूटर के क्षेत्र की उपलब्धियां को बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए इंस्टिट्यूट के प्रधानाचार्य नवनीत अग्रहरी के द्वारा पौध रोपण एवं बच्चों से उनकी प्रतिभा संबंधित पुरुस्कार दिया गया। समारोह मे छात्र छात्रो द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम व संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट के अध्यापक मोमिश पांडेय एवं दीक्षा गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया। अवसर 2023 कार्यक्रम में मिस्टर आर. डी. अनूप एवं आर. डी. संजना को चुना गया।


कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ गायक राजेश परदेशी व दुर्गा प्रसाद गुप्ता

### नये वर्ष के उपलक्ष्य में गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित

**मेजा।** क्षेत्र के बगहा चौकी स्थित एम एल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नये वर्ष के उपलक्ष्य में गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि भोजपुरी सम्राट गायक राजेश परदेशी और विशिष्ट अतिथि बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका रिया राज की उपस्थित रही ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने किया । उपस्थित बच्चो को परदेशी ने अपने गीतों के माध्यम से यातायात के प्रति जागरूक किया और जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया साथ ही बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ पर गीत गाकर लोगो को जागरूक करते हुए बेटियो पर भी ध्यान देने के लिए कहा , गायिका रिया राज ने काशी विश्वनाथ की आराधना करते हुए लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया और बच्चो को अपनी पढ़ाई अच्छे से करने के लिए प्रेरित किया स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी को गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया।अध्यक्षता करते हुए दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने सभी को धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन विपिन शुक्ला ने किया , इस दौरान निदेशक बबीता गुप्ता और विद्यालय के शिक्षक दिव्यांशु गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा,रिशु शर्मा,कमलेश शर्मा, अभिरंजन गुप्ता, विपिन शुक्ला, रोहन मिश्रा, नवदीप यादव,धीरेंद्र पटेल, अविनाश कनौजिया, विपुल यादव ,बिजेंद्र राय, गौरव पांडे,रवि पंडित शिक्षिकाएं सविता शुक्ला, सरिता तिवारी, इति सिंह, रीना यादव, पूजा त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# टोंस परिक्रमा को सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका में लाने की करुंगा प्रयास : योगेश

**प्रयास**

### बीजेपी नेता योगेश शुक्ल ने टौंस परिक्रमा के अनुभव की किया साझा

**मेजा।** भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने ग्यारह दिवसीय टौंस नदी की परिक्रमा यात्रा के दौरान पर्यटन स्थल के लिए कई घाटों को चिन्हित किया था। योगेश शुक्ल ने सोमवार को उन घाटों पर पुनः गए और लोगों से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इन घाटों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मैं पूरी कोशिश करूंगा। श्री शुक्ल ने इस दौरान लोगों से टौंश नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। योगेश शुक्ल ने टौंश नदी की परिक्रमा यात्रा के सुखद अनुभव को ग्रामीणों से साझा किया।

उन्होंने कहा कि यात्रा अविस्मरणीय तरीके से सुखद रही। प्रभु कृपा और समाज की सहज उदारता के कारण मुझ सहित मेरे सहयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। यात्रा की सफलता के लिए मैं और मेरे सहयात्री समाज , तटवासियों , मेरी पार्टी और सहयोगी दलों के कार्यकताओं तथा मीडिया के सदैव आभारी बने रहेंगे ।

यह परिक्रमा यात्रा दोनों तटों से होते हुए ११ दिन में लगभग १०० गावों से गुजरते हुए संपन्न हुई । अनुमान था कि दोनों तटों से होते हुए लगभग १५० किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी लेकिन जमीन पर चलने के बाद परिक्रमा यात्रा लगभग २५० किलोमीटर की हुई।

इस यात्रा में १० रात्रि का पड़ाव था। जिन १० गाँवों में रात्रि विश्राम हुआ उन सभी गाँवों में सायंकाल टोंस के तट पर भव्य आरती और दीपदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

श्री शुक्ल ने बताया कि इस यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगभग १०,००० लोगो की प्रत्यक्ष भागीदारी हुई तथा लगभग ५०,००० लोग यात्रा के साक्षी बनें । समाचार मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से लगभग १० लाख से अधिक लोगों तक टौंस की बात पहुँची ।


मदरहा गाँव मे योगेश शुक्ल का स्वागत करते प्रधान संग ग्रामीण

निजी आस्था से तय हुई इस यात्रा में सहज संवाद के कारण धर्म, संस्कृति, परम्परा, इतिहास, पर्यटन, पर्यावरण एवं स्वच्छता सहित लोक जीवन के भौतिक पहलू भी सार्थक चर्चा के विषय बनते गये।

यह यात्रा टोंस (तमसा) के प्रति मुझ सहित सभी सहयात्रियों की आस्था बढ़ाने , तट वासियों की धार्मिक भावना जगाने तथा उसकी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने में सफल रही।

टोंस तट और उसके तट वासियों का समग्रता से दर्शन करने की दृष्टि के कारण हमनें तट वासियों के जीवन में जिन कठिनाइयों का दर्शन किया है उसके समाधान के तीन स्तरों को चिन्हित किया गया है । वह यह कि कुछ उपाय सरकार के स्तर पर होंगे । कुछ उपाय समाज को खुद करना होगा । कुछ उपाय समाज और सरकार दोनों को संवाद और समन्वय के साथ मिलकर कर करना होगा।

लोंगों के जीवन की कठिनाइयों के समाधान के लिये मैं सभी स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाने की पूरी कोशिश करूँगा। उन्होंने कहा कि जो बात सरकार को बतानी है उसे सरकार से साझा करूँगा , जो बात समाज को बतानी है वो समाज से जनजागरण के माध्यम से साझा करूँगा ,जिन विषयों में सरकार और समाज के समन्वय की आवश्यकता है उसके लिए मैं अपने स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग लूँगा ।

यात्रा में प्रत्यक्ष अनुभव आया कि टोंस का जल काफी शुद्ध है लेकिन जगह जगह तटों पर कुछ गंदगी भी दिखाई पड़ी है । सुखद बात यह है कि ध्यान दिलाने पर तट वासियों ने लापरवाही को स्वीकार किया और भविष्य में तटों की स्वच्छता के लिये संकल्प व्यक्त किया है। इस यात्रा से अनुभव आया है कि टोंस के तटीय गाँवों तथा तटीय क्षेत्र में औषधीय वनस्पतियों की खेती, धार्मिक आश्रमों, पर्यटन केंद्रों, कारीगरी, रिवर स्पोर्ट्स के विकास की असीम संभावनायें हैं। योगेश शुक्ल ने कहा कि मैं प्रयाग राज के युवाओं से अपील करता हूँ कि वो अपने जनपद की इस महत्वपूर्ण नदी को नजदीक से जा कर एक बार जरूर देखें । पैदल परिक्रमा नहीं कर सकते हैं तो अपने वाहन से जायें । यकीन मानें ! टोंस - बेलन संगम से लेकर गंगा -टोंस संगम के मध्य टोंस तटों का प्राकृतिक सौंदर्य और तट वासियों का आत्मीय व्यवहार आपके दिल को जीत लेगा। आध्यात्मिक ऊर्जा की तलाश में लगे लोग एक बार चौकी और पानसा जरूर जायें और जा कर देखें कि कैसे एक साधारण नदी, टौंस का जल एक क्षण में ही दुनिया का पवित्रतम जल बन जाता है।

## मऊआइमा रेलवे फाटक पर हर रोज लग रहे जाम से लोग हो गए हैं त्रस्त


जाम में फंसे राहगीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के रेलवे फाटक पर ट्रेन आने के समय उमूमन फाटक बंद हो जाता है।जब फाटक खुलता है तो घंटों वाहनों के फंसने के अलावा पैदल चलने वाले लोग भी परेशान हो जाते हैं। इस रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग काफी अरसे से चली आ रही है।

मऊआइमा रेलवे फाटक पर ट्रेन आने के समय जब फाटक बंद हो जाता है तो खुलते ही दोनों ओर वाहनों और पैदल चलने वाले लोग घंटों जाम के झाम में फंसे रहते हैं। यदि एम्बुलेंस फंस जाता है तो मरीजों की हालत और खराब हो जाती है।यही नहीं कई बार एम्बुलेंस पर प्रसव पीड़ा की हालत गंभीर हो चुकी है। इसके अलावा मुबंई, कलकत्ता, दिल्ली आदि का टिकट होने के कारण प्रयागराज रेलवे स्टेशन तक पहुंते ही लोगों की ट्रेनें छूट जाती है। बताते हैं कि यदि कोई भी इस जाम में गर्मी के दिनों में बुरी तरह फंसा तो वह अफना कर बेहोश हो जाते हैं। हालांकि कई बार स्थानीय लोगों ने कस्बा के रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग जनप्रतिनिधियों से कर चुके केवल आश्वासन के आज तक जमीनी हकीकत कुछ नहीं देखायी दिया। स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग की है।

### रोडवेज की टक्कर से महिला डॉक्टर घायल, घंटों लगा जाम

**फाफामऊ।** पार्क तिराहा फाफामऊ के पास मंगलवार की शाम रोडवेज ने कार को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से कार सवार महिला डॉक्टर घायल हो गई। यह देख आस पास के लोग ने घायल महिला डॉक्टर को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया इसी बीच भीड़ बढ़ने से कुछ ही समय में भयंकर जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घंटों बाद जाम छुड़ाया। जानकारी के मुताबिक धूमनगंज की वैशाली वर्मा 35 वर्ष पेशे से डॉक्टर है। मंगलवार की शाम करीब 5 बजे कार से अपने घर की तरफ जा रही थी जैसे ही वह पार्क तिराहा के पास पहुंची सामने से आ रहे रोडवेज ने कार में टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर लगने से कार में सवार वैशाली घायल हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़ कर घायल महिला डॉक्टर को इलाज हेतु फाफामऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सड़क पर भीड़ बढ़ने से भयंकर जाम लग गया। शांतिपुरम से तेलियरगंज तक वाहनों की कतार लग गई। लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहे पुलिस ने घंटों बाद मशक्कत से रात करीब 7 बजे तक जाम छुड़ाया।


मतदान वर्णमाला खेल में शामिल छात्राएं

## मतदान वर्णमाला खेल से किया जागरूक

**करछना।** मतदाता जागरूकता को लेकर कई विधियों द्वारा युवाओं को जरूरी जानकारियां दी जा रहीं हैं। रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में मंगलवार को मतदाता वर्णमाला खेल द्वारा बच्चों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने इलेक्ट्रो लिटरेसी गेम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसको अमल में लाकर जागरूकता में सहायक बनाना जरूरी है।उन्होने मतदान को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और पुनीत कार्य बताते हुए एक अच्छे सच्चे प्रतिनिधि को चुनने में इसके प्रयोग को लोकत्रंत का सबसे मजबूत पक्ष बताया। बच्चों को उनके अपने घर के मतादाताओं समेत पास पड़ोस और गांव के लोगों के बीच भी यह जागरूकता फैलाकर अधिक से अधिक मतदान के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर सीनियर वर्ग के बच्चे, शिक्षक, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सर्द पछुआ हवाओं का कहर जारी, घरों में दुबके रहे लोग, राहगीरों का अलाव बना सहारा

**लालापुर।** लगातार चल रही पछुआ हवाओं का जारी है। दिन भर छाई धुंध व सर्द पछुआ हवा ने लोगों को परेशान किया हुआ है। ठिठुरन के चलते लोग घरों में ही दुबके रहने को मजबूर दिखे। ठंड के तीखे तेवर के बाद भी अलाव की आंच ठंडी पड़ने से गरीबों व जरूरतमंदों को पूस की सर्द हवाओं का कहर झेलना पड़ रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने व कंबल बांटने के प्रशासनिक दावे भी बस कागजों में सिमटे नजर आए। दूसरी तरफ खेती-किसानी से जुड़े लोगों की माने तो लगातार पड़ रहा कोहरा गेहूं के लिए वरदान तो सरसों सहित दलहनी व आलू की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित होगा। मौसम का मिजाज लगातार सितम ढा रहा है। सर्द बफीर्ली पछुआ हवा के चलने से ठिठुरन बरकरार है। ऐसे में जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप का असर बाजार में भी दिखने लगा है। आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने तापमान में और गिरावट का अलर्ट भी जारी किया है। क्षेत्रीय किसानों नेने बताया कि कड़ाके की ठंड व कोहरे का फायदा गेहूं तथा जौ की फसल को मिलेगा। जबकि सरसों व आलू की फसल को नुकसान होगा। ऐसे में किसानों को चाहिए कि नुकसान से बचने के लिए खेतों की सिंचाई करें तथा नमी बनाए रखें। इससे तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी। जो फसल को नुकसान से बचाएंगी। अरहर की फसल को भी कोहरे व पाले से नुकसान हो सकता है।


ठण्ड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते राहगीर

## कन्याओं को ऊनी मोजे पहनाकर सरदार पतविंदर सिंह ने जन्मदिन मनाया

### असहाय, गरीब, दीन, दुखियों की सेवा अच्छी पहल

**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने सर्दियों में कन्याओं को परेशानी न हो, कन्याओं को चरण स्पर्श कर पांव में ऊनी मोजे पहनाकर, ऊनी वस्त्र, टॉफियां, बिस्कुट अरैल स्थित बंजारा बस्ती में वितरित करते हुए अपना जन्मदिन उनके चरणों में मनाया ऊनी मोजे, कपड़े पाकर कन्याओं ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मौजूद विभिन्न क्षेत्रों में शिरोमणि महिलाओं, पुरुषों ने सरदार पतविंदर सिंह द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान के जरिए गरीब, दीन, दुखियों की सेवा के लिए लोगों को प्रेरित कर



सरदार पतविंदर सिंह अच्छी पहल कर रहे है। इस मौके पर हरमनजी सिंह, दलजीत कौर, एजाजुद्दीन, अनिता राज, रश्मि, स्मृति, अर्चना, संजय श्रीवास्तव, राजेश सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाजार से घर जा रहे युवक का मोबाइल छीनकर भागे पल्सर सवार

**उरुवा।** चौराहे पर से घर जा रहे युवक का मोबाइल छीनकर पल्सर सवार दो युवक भाग निकले। जैसे ही यह जानकारी बाजार के लोगों को हुई बाइक से पल्सर सवार युवकों का पीछा किया लेकिन सफलता नही मिली। पल्सर सवार उचक्के नौ दो ग्यारह हो गए। मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार निवासी सनोज कुमार सिंह का बेटा आलोक सिंह मंगलवार की शाम करीब 8 बजे।रामनगर के चिरैया मोड़ से पैदल घर वापस जा रहा था,जैसे ही आलोक कुछ दूर पहुंचा पीछे से आ रहे पल्सर सवार उचक्कों ने झपट्टा मार कर हाथ से मोबाइल छीन लिया। जबतक आलोक कुछ समझ पाता पल्सर सवार उचक्के भाग निकले। पीड़ित आलोक की गुहार पर बाजार के लोगों ने बाइक से पल्सर सवार उचक्कों का पीछा किया लेकिन सफलता नही मिली। तत्काल आलोक सिंह ने फोन कर फोन छिनैती की जानकारी पुलिस को दी। इसके पूर्व भी रामनगर बाजार और आसपास में कई युवकों का बाइक सवार उचक्कों ने मोबाइल छीन लिया था। लगातार हो रही मोबाइल छिनैती की कई घटनाओं से बाजार वाशियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# महिलाओं ने सावित्री बाई फुले को किया नमन

**खीरी।** 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन कड़ाके की ठंड में कोरांव तहसील क्षेत्र के महिलाओं ने देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल खीरी में एकजुट होकर श्रद्धा भाव से पुष्प अर्चना कर मनाई ।जिसमें सावित्रीबाई फुले महिला अधिकार संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष उमा कुशवाहा ने बताया कि महिलाओं को सर्वप्रथम पढ़ने लिखने का अधिकार सावित्रीबाई फुले के संघर्ष से प्राप्त हुआ। महिलाएं अगर पढ़ लिख कर आगे बढ़ेंगे तो दो घर परिवार रोशन होगा। तमाम तरह से इस तरह से कमजोर और शोषित महिलाओं के साथ अन्याय होता रहता है। अगर महिलाएं अपने हक अधिकार के लिए आगे आएं तो शोषण कम से कम होगा । आगे मंडल अध्यक्ष स्वेता भारती ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाएं पढ़ लिख कर डॉक्टर ,इंजीनियर, एसडीएम ,डीएम, वैज्ञानिक के पद को सुशोभित कर रही हैं ।क्या अनपढ़ ही महिलाएं भी उपरोक्त पद को सुशोभित कर पाएंगी।उस पद पर पहुंचने के लिए भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले द्वारा पढ़ने लिखने का अधिकार आज महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहायक है। आगे बताया गया कि सावित्रीबाई फुले को शिक्षित और आगे बढ़ाने में उनके पति ज्योतिबा राव फूले का बहुत बड़ा सहयोग रहा। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने गीत सुनाकर महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता का माहौल बनाया ।वही कक्षा 7 की छात्रा अदिति सिंह ने इंग्लिश भाषा में महिलाओं के सामने सावित्रीबाई फुले के जीवन वृतांत को विस्तार से बताई। कार्यक्रम में सीमा कुशवाहा ने सावित्री बाई के जैसा सभी महिलाओं को तिलक लगा कर स्वागत कीं।कार्यक्रम में आयोजक अनुज कुमार ने अंत में सभी मौजूद लोगो के प्रति आभार व्यक्त किए।बबलू कुशवाहा जन अधिकार पार्टी मंडल अध्यक्ष , संतोष कुशवाहा (बांदा) श्रीनाथ गुप्ता, राम अभिलाष (पूर्व कानूनगो) धनंजय कुशवाहा, मुनेंद्र विश्वकर्मा, लल्लू मांझी, गीता देवी, हरेराम सिंह, रीता सिंह, प्रतिमा कुशवाहा, संगीता आदिवासी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।


सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करतीं महिलाएं

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी (कृष्णा अर्पित इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन इलाहाबाद) इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी इलाहाबाद की B.Ed सत्र 2017-18, अनुक्रमांक 1711770141005 वास्तव में कहीं खो गया है। **अंजली पटेल पुत्री दीपचंद पटेल निवासिनी-ग्राम पटेला, पोस्ट सराय ममरेज, तहसील हंडिया, जनपद प्रयागराज।**

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी**

**नामान्तरण (दाखिल-खारिज) सूचना**

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर (पूर्व नगर पंचायत) के वार्ड नम्बर-07, मोहल्ला- नया नगर प्रथम के भवन/भूखण्ड स्वामी :- श्री मोहम्मद सईद पुत्र श्री अलीमान नया नगर प्रथम मंझनपुर, का नाम पंजीकृत बैनामा संख्या-1711/2012 (दिनांक 27.06.2012) के आधार पर खारिज कर उनकी जगह उपरोक्त भवन/प्लाट के स्वामी के रूप में श्रीमती फातमा खातून पत्नी श्री शकील अहमद निवासी- नया नगर प्रथम, मंझनपुर, कौशाम्बी का नाम संशोधन/संयोजन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन/संयोजन पर यदि किसी व्यक्ति/समूह/हितलामी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन/भूखण्ड संशोधित/संयोजित नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जायेगी। प्राप्त आपत्ति के साथ आपत्तिकर्ता लिखित साक्ष्य द्वारा मु0 एक हजार रूपये आपत्ति शुल्क के रूप में जमा करना होगा, जो आपत्ति के सही पाये जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जायेगी तथा गलत आपत्ति पाये जाने पर स्थिति में उपरोक्त आपत्ति शुल्क विभाग के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**न0पा0प0 मंझनपुर, कौशाम्बी।**

संख्या: 999(4)/न0पा0परि0मं0/2022 दिनांक-31-12-2022



प्रयागराज, बुधवार, 4 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर - ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

अन्दर : वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

## राहुल सत्य का कवच पहनकर चल रहे, इसलिए ठंड नहीं लगती : प्रियंका

**आगमन**

**अडाणी-अंबानी ने बड़े-बड़े नेता खरीदे, भाई को नहीं खरीद पाए**

**राहुल योद्धा, सत्य पथ से डिगेंगे नहीं : प्रियंका**

**राहुल गांधी दिल्ली लौटे, आज बागपत पहुंचेंगे**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नौ दिन के ब्रेक के बाद मंगलवार को यूपी पहुंची। गाजियाबाद में प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका के कंधे पर हाथ रखकर राहुल गांधी आगे बढ़ते दिखे। लोनी बॉर्डर पर बने मंच पर राहुल और प्रियंका एक साथ नजर आए। मंच से प्रियंका ने भाई राहुल को योद्धा बताया। प्रियंका ने कहा कि मेरे बड़े भाई... इधर देखो, सबसे ज्यादा गर्व आप पर है। सत्ता का पूरा जोर लगाया गया। सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च किए, इनकी छवि को खराब करने के लिए, लेकिन ये डरे नहीं। इन पर एजेंसी लगाई गईं। योद्धा हैं... योद्धा हैं। अडाणी-अंबानी ने बड़े-बड़े नेता खरीद लिए। देश की सरकारी संपत्ति खरीद लीं। देश की मीडिया खरीद ली, लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए। न खरीद पाएंगे।

उधर राहुल और प्रियंका गाजियाबाद में करीब 6 किलोमीटर पैदल चलने के बाद एक ही कार से दिल्ली लौट गए। राहुल और प्रियंका खजूरी पुस्ता रोड होते हुए दिल्ली गए हैं। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बताया कि राहुल गांधी का आज का पैदल चलने का टारगेट 25 किलोमीटर था। दिल्ली और गाजियाबाद मिलाकर राहुल 25 किलोमीटर पैदल चल चुके हैं।

अब कल सुबह बागपत के मवी लां से कफिर यात्रा में जुड़ेंगे। जबकि यात्रा के वढ कॉर्डिनेटर सलमान खुर्शीद ने कहा कि मुझे राहुल के लौटने की अभी कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले मंच से प्रियंका ने कहा कि कोई मुझसे पूछ रहा था कि आपके भाई को ठंड नहीं लगती। आपको डर नहीं लगता, इनकी सुरक्षा के लिए।



मेरा जवाब ये है कि ये सत्य का कवच पहनकर चल रहे हैं। भगवान इनको सुरक्षित रखेगा। सब साथ चलिए। एकता, सद्भावना, प्यार का पैगाम लेकर चलिए। इसके बाद दोनों ने लोगों का अभिवादन किया।₹ हालांकि मंच पर राहुल ने कोई स्पीच नहीं दी। यूपी में यात्रा शुरू करने से पहले राहुल ने दिल्ली में मरघट वाले हनुमान जी के दर्शन किए। इस दौरान पुजारी ने उनको गदा भी दी। राहुल की गदा उठाए हुए एक फोटो सामने आई है। भारत जोड़ो यात्रा 9 दिन के ब्रेक के बाद मंगलवार को शुरू हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वढ में 3 दिन में करीब 130 किलोमीटर पैदल चलने वाले हैं। इस दौरान यूपी के तीन जिलों गाजियाबाद, बागपत और शामली से यात्रा गुजरेगी। यह 11 विधानसभाओं को कवर करेगी।

### जयंत चौधरी ने यात्रा को किया सलाम

रालोद प्रमख जयंत चौधरी यात्रा में शामिल नहीं हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा– तप कर ही धरती से बनी ईंट छू लेती हैं आकाश ! भारत जोड़ो यात्रा के तपस्वियों को सलाम! देश के संस्कार के साथ जुड़कर उत्तर प्रदेश में भी चल रहा यह अभियान सार्थक हो और एक सूत्र में लोगों को जोड़ते रहे। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यात्रा शुरू होने से पहले कहा कि उप्र की हवाएं बता रही हैं, जल्द मौसम बदलने वाला है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन कार्यकर्ता शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो दूरियां थीं, वो खत्म हो गईं। यही इस यात्रा की सफलता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा थिएटर को नियम-शर्तें तय करने का अधिकार

**नई दिल्ली।** सिनेमा हॉल मालिकों को हॉल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री के नियम तय करने का पूरा हक है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह बात कही। सीजेआई ने कहा, 'सिनेमा देखने वालों के पास इन आइटम को न खरीदने का विकल्प है।' कोर्ट ने ये भी दोहराया कि सिनेमाघरों को बिना किसी शुल्क के पेयजल उपलब्ध कराना जारी रखना होगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि सिनेमा हॉल प्राइवेट प्रॉपर्टी है और वह इस तरह के नियम-शर्तें लागू कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई दर्शक सिनेमा हॉल में प्रवेश करता है, तो उसे सिनेमा हॉल के मालिक के नियमों का पालन करना होगा। मल्टीप्लेक्स में खाना बेचना कॉमर्शियल मामला है। ऐप के अनुसार, गुरुग्राम में एंबियंस मॉल और सिटी सेंटर मॉल में, पीवीआर पर पॉपकॉर्न की कीमत स्वाद और टेस्ट के आधार पर लगभग 340-490 रुपए है, जबकि पेप्सी की कीमत लगभग 330-390 है। वहीं बेंगलुरु के फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल में पीवीआर में पॉपकॉर्न की कीमत करीब 180-330 रुपए है।

## कोहरे और गलन से यूपी में जनजीवन बेहाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पारे का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। सोमवार रात से मंगलवार की सुबह तक प्रदेश में पारा 3.6 डिग्री तक जा पहुंचा। मौसम विभाग ने ठंड और बढ़ने व प्रदेश के अन्य जिलों में पारा गिरने व कोहरा बढ़ने के आसार जताए हैं। जनवरी के तीसरे हफ्ते में बूंदाबांदी के भी आसार जताए जा रहे हैं। मौसम विभाग के सुबह साढ़े आठ बजे के ऑब्जरवेशन के मुताबिक, कानपुर में न्यूनतम पारा 3.6 डिग्री दर्ज किया गया। अयोध्या में 5.5 और बाराबंकी में 6.6 डिग्री रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजीबाबाद में 4 डिग्री और मुजफ्फरनगर में 5.2 डिग्री रहा।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचआर रंजन के मुताबिक, कानपुर और नजीबाबाद शीत लहर की चपेट में सर्वाधिक हैं। जबकि हमीरपुर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़ आदि शहरों में ठंडे दिन ने लोगों को बेहाल कर जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया। लखनऊ में न्यूनतम पारा 7.6 डिग्री तक पहुंचा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार सर्दियां लंबी तो नहीं पर रिकॉर्ड तोड़ने वाली जरूर हो सकती हैं। एचआर रंजन के मुताबिक, मंगलवार से दो दिन और कोल्ड डे कंडीशन सक्रिय रहेगी। दिन में ठंड रहेगी। इसके बाद पांच से सात जनवरी तक सूखी ठंड रहेगी, जो चुभने वाली हो सकती है। 08 से 12 जनवरी के बीच न्यूनतम पारे के गिरकर तीन से चार डिग्री तक आने के आसार हैं। 20 से 22 जनवरी के आसपास बादल छाए रहने के आसार हैं। बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके बाद तापमान फिर सामान्य की ओर बढ़ेगा। ठंड कम होगी, हालांकि अचानक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता

**मौसम**

**कानपुर सबसे ठंडा, मौसम विज्ञानी बोले- नए रिकॉर्ड बनाएगी ठंड**



फरवरी के पहले हफ्ते में बूंदाबांदी करवा सकती है।

इस सीजन में तीन बार बूंदाबांदी के आसार हैं। तापमान तीन डिग्री तक आया तो साल 2014 का रिकॉर्ड टूटेगा। उस साल आठ जनवरी को पारा इतना ही रहा था। बीते वर्षों में जनवरी में पारे की बात करें तो वर्ष 2017 में न्यूनतम पारा .1 डिग्री तक आया था। 2019 में यह 5.3 डिग्री था। बीते साल 2022 में यह 4.5 डिग्री रहा था। बीते 12 सालों के ट्रेंड के मुताबिक जनवरी के दूसरे पखवारे के आसपास अच्छी बारिश हुई है। 2021 में यह एक मिमी. ही रही, लेकिन 2020 में 39.2 मिमी. बारिश हुई थी। 2012 में तो 55.4 मिमी पानी गिर चुका है। वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक सीएम नौटियाल कहते हैं कि 72 साल बाद पहली बार लगातार तीन ला निनया हो रहे हैं। नतीजतन भारत में अधिक सर्दी हो रही है। अफगानिस्तान, ईरान और हिंदुकुश से होती हुई सर्द जेट स्ट्रीम भारत की ओर बढ़ेगी।




## उप्र में अब एक ही आयोग से होगा शिक्षकों का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य में उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग कउ गठन जल्द कर लिया जायेगा। सीएम योगी ने यहां प्रदेश में शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच-साढ़े पांच साल से प्रदेश में संचालित विभिन्न चयन आयोगों की कार्यप्रणाली में शासन स्तर से अनावश्यक हस्तक्षेप न होने से आयोगों की कार्यप्रणाली में शुचिता और पारदर्शिता आई है। मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। प्रदेश में आये इस बदलाव का सीधा लाभ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक, उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग संचालित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी चयन की व्यवस्था लागू है। नीतिगत सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप दिया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाना चाहिए। शिक्षकों के समयबद्ध चयन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में आयोग उपयोगी सिद्ध होगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा बेसिक, माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाएगी।

**सीएम योगी ने दिया 'शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन का निर्देश**

## लविविः प्रो.आलोक राय ने दूसरी बार संभाला कुलपति का कार्यभार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने मंगलवार को दूसरी बार कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। मंगलवार की सुबह वह विश्वविद्यालय पहुंचे जहां उन्हें दोबारा से उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय में मौजूद प्रोफेसर और शिक्षकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रोफेसरों ने इस दौरान राज्यपाल के फैसले की भी सराहना की है। बता दें कि इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 30 दिसंबर को प्रोफेसर आलोक राय को लखनऊ विवि का दोबारा कुलपति बनाए जाने का आदेश जारी किया था। राज्यपाल के आदेश के मुताबिक आलोक राय का दूसरा कार्यकाल भी अगले 3 वर्ष के लिए होगा। प्रोफेसर कुलपति आलोक राय की कार्यशैली को राजभवन ने बेहतर मानते हुए उन्हें दोबारा कुलपति का दायित्व सौंपा है।

## बंगाल में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी

नई दिल्ली। बापू ने जब पूरे देश की यात्रा करने का मन बनाया तो उन्होंने साधन के तौर पर रेल को चुना था। इतिहास में कई ऐसे किस्से आते हैं जब पता चलता है कि महात्मा गांधी ट्रेन के तीसरे दर्जे में यात्रा किया करते थे। वह भारतीयों के करीब पहुंचना चाहते थे, उन्हें समझना चाहते थे। धीरे-धीरे भारतीय रेल देशवासियों के लिए लाइफलाइन बन गई। अमीरों के लिए तो स्पेशल प्लेन खड़े हैं लेकिन गरीब और मिडिल क्लास के लिए आज भी रेलवे परिवहन का सबसे सस्ता और सुरक्षित माध्यम है। भारत में रेलवे का इतिहास 170 साल पुराना है। छुक-छुक करती रेल ने भारत की गुलामी और आजादी की पहली सुबह देखी है। एक दिन में ढाई करोड़ लोगों को ढोने वाली रेलवे ने कोरोना महामारी का वो दौर भी देखा जब देशभर में उसके पहिए थम गए थे। अपने गांव, शहर से गुजरने वाली ट्रेनों से लोगों की यादें जुड़ी हैं। फिल्मों में ट्रेनों के दृश्य देख भारतीयों का मन 'छैंया-छैंया' करने लगता है। क्या बनते जा रहे हैं हम? क्या विरोध, गुस्सा या नाराजगी जताने के लिए हम सरकारी संपत्ति को बर्बाद करेंगे और हां, ये 'सरकारी' शब्द किसी दूसरे देश या किसी गैर के लिए नहीं होता है ये तो हमारे ही पैसों से खड़ी की गई संपत्ति और सुविधा होती है जिसे सरकारी कहा जाता है।

**चार दिन पहले ही पीएम ने दिखाई थी हरी झंडी**

## गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखायेंगे पीएम मोदी

**नदी पर्यटन**

**जलयान के स्वागत में होगा बैलून महोत्सव का आयोजन भी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** यहां से बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ की यात्रा पर जाने वाले दुनिया के सबसे लंबे क्रूज पर्यटन (गंगा विलास क्रूज) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पीएम क्रूज को वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे या उनका वाराणसी आगमन होगा। सूचना और जनसंचार विभाग यूपी ने ट्वीट कर जानकारी दी है।

स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क किया जा रहा है। फिर भी प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जलयान के स्वागत में बैलून महोत्सव का भी आयोजन किया जा सकता है। डिब्रूगढ़ से चले गंगा विलास जलयान को काशी तक पहुंचाने के लिए तीन पीपा पुलों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जहाजों के सुगम यातायात के लिए वाराणसी से डिब्रूगढ़ के बीच टर्मिनल बनाया गया है। जलमार्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयंत सिंह के मुताबिक, गंगा विलास वाराणसी के पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।



नदी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता से बीते 22 दिसम्बर को 32 स्विस पर्यटकों को लेकर रवाना हुआ जलयान छह जनवरी को वाराणसी पहुंचेगा। ये स्विस पर्यटक सात से 10 जनवरी तक वाराणसी के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। पर्यटकों के स्वागत के लिए रामनगर टर्मिनल के अलावा विकल्प के तौर पर रविदास घाट व नमो घाट पर कार्यक्रम कराने की तैयारी है। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, वाराणसी-गाजीपुर-मझऊआं-बाढ़ जलमार्ग को पटना-फरक्का जलमार्ग की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। इस जलमार्ग के शुरू हो जाने पर पूर्वांचल के बाजार की पहुंच दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से हो जाएगी। इस मार्ग से व्यापारी गतिविधियां तेज होने से किसानों और व्यापारियों को फायदा होगा।

## कंझावला एक्सिडेंट केस में नया मोड़

**दिल्ली हादसा**

**अंजलि की सहेली ने कहा- दोस्त ने पी हुई थी शराब**

**सहेली चिल्लाती रही, वह उसे घसीटते हुए ले गए**


**नई दिल्ली।** कंझावला सड़क हादसे में जान गंवाने वाली स्कूटी सवार लड़की की एक दोस्त ने कई खुलासे किए हैं। सहेली के खुलासे के बाद पूरे मामले में नया ट्विस्ट आ गया है। लड़की की सहेली निधि ने मीडिया से बातचीत में कहा कि है उसकी सहेली ने शराब पी हुई थी। निधि हादसे के समय स्कूटी पर पीछे बैठी हुई थी। निधि एक्सिडेंट के बाद मौके से फरार हो गई थी। निधि का कहना है कि टक्कर लगने के बाद कार सवारों को पता था कि उसकी दोस्त कार में फंसी हुई है। निधि ने बताया कि उस कार में कोई म्यूजिक नहीं बज रहा था। निधि ने कहा कि हादसे के बाद मैं डर गई थी। उसने कहा कि हादसे के बाद मुझे कुछ भी समझ नहीं आया, इसलिए मैंने पुलिस को फोन नहीं किया।

हादसे के बारे में निधि ने कहा कि रास्ते में अचानक सामने से कार ने हमें टक्कर मार दी। इसके बाद मैं साइड में गिर गई और मेरी सहेली कार के नीचे घुस गई। निधि ने कहा कि गाड़ी के नीचे उसका पैर या पता नहीं कुछ फंस गया। इस वजह से वह कार के नीचे से निकल नहीं पाई। निधि ने कहा कि उन्होंने कार को आगे पीछे किया। उस दौरान मेरी सहेली चिल्ला रही थी। इसके बाद वह उसे घिसटते हुए आगे लेकर चले गए। सहेली ने बताया कि हम लोग पार्टी कर के आराम से आ रहे हैं। उसे पहले मुझे घर छोड़ना था, उसके बाद उसे अपने घर जाना था। हादसे को लेकर निधि ने बताया कि कार में सवार को यह पूरी तरह से पता था कि गाड़ी के नीचे लड़की फंस गई है। उन्हें पता था कि गाड़ी के नीचे



महिला फंसी है। वह लोग जानबूझकर आगे लेकर गए। उन्होंने एक बार भी उतरकर नहीं देखा। निधि ने कहा कि हादसे के बाद मैं पूरी तरह से नाउम्मीद हो गई थी। निधि ने कहा कि मैंने इस बात की जानकारी अपनी मां और नानी को दी। मैं इतनी परेशान थी कि मुझे कुछ समझ नहीं आया कि मैं क्या करूं। मैं पैदल ही अपने घर आ गई थी।

राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके के कंझावला में कथित सड़क हादसे में जान गंवाने वाली लड़की का शव दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में उनके आवास पर पहुंचा दिया गया है। थोड़ी देर में लड़की का अंतिम संस्कार होगा। परिजन एंबुलेंस में ही बैठकर अंतिम संस्कार के लिए विजय विहार श्मसान के लिए निकल गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़िता के परिवार से बात करते हुए 10 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है। दिल्ली के स्पेशल कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) एसपी हुड्डा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम में लड़की के सिर, रीढ़ और बाएं फीमर पर चोटें और अधिक खून बह जाने से मौत होना बताया गया है। रेप की पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले पुलिस ने खुलासा किया था कि स?कूटी पर पीड़िता के साथ उसकी सहेली भी थी। टक्कर के बाद मृतका कार में फंस गई और उसे 12 किमी तक घसीटा गया। पहले 4 किमी घसीटने की बात सामने आई थी। स्कूटी पर जो दूसरी लड़की थी, वह हादसे के बाद मौके से भाग गई। उसे भी मामूली चोटें आई हैं।



## संक्षेप

### तारीक पर जा रहे पीड़ित को किया अगवा

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली के कमालपुर निवासिनी संगीता देवी पत्नी राम आसरे ने बताया कि चार माह पूर्व उसकी पुत्री वंदना उम्र लगभग 13 वर्ष का बलात्कार हुआ था, जिसकी रिपोर्ट थाना चरवा में दर्ज है। महिला के पति हाई कोर्ट तारीख पर जा रहे थे,जब 11 बजे तक कोर्ट नही पहुंचे तो हाई कोर्ट के वकील साहब ने महिला के पति के नंबर पर कॉल किया महिला के पति ने बताया कि मुझे 4 से 5 लोग मार्शल गाड़ी में कहीं ले जा रहे हैं। वकील साहब ने महिला के घर पर फोन कर सूचना दी। इसके बाद से अब तक महिला के पति का मोबाइल बंद बता रहा है।

### जिला उद्योग समिति की बैठक चार को

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 04 जनवरी 2023 को सायं 04 बजे उदयन सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गई है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने दी।

# 350 ली0 अपमिश्रित शराब बरामद, 30 कुंतल लहन कराया नष्ट


अवैध शराब बरामद कर लहन नष्ट करती पुलिस टीम

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अझुवा चौकी अंतर्गत धुमाई गांव में मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को पुलिस टीम ने भारी मात्रा में जहां अवैध अपमिश्रित शराब बरामद किया है, वहीं मौके से भारी मात्रा में लहन भी नष्ट कराया है।

बता दें कि एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर इन दिनों खाकी अवैध शराब पर अभियान चला रखी है। मंगलवार को अझुवा चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर गांव पहुंचे, जहां पूर्व ग्राम प्रधान राजबाबू पुत्र स्व. रामशरण के द्वारा अपने संरक्षण में सहयोगियों के साथ तबेले की आड़ में व्यापक मात्रा में अवैध शराब बनाई जाती थी, उक्त सूचना पर उपजिलाधिकारी सिराथू, क्षेत्राधिकारी सिराथू, थाना प्रभारी सैनी एवं चौकी प्रभरी अझुआ द्वारा दबिश दी गई तो 4 लोगों को रंगे हाथ अवैध शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके पर लगभग 350 लीटर अपमिश्रित शराब बरामद की गई तथा लगभग 30 कुंतल लहन नष्ट कराया गया एवं शराब बनाने के उपकरण तथा एक मोटर साइकिल 73, 1658 तथा एक डायरी जिसमे अपमिश्रित शराब के खरीदारों का हिसाब किताब लिखा हुआ है बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना स्थानीय में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मारपीट में तीन के खिलाफ केस दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सटई गांव में रंजिशन कुनबे को पीटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

सटई गांव निवासी विनोद कुमार मजदूरी करता है। उसकी पत्नी शिखा घर में गोबर का लेप लगा रही थी। इसी दौरान उसका जेठ मनोज घर में गड्ढा खोदने लगा। शिखा के विरोध करने पर वह गाली गलौज करने लगा। मौके पर जुटे परिजनों ने मामला शांत कराया। शिखा ने घटना की जानकारी मायके में दी। पिता रामचंद्र शिखा के जेठ के घर उलाहना देने गए। आरोप है कि जेठ राजेंद्र ने बेटे संजय के साथ मिलकर लाठी से उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंची शिखाए बहन गिरिजा व भाई रूपचंद्र को भी पीट दिया। घायल ने थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डेढ़ दर्जन नामजद, 15 अज्ञात, पांच गिरफ्तार

**अवैध निर्माण**

**घटना के बाद से गांव में पसरा सन्नाटा**



घटना के बाद गांव में मौजूद पुलिस बल

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अर्का महावीरपुर के अर्का फतेहपुर गांव में हो रहे अवैध निर्माण को चौकी इंचार्ज अजीत उपाध्याय पुलिस बल के साथ रोकने गए, विपक्षी की तरफ से हुए पथराव में चौकी इंचार्ज अजीत उपाध्याय के सर में चोट लगी और सिपाही भी घायल हुए थे। इसी बावत महावीर पुर पुलिस चौकी इंचार्ज की ओर से तहरीर दिया गया। जिसके उपरांत विपक्षियों पर 147, 148, 149, 308, 332, 333, 337, 338, 353, 427 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

संतोष कुमार पुत्र केशव प्रसाद, शिमला देवी पत्नी रामहित, पवन कुमार पुत्र केशव, केशव प्रसाद पुत्र दूनीए, सोना देवी पति संतोष कुमार, सरोज देवी पति पवन कुमार, पंकज पुत्र रामहित, श्यामलाल पुत्र बुदुन,बलराम पुत्र जगरूप, तेज कुमार पुत्र दुखी, राम दुलारे पुत्र दूनी, सालिक पुत्र राम दुलारे, फूल चंद पुत्र दूनी, सपना पुत्री संतोष, पूजा पुत्री संतोष, शुभम पुत्र संतोष, रामहित पुत्र भोंदू, सुरेश पुत्र भुल्लन, कुल 18 लोगों को नामजद और 15 अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। कहा जा रहा है कि सरोजनी देवी पत्नी राम लखन निवासी अर्का महावीर पुर के नाम यह जमीन 17 दिसंबर 1993 को राजपति पत्नी मुन्नू लाल निवासी अर्का फतेहपुर से खरीदी गई थी, सरोजनी देवी के मृत्यु के बाद उनके पुत्रों कृष्ण प्रकाश, ज्ञान प्रकाश आदि के नाम दर्ज हो गई जिसका खसरा संख्या 21 है उसी जमीन के पास खसरा संख्या 19 में संतोष आदि की जमीन है। कृष्ण प्रकाश और ज्ञान प्रकाश के अनुसार उनकी जमीन पर संतोष अवैध निर्माण कर रहे थे जिसकी पत्थर गड़ी भी हो चुकी थी। उसके बावजूद भी विपक्षी निर्माण कर छप्पर डाल दिए थे। अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए स्थगन आदेश के साथ ज्ञान प्रकाश ने 2 जनवरी 2023 को कोतवाली करारी में प्रार्थना पत्र दिया। सोमवार की रात ज्ञान प्रकाश की सूचना पर अर्का महावीर पुर चौकी प्रभारी अजीत उपाध्याय अपने मय हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विपक्षी को स्थगन आदेश दिखाते हुए निर्माण रोकने के लिए विपक्षी पर दबाव बनाते हुए शक्ति की। आक्रोशित होकर संतोष पक्ष के लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। पथराव में दरोगा अजीत उपाध्याय का सिर फट गया जबकि सत्य प्रकाश शर्मा, सिपाही मुकुल, राम सिंह, अनुराग, जयंत आदि को मामूली चोटें लगी। सूचना मिलने पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा.बुझाकर मौके पर शांति व्यवस्था कायम करायी। अभी घटना स्थल पर पुलिस बल मौजूद है।

## दबंगों ने युवक को पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी गांव में सोमवार शाम दबंगों ने युवक को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महमूदपुर मनौरी निवासी राज केसरवानी का पड़ोसी से विवाद चल रहा है। सोमवार की शाम भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। तीखी झड़प के बाद पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल युवक पर हमला बोल दिया। युवक को पीटकर लहूलुहान कर दिया। युवक की चीख सुन घर.परिवार के साथ गांव के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित संजीवए राजूए शुभम समेत आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी का निर्देश

**कौशाम्बी।** दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा.8 सहपठित उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम.6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिश्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस के आदेश दियें है, जहॉ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रभावी रहेंगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने बताया कि दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान ;चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान को छोड़कर तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया.करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम.पूरब शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के मौली गांव में सोमवार शाम संदिग्ध दशा में किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मौली गांव निवासी लालता प्रसाद कोरी किसान है। लालता की 16 वर्षीय बेटी साधना का शव सोमवार शाम धन्नी में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। किशोरी के पिता लालता ने बताया कि एक युवक बेटी के मोबाइल पर कॉल कर परेशान करता था। उसी से आहत आकर बेटी ने खुदकुशी की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंगे हाथ पकड़े गए लुटेरे का मारपीट की धारा में हुआ चालान

**कनैली, कौशाम्बी।** सराय अकिल के बेरुई चौकी इंचार्ज के कारनामों की चर्चा इन दिनों पूरे इलाके में आम है। ग्रामीणो का आरोप है कि लूट के आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। जिसमें चौकी इंचार्ज ने लूट के आरोपी से मिली भगत से अधिकारियों को गुमराह कर पीड़ित के ऊपर दबाव बना कर तहरीर बदलवाने में कामयाब हो गया। लूट के आरोपी को मात्र शांति भंग में चालान कर अपना पल्ला झाड़ लिया है। चौकी इंचार्ज का यह कारनामा इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### किशोरी लापता मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज इलाके के एक गांव की किशोरी संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। किशोरी को घर से गायब देख परिजनों ने खोजबीन शुरू कीए इसके बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। खोजबीन करते हुए देर शाम किशोरी का पिता थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी। उधर किशोरी के लापता होने के बाद से परिजनों के लोग अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।

# किराना दुकानदार से लूट, किया घायल

**लूट**

**सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोठी नगरेहा का मामला**

**कनैली, कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोठी नगरेहा निवासी अली अहमद पुत्र कुद्दूस परिवार की जीविका चलाने के लिए बगल के गांव बेरुई में किराने की दुकान खोल रखी है। रोज की तरह अली अहमद शनिवार की रात 8बजे अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से अपने घर नगरेहा जा रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप नहर पुलिया पर 6 लोग घात लगाए खड़े थे। पास पहुंचने पर खड़े बदमाशों ने पीड़ित को रोका। नहीं रुकने पर बदमाशों ने उसके मुंह पर डंडे से मारकर गिरा दिया। जिससे पीड़ित मोटरसाइकिल सहित जमीन पर गिर पड़ा। गिरने पर बदमाश टूट पड़े और लूट पाट करने लगे। पीड़ित के जेब में रखा दुकान के बिक्री का 2500 नकद व मोबाइल लूट कर पीड़ित को डंडे व तमंचे के बट से पिटाई की गई। पीड़ित के चिल्लाने पर वहीं खेत की रखवाली कर रहे किसान टूट पड़े। लोगों को आता देख बदमाश भागने लगे उसी दौरान लोगों ने दौड़ाकर एक बदमाश को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले आई। पकड़े गए बदमाश के ऊपर 5 माह पहले सराय अकिल थाने में भैंस चोरी का मामला दर्ज हुआ था जिसमें वह जेल भी जा चुका है। अभी 1 सप्ताह पहले गांव के ही भारत पर चाकू से हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मामले की शिकायत सराय अकिल पुलिस से की गई थी लेकिन पुलिस ने दोनों पक्ष को सुला कराकर मामले को रफा दबा कर दिया था। इसी तरह एक महीने पहले नरसेनी गांव का अबरार अपने रिश्तेदारी में नगरेहा गांव आया था रात में उसी जगह पर बदमाशों ने उसे अधमरा कर उसकी मोटरसाइकिल लूट ली थी। शिकायत के बाद भी पुलिस ने मामले को दर्ज नहीं किया 1 सप्ताह बाद उसकी मोटरसाइकिल रक्सराई गांव के तालाब में पड़ी मिली थी। इसी स्थान पर बदमाश घूम घूम कर कई लूट की वारदातों को भी अंजाम दे चुके हैं। लेकिन पुलिस मामले को दर्ज नहीं करती जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### रिश्तेदार ने किशोरी को किया अगवा, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार पर किशोरी को अगवा करने का आरोप लगा है। पीड़ित परिजनों ने घटना की तहरीर थाने में दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। इलाके के एक गांव का युवक मजदूरी करता है। युवक के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी को कोखराज इलाके के एक रिश्तेदार ने कुछ दिन पहले अगवा कर लिया। बेटी की तलाश के दौरान सुराग लगा कि बसेढ़ी का एक रिश्तेदार ने उसकी बेटी को अगवा कर लिया है। परिजनों ने थाने में आरोपित रिश्तेदार के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घटिया सामाग्री : नाली में बह गया सरकारी धन


गांव में बनाई गई नाली हुई ध्वस्त

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशांबी के मुड़िया डोली गांव में दो माह पहले बनाई गई नाली निर्माण में ग्राम प्रधान व सचिव ने भारी अनियमितता की है। जिसका नतीजा यह रहा कि बनने के दो महीने बाद ही नाली ढह गई।

क्षेत्र के गोइठा ग्राम पंचायत के मजरा मुड़िया डोली में नरेगा के तहत दो महीने पहले लाखों रुपए की लागत से कपिल यादव के घर से मोनू तिवारी के खेत तक तकरीबन 50 मीटर नाली का निर्माण कराया गया था। जिसमें जिम्मेदारों ने जम कर खेल किया। नाली के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तमाल किया गया है। जिसका नतीजा यह रहा कि बनने के महज 2 महीने बाद ही नाली धराशाई हो गई। ग्राम प्रधान व सचिव ने लाखों रुपए का भुगतान भी करा लिया है। मानक के विपरीत कराए जा रहे नाली निर्माण व घटिया सामग्री लगाने को लेकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की थी। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सचिव व ग्राम प्रधान ने धन का बंदरबांट कर लिया है। हालांकि गांव के तमाम बुद्धिजीवियों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जांच कराए जाने की मांग किया है।

# सामाजिक परिवर्तन में अधिवक्ताओं की विशेष भूमिका : सांसद

**लोकार्पण**

**नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का सांसद विनोद सोनकर ने किया लोकार्पण**


नवनिर्मित पुस्तकालय का लोकार्पण करते सांसद विनोद सोनकर

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशांबी सांसद विनोद सोनकर मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन मंझनपुर के तत्वाधान में आयोजित नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उक्त बाते कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया वह कार्यक्रम का संचालन तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार मिश्रा ने किया बतौर मुख्य अतिथि कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि अधिवक्ता समाज आजादी के समय से ही सामाजिक परिवर्तन के साथ.साथ देश की आजादी में विशेष भूमिका निभाए। आजादी की लड़ाई में सैकड़ों हजारों अधिवक्ताओं की महती भूमिका थी अधिवक्ता समाज का दर्पण होता है जिससे समाज का प्रत्येक व्यक्ति कुछ ना कुछ सीखने का प्रयास करता है, अधिवक्ता समाज हमेशा न्याय की लड़ाई लड़ने का कार्य करता है जो गरीबों और मजदूरों की मदद करने को हमेशा तैयार रहता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान बार काउंसिल सदस्य जानकी शरण पांडे भी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम के साथ ही पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल बालेंद्र धर द्विवेदी बार एसोसिएशन सिराथू अध्यक्ष आद्या प्रसाद पांडे दिनेश पांडे कमलाकांत सोनी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी है।

## रंजिशन घर में घुसकर की मारपीट, पांच पर केस

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र के बारा गांव में सोमवार की शाम दबंगों ने घर में घुसकर अधेड़ को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बारा निवासी जगदीश प्रसाद का गांव के ही युवक से रंजिश चल रही है। सोमवार की शाम दोनों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद युवक साथियों के साथ जगदीश के घर पहुंचा। घर के बाहर बैठे जगदीश को पीट दिया। पड़ोसी के घर मारपीट देख आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित छोटू समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सफाईकर्मी के न आने से लगा गंदगी का अंबार

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के भदवां गांव में तैनात सफाईकर्मी कई महीने से नदारद है। सफाई न होने से नालियां गंदगी से पट चुकी हैं। गलियों में जगह.जगह कूड़े का ढेर लगा है। इससे लोग संक्रमण फैलने की आशंका से भयभीत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अफसर गांव की सफाई नहीं करवा रहे हैं। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से नियमित सफाई कराने की गुहार लगाई है।

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### केवी ओल्ड कैंट ने फोर्ड स्कूल को हराया

**प्रयागराज।** केवी ओल्ड कैंट ने फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब को 54 रन से हराकर 5 मैचों की क्रिकेट सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। फोर्ड स्कूल मैदान पर खेले गए मैच में केवी ओल्ड कैंट ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 240 रन (शिवांश 58, ईशान सिंह 47, अनुज यादव 34, आर्यन मिश्र 3/29, सौरभ तिवारी 3/33) बनाये। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की टीम 26.3 ओवर में 186 रन (सौम्य पाठक 63, प्रभात 23, प्रियांशु सिंह 3/23, ईशान सिंह 2/31) पर सिमट गई। ईशान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## नये यमुना पुल पर वाहन चेकिंग के दौरान कार ने एआरटीओ को कुचला, हालत गंभीर

**प्रयागराज।** नैनी के नए यमुना ब्रिज पर कार की टक्कर से एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। आनन फानन उन्होंने जीवन ज्योति हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक देख उन्हें लखनऊ मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक शुरूआती 15 दिन एआरटीओ के लिए अहम हैं। घटना की जानकारी होते ही डीएम, आरटीओ सहित तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है। एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता मंगलवार को भोर में नए यमुना पुल पर अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। भोर में करीब पांच बजे एक गाड़ी के नंबर प्लेट का फोटो खींचने के लिए जैसे ही वह सड़क पार कर रहे थे कि तेज रफ्तार एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में एआरटीओ दूर गिरे। इससे उनके सिर में गंभीर चोटे आई। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। कर्मचारियों ने एआटीओ को तत्काल जीवन ज्योति हास्पिटल रामबाग में भर्ती कराया। सिर से लगातार रक्तस्राव हो रहा था। हालत गंभीर देख उन्हें मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने एआरटीओ को टक्कर मारने वाले वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चालक करछना के भुंडा गांव का रहने वाला है। पूछताछ में पुलिस को उसने बताया कि वह दर्शन करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी ऑल्टो कार के सामने एआरटीओ आ गए।



मौके पर पहुंचे डीसीपी



एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता

### एमए के छात्र को किया अगवा पिस्टल सटाकर पीटा, चार खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में एमए के छात्र आशुतोष शुक्ला (20) को अगवा कर लिया गया। कछार में ले जाकर अपहताओं ने उसे पिस्टल सटाकर पीटा और गोली मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आशुतोष ताराचंद छात्रावास में रहता है और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एमए मॉस कम्युनिकेशन का छात्र है। उसने बताया कि सोमवार को वह एलनगंज में चाय पीने गया था। आरोप है कि इसी दौरान एलनगंज में रहने वाला ललित दुबे व उसके तीन अन्य साथी पांच-छह अज्ञात संग आ धमका। इसके बाद उसे पिस्टल दिखाकर पीटते हुए बाइक समेत बघाड़ा कछार में ले गए। वहां उसे जमकर पीटा और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद हमलावर भाग निकले। कछार से निकलकर उसने सूचना दी तो 112 नंबर पुलिस पहुंची। जानकारी मिलने पर एसीपी राजेश कुमार यादव, कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय भी आ गए। भुक्तभोगी को विवि चौकी ले जाया गया, जहां उससे घटना के बाबत पूछताछ की गई। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि भुक्तभोगी ने ललित दुबे समेत तीन अन्य नाम बताए हैं। इसके साथ ही बताया कि हमलावरों में छह अज्ञात भी शामिल थे। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## माफिया मुख्तार अंसारी के साले को राहत, हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद की गैंगस्टर केस में जमानत मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश दिया है। 31 जनवरी 2022 को मऊ के दक्षिण टोला थाने में अनवर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई थी। अनवर इस समय गाजीपुर की जेल में बंद है अनवर की जमानत पर अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने बहस की। अनवर शहजाद के भाई आतिफ रजा उर्फ सरजील को पहले ही इस मामले में जमानत मिल चुकी है। सरकारी जमीन कब्जाने के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जस्टिस सैयद वैज मियां की सिंगल बेंच ने जमानत अर्जी मंजूर की। आतिफ रजा को जेल से निकलते ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। अब देखना यह होगा कि अनवर शहजाद के गाजीपुर जेल से रिहा होने पर ईडी उसे गिरफ्तार करती है या नहीं।

### नाबालिग का अश्लील वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप में शेयर करने के आरोपी को जमानत देने से इन्कार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग का अश्लील वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप्स में डालने के आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इन्कार कर दिया है और गाजियाबाद की सीबीआई की विशेष अदालत को छह माह में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डी के सिंह ने झांसी के एरच थाना क्षेत्र के रामगंज गांव के रामजी की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। अर्जी पर सीबीई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश व संजय यादव ने प्रतिवाद किया। याची का कहना था कि उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। झूठा फंसाया गया है, जबकि सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि आरोपी ने नाबालिगों का अश्लील वीडियो 55 वाट्स एप ग्रुप्स पर शेयर किया है। 311 वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप्स पर अपलोड किया है। इससे उसने 34.798 डालर की कमाई की है। अपराध में पूरी तरह से लिप्त है। कोर्ट ने आरोप की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

## प्रथम शिक्षिका थी माता सावित्री बाई फुले : प्रेम शंकर कुशवाहा



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**माण्डा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना के तत्वाधान में ग्राम सभा सैबसा, बभनी हेठार माण्डा विधानसभा मेजा इलाहाबाद में भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रेम शंकर कुशवाहा ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम शिक्षिका हैं जो सदियों से शोषित वंचित पीड़ित बहुजन समाज को शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया।माता सावित्री बाई फुले के गुरु खुद उनके पति ज्योतिबा राव फुले थे जो कि अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले व सहपाठी फातिमा शेख के साथ मिलकर पुणे के उस्मान शेख के मकान में बहुजनों का प्रथम विद्यालय की स्थापना किया। जिससे कि बहुजन समाज के लिए शिक्षा का मार्ग खुल सका और भीम सैनिकों को सम्बोधित करते हुए सनाउल्ला खान संस्थापक भीम सेना ने कहा कि बहुजन समाज को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज में फैली बुराईयों के खिलाफ मुखर होते हुए अपने हक अधिकार स्थापित करना चाहिए।

सावित्री बाई फुले जयंती समारोह स्वाभिमान दिवस के मौके पर विशेष रूप से सुरेश चंद्र राव, जावेद आलम, जय शंकर भारतीय, जय नारायण, बृजलाल चौधरी, अनूपा आदिवासी, समिना शेख, लल्लन लहरी, विनोद रावत, संगम लाल भारतीय, राजेश माण्डा, अजित कुमार, राजिव, इस्लाम अली, समर बहादुर, गौरी शंकर, दीपक चौरसिया, कल्पना चौधरी आदि पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किया अध्यक्षता चिंता मणि गौतम व संचालन प्रेम मेकार्टी ने किया।

### पीसीएस और एसीएफ/ आरएफओ प्रारंभिक परीक्षा 14 मई को

**प्रयागराज।** सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) एवं सहायक वन संरक्षक (एसीएफ)/ क्षेत्रीय वन अधिकारी (आरएफओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 इस वर्ष 14 मई को आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सोमवार को भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया, जिसमें छह भर्तियों की आठ परीक्षाओं को शामिल किया गया है। आयोग के सचिव आलोक कुमार की ओर जारी वर्ष 2023 के कैलेंडर के अनुसार आठ जनवरी को चिकित्साधिकारी, आयुर्वेद (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2022, नौ एवं 10 जनवरी को सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा-2022, 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक परीक्षा-2022 और 19 मार्च को खान निरीक्षक (मुख्य) परीक्षा-2022 का आयोजन किया जाएगा। 14 मई को पीसीएस एवं एसीएफ/आरएफओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 और 23, 24 एवं 25 मई को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य परीक्षा-2023 आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 23 सितंबर से पीसीएस मुख्य परीक्षा-2023 और नौ अक्तूबर से एसीएफ/आरएफओ मुख्य परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्य सचिव व डीजीपी ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**जायजा**

**मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में ली जानकारी, श्रद्धालुओं ने मेला क्षेत्र में की गयी व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की**

**प्रयागराज।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं पुलिस महानिदेशक डी०एस० चौहान ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संगम नोज पर पहुंचकर स्नानघाटों को देखा। वहां पर उन्होंने श्रद्धालुओं से मेले में की गयी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। श्रद्धालुओं के द्वारा मेले में अच्छी व्यवस्था होने के बारे में बताया गया। संगम नोज के पास ही मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने शम्भूनाथ इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों जो कि मेला क्षेत्र में वालंटियर के रूप में तैनात किए गए है, उनसे बातचीत की तथा छात्रों को श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों का सहयोग एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से उपलब्ध कराये गये ट्रैक सूट को वालंटियर छात्रों को वितरित किए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों का इस भाव से सेवा और सहयोग करें कि वे अच्छा संदेश लेकर मेला क्षेत्र से जाये। संगम नोज पर मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि मेले में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था है, पानी भी बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप माघ मेले को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि माघ मेला 2023 महाकुम्भ-2025 के रिहर्सल के रूप में है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 में लगभग 40 करोड़ लोगो के आने की सम्भावना के दृष्टिगत तैयारियां अभी से प्रारम्भ कर दी गयी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं डीजीपी चौहान बड़े हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किया तथा माघ मेला के सकुशल सम्पन्न होने की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी अरविंद चौहान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेते मुख्य सचिव व डीजीपी

## पीडीए ने अवैध प्लाट कराया ध्वस्त

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सोमवार को अभिनव रंजन श्रीवास्तव, ओ०एस०डी० जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या - 02ए एवं 2बी क्षेत्र के अन्तर्गत ससुर खदेरी नदी के निकट नई रेलवे लाइन के पास देवघाट, प्रयागराज में लगभग 20 बीघा में एवं नई रेलवे लाइन के पास शांहा उर्फ पीपल गांव झलवा, प्रयागराज में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को मौके पर ध्वस्त करा दिया गया है।

उपर्युक्त कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त, थाना धूमनगंज, अवर अभियंता जे०एम० सिंह एवं पी०डी०ए० प्रवर्तन टीम आदि उपस्थित रहें।

## कोर ने कैलेंडर वर्ष 2022 में 4856 रूट किलोमीटर का रेल विद्युतीकरण कर रचा नया कीर्तिमान

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना-ब्रॉड गेज रूटों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को मिशन मोड पर आगे बढ़ाते हुए नित नये आयाम गढ़ रहा है। इसी क्रम में इसकी गुवाहाटी परियोजना ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के लामडिंग मण्डल के सेंचोवा-सिलघाट टाउन (60.7RKM) खण्ड, चेन्नई परियोजना ने दक्षिण रेलवे के मदुरै मण्डल के तिरुनेलवेली-तिरुच्चेंदूर (61RKM) खण्ड, कोलकाता परियोजना द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मण्डल के सांकी-बरकाकाना (31RKM) खण्ड, बेंगलुरु परियोजना द्वारा दक्षिण पश्चिम रेलवे के केएसआर बेंगलुरु, मैसूर एवं हुबली मण्डल के संपिगे रोड- करडि- अरसीकेरे (62RKM), बीरूर- मसरहल्लि (40RKM) एवं होसपेटे- व्यास कॉलोनी (19RKM) खण्ड, अम्बाला परियोजना द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे एवं उत्तर रेलवे के बीकानेर एवं फिरोजपुर मण्डल के बैनीसर-नापासर-बीकानेर ईस्ट (52.8RKM) एवं जालंधर शहर-लोहियाँ खास (52RKM) खण्ड, सिकंदराबाद परियोजना द्वारा दक्षिण मध्य रेलवे के हजूर साहिब नांदेड़ मण्डल के कोसाई-हिमायतनगर (82RKM) एवं रोटेगाँव-औरंगाबाद (60RKM) रेल खण्ड तथा इसी प्रकार अहमदाबाद परियोजना द्वारा पश्चिम रेलवे के बड़ोदरा मण्डल के नाडियाद-कपडवंज (45RKM) रेल खण्ड का प्रधान मुख्य विजली इंजीनियर के द्वारा निरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

बैनीसर-नापासर-बीकानेर ईस्ट रेल खण्ड के विद्युतीकरण के बाद बीकानेर ईस्ट से बीकानेर तक का खण्ड शेष है जिसका शीघ्र विद्युतीकरण कर दिया जायगा। इससे दिल्ली से बीकानेर तक की रेल गाडियाँ पूर्णतः विद्युतीकृत रूट पर चलेंगी। जालंधर शहर-लोहियाँ खास रेल खण्ड पर रेल कोच फैक्ट्री स्थित है। अब विद्युतीकृत रेल मार्ग होने से रेल कोच फैक्ट्री में तैयार रेल डिब्बों को विद्युत इंजन से संचालित किया जा सकेगा।

प्रमोद कुमार महाप्रबंधक/कोर के कुशल निर्देशन में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने इस कैलेंडर वर्ष में 4856 रूट किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही तक कुल 1940 रूट किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण कर एक नया रिकार्ड स्थापित किया है। इसमें केवल दिसम्बर 2022 में 565 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। रेल विद्युतीकरण हो जाने से खण्डों की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। इससे रेल गाड़ियों की गति में तीव्रता एवं आसान कनेक्टिविटी के साथ-साथ क्षेत्र में होने वाले सामाजिक व आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण के अनुकूल एवं किफायती होने के साथ ही कर्षण परिवर्तन की जरूरत नहीं होगी। कोर के महाप्रबन्धक प्रमोद कुमार ने सभी कोर परियोजनाओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि कोर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने के लक्ष्य की ओर निरन्तर अग्रसर होकर देश के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने में अहम रोल अदा कर रहा है। साथ ही अगली तिमाही में लक्ष्य प्राप्ति हेतु अथक प्रयास करने का आह्वान किया है।

## प्रयागराज जंक्शन पर पटरी से उतरा काशी एक्सप्रेस का कोच

**प्रयागराज।** गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस का एक कोच मंगलवार की सुबह पटरी से उतर गया। प्रयागराज जंक्शन पर सुबह 8:30 बजे के पास यह वाकया हुआ। गनीमत रही कि इस घटना से प्रयागराज जंक्शन पर रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा ना ही किसी यात्री को कोई चोट लगी।

काशी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक से गोरखपुर के बीच चलती है। मंगलवार की सुबह तकरीबन 1 घंटे की देरी से ट्रेन जंक्शन 8:15 बजे के आसपास पहुंची थी। निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन जैसे ही गोरखपुर के लिए रवाना हुई तो प्लेटफार्म नंबर 9 पर इंजन के पीछे पावर वैगन जिसे जनरेटर कोच भी कहा जाता है उसके दो पहिए पटरी से उतर गए। पहिए के उतरते ही जंक्शन पर सायरन बजना शुरू हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे के तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ट्रेन के कोच को वापस पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू हुआ। 10:00 बजे तक कुछ को पटरी पर चढ़ाया जा चुका था। इसके बाद ट्रेन वापस पर प्लेटफार्म नंबर 9 पर ली गई और उसका पावर वैगन काटा गया। इसके बाद ट्रेन में एक दूसरा कोच जोड़े जाने की कार्रवाई शुरू हुई दोपहर 12:00 बजे तक ट्रेन जंक्शन से रवाना नहीं हो सकी थी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि हादसे की वजह से रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

बता दें कि काशी एक्सप्रेस देश की लंबी दूरी की ट्रेनों में से एक है। यह तीन राज्यों से होकर गुजरती है। यह ट्रेन महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक से प्रारंभ होकर मध्य प्रदेश को पार करते हुए प्रयागराज जंक्शन होते हुए गोरखपुर तक जाती है।

## सावित्रीबाई फुले को बच्चों ने किया याद

**संकल्प**

**सावित्रीबाई फुले के सपनो को साकार करने का लिया संकल्प**

**प्रयागराज।** लोग सावित्रीबाई फुले पर कीचड़ और पत्थर फेंकते रहे और सावित्रीबाई फुले भारत की बेटियों को शिक्षित करती गई। भारत देश की प्रथम महिला शिक्षिका, सामाजिक क्रान्ति की अग्रदूत, नारीमुक्ति आंदोलन की जनक, दलितों, पिछड़ों महिलाओ के लिए पहला स्कूल खोलने वाली भारत की प्रथम महिला, शिक्षिका, समाज सुधारिका, जातिवाद, अशिक्षा, अज्ञान के खिलाफ आजीवन संघर्ष करने वाली क्रांतिज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर प्रबुद्ध फाउंडेशन और राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये आयोजित प्रस्तुतिपरक शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला के प्रतिभागी पचास बच्चों ने सावित्रीबाई फुले को याद किया तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

कार्यशाला के संयोजक रंगकर्मी रंगनिर्देशक आईपी रामबृज ने विस्तार से सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्षों पर चर्चा किया। कार्यशाला के प्रतिभागी पचास में से पैंतीस बच्चियों ने जो कक्षा नौ व दस की छात्राएं है अपने जीवन मे सावित्रीबाई फुले के अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। संजना, पूर्वी गौड़, चाहत, संध्या पटेल, शगुन जायसवाल, माही धुरिया, तनु सिंह, प्रेम प्रजापति, प्रियांशु, अंशु पाल, कार्तिक पाल, अंशिका शर्मा, अनुपम शर्मा, अंश केसरवानी, पुष्पेंद्र पाल, ग्रंथ केसरवानी, प्रियंका, जिज्ञासा, आयुषी, गौरी, सोनाली, प्रीत सिंह, अंबिका, नैना यादव, प्रियांशी, शालू, महक, तनु जयवाल, अमन, शिवम सरोज, मोहित, अभिषेक, आरती पाल, मुस्कान, सिमरन, खुशबू, सुनैना, लव सिंह, संस्कृति भारतीय, पूर्वी केसरवानी, सुरभि केसरवानी, एंजेल केसरवानी, रिद्धि भारतीय आदि उपस्थित रहे।



कार्यशाला में उपस्थित बच्चे

### सीआरपीएफ जवान ने पुलिसकर्मियों पर तानी राइफल

**प्रयागराज।** रसूलाबाद में नशे में धुत सीआरपीएफ जवान राजेंद्र कुमार पांडेय ने पुलिसकर्मियों पर राइफल तान दी। इसके बाद धमकी देते हुए भाग निकला। वह अपने ही पिता को बंधक बनाकर गालीगलौज कर रहा था। इसी सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बद्री आवास कॉलोनी निवासी मूल सजीवन पांडेय रिटायरकर्मी हैं। उनका बेटा राजेंद्र सीआरपीएफ में छत्तीसगढ़ में तैनात है। पिछले दिनों वह छुट्टी लेकर घर आया था। एक दिन पहले पुलिस को मूलसजीवन ने सूचना दी कि उनका बेटा नशे में धुत होकर उनसे गालीगलौज कर रहा है। चौकी इंचार्ज अनिल भगत व सिपाही मौके पर पहुंचे तो आरोपी अपने पिता को राइफल दिखाकर घेरे हुए था और गालीगलौज कर रहा था। रोकने पर पुलिसकर्मियों से ही धक्कामुक्की शुरू कर दी और विरोध पर हमला कर दिया। वह राइफल दिखाकर धमकाते हुए सड़क पर आ गया। इससे मोहल्ले में दहशत फैल गई। उधर मौका पाकर आरोपी राइफल लेकर भाग निकला।

## महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित था माता सावित्री बाई फुले का जीवन : अमरनाथ यादव

**जयंती**

**माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर ज्योतिबा फूले माली कल्याण समिति ने दिया दिब्यांगो को निःशुल्क कंबल**

**फूलपुर।** शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसके सहारे हम समाज में ब्याप्त बुराईयों एवं कुरितियों के खिलाफ मजबूती से लड़ सकते हैं। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के सहारे ही महिलाओं की दशा को सुधारने का काम किया। उक्त बातें ज्योतिबा फूले माली कल्याण समिति के बैनर तले मंगलवार को हरिकृपा मंडप में आयोजित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 192 वीं जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर नाथ यादव ने कही। भाजपा सरकार के द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल रहा है। मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि महापुरुषों के संघर्षों से हमें सीख लेकर उसे अपने जीवन में भी ढालना चाहिए। वहीं पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले अशिक्षित महिला होते हुए भी पति के सहयोग से महिला उत्थान के लिए महत्वपूर्ण की। जयंती समारोह को ज्योतिबा फुले माली कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अधिवक्ता मनोज मौर्य ने किया। इस दौरान दिब्यांगो को निःशुल्क कंबल भी वितरित किया गया। मौके पर रवि माली,राजेश बाबू के साथ ही माली समिति के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



निःशुल्क कंबल वितरित करते हुए भाजपा नेता व समिति के पदाधिकारी

## जनसंपादकीय

# न्यायाधीशों का चयन लोकसेवा आयोग से हो

हाल ही में महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कानून मंत्री किरेन रिजिजू तथा कुछ अन्य राजनेताओं ने उच्चतम न्यायालय के कोलिजियम द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कड़ी आलोचना की है। दरअसल उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने 16 अक्तूबर, 2015 को संसद द्वारा निर्मित न्यायाधीशों की नियुक्ति विषयक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 को संविधान सम्मत न मानते हुए 4 - 1 के बहुमत से निरस्त कर दिया था। उक्त अधिनियम के प्राविधान जटिल, विलम्बकारी और प्रारम्भिक स्तर से ही चयन में काफी कुछ सरकारी दखल वाले लगते हैं। किसी भी तरह कोलिजियम से बेहतर नहीं है। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि कोलिजियम व्यवस्था में भी नियुक्ति का अन्तिम निर्णय सरकार का ही होता है। सरकार का दायित्व है कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा को बरकरार रखे।

व्यवस्था कोई भी हो, उसमें समय के साथ परिवर्तन, परिवर्धन और बेहतरी की गुंजाइश बनी रहती है। न्यायिक व्यवस्था इसका अपवाद नहीं है। न्यायाधीशों के चयन में ज्यादा लोकतांत्रिकता और ज्यादा पारदर्शिता की जरूरत है, ऐसा न्यायिक जगत और उसके बाहर भी महसूस किया जाता रहा है। राज्य सभा में 15 जुलाई, 2019 को भाजपा सदस्य अशोक बाजपेयी ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोलिजियम व्यवस्था में जातिवाद, परिवारवाद से से लेकर पेशेवर निकटता जैसे पहलुओं का बोलबाला रहता है। इसके फलस्वरूप सामान्य परिवार से कानून के क्षेत्र में आए लोगों के लिए उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनना अत्यन्त कठिन है। उनका सुझाव था कि केन्द्रीय न्यायिक आयोग का गठन कर उसके माध्यम से न्यायाधीशों का चयन किया जाए। उनकी माँग से राजद के मनोज कुमार झा, सपा के रामगोपाल यादव आदि ने राज्य सभा में अपनी सहमति जतायी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंगनाथ पाण्डेय ने 2019 में अपनी सेवानिवृत्ति के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा था कि वर्तमान व्यवस्था में परिवारवाद, जातिवाद और सम्पर्कों के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति होने से न्यायिक व्यवस्था में बदहाली और अयोग्यता बढ़ रही है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर वर्तमान में गतिरोध की स्थिति है। न्यायपालिका और सरकार की गरिमा बनी रहे और चयन में लोकतांत्रिक और पारदर्शी निर्णय हों, इसे देखते हुए मेरा सुझाव है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का चयन अगर संघ लोकसेवा आयोग के माध्यम से किया जाए, तो यह ज्यादा सरल, सहज, पारदर्शी और स्वीकार्य होगा। संघ लोकसेवा आयोग का ढाँचा पहले से बना हुआ है। उसे उच्च प्रशासनिक, तकनीकी और विशिष्ट पदों के चयन का लम्बा अनुभव है। उसकी विश्वसनीयता भी है। न्यायाधीशों के चयन में व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि उसमें न्यायिक जगत के अधिसंख्य लोगों को भाग लेने का खुला सुअवसर मिल सके। इस सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यूनतम दस वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में कार्य कर चुके और न्यायिक सेवाओं में न्यायाधीश या मजिस्टेज्ट के पद पर दस वर्ष तक कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को पात्रता की श्रेणी में रखा जाए। न्यूनतम आयु पैंतालीस वर्ष रखी जा सकती है जैसा कि वर्तमान में है। उच्चतम न्यायालय की संस्तुति पर भारत सरकार पात्रता के सुझाव में यथावश्यक परिवर्तन कर सकती है। उच्चतम न्यायालय में सीधे चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि ऐसे चयन में बहुत शिकवा-शिकायत होती रहती है। प्रारम्भिक चयन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ही होना चाहिए।

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार ऐसी समिति करे जिसमें अनुभवी और वरिष्ठ न्यायाधीशों का वर्चस्व रहे। इसके लिए साक्षात्कार समिति में उच्चतम न्यायालय के छह सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और संघ लोकसेवा आयोग के एक सदस्य को मनोनीत किया जा सकता है। इस व्यवस्था से न्यायाधीशों के चयन में अनुभवी और वरिष्ठ न्यायाधीशों की भूमिका करीब-करीब कोलिजियम जैसी बनी रहेगी।

न्यायाधीशों के चयन के बाद उनकी नियुक्ति, पदोन्नति और अन्य प्रशासकीय मामलों में कोलिजियम की भूमिका पूर्ववत बनी रहे। अगर ऐसा होता है, तो न्यायाधीशों के चयन में समान अवसर की भावना को बल मिलेगा, ज्यादा पारदर्शिता और लोकतांत्रिकता आएगी और 'पिक ऐन्ड चूज' के आरोपों से मुक्ति मिलेगी। यह लम्बे समय तक याद रखा जाने वाला महत्वपूर्ण सुधार होगा। बहरहाल, इस विषय में कोई भी निर्णय उच्चतम न्यायालय और भारत सरकार के हाथ में है।



**दामोदर दत्त दीक्षित**
**1/35, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ,**
**संपर्क 9415516721**

# नये साल में सियासत की चाल

2022 में राजनीति के जो समीकरण बनते बिगड़ते रहे,2023 उसको अंजाम की तरफ ले जायेगा।देश में 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे उससे पहले 2023 में राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं।जम्मू-कश्मीर में भी ये चुनाव संभावित हैं,इस प्रकार देखा जाए तो अगले वर्ष दस राज्यों के चुनाव होने हैं जहां अलग अलग राजनैतिक दल एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगाते दिखाई देंगे।राजनैतिक चुनौतियों से निपटने की शुरूआत तो जनवरी से ही शुरू हो जायेगी।छह जनवरी को दिल्ली में मेयर का चुनाव प्रस्तावित है।दिल्ली एमसीडी चुनावों के परिणामों से उत्साहित अरविंद केजरीवाल मेयर पद पर आम आदमी पार्टी की जीत को लेकर आश्वस्त है जब कि भाजपा पीछे हटने को नही तैयार है।अरविंद केजरीवाल की चुनौती है कि कैसे वे भाजपा के दावों को कमजोर साबित कर पाते हैं।

2023 देश की सभी राजनैतिक पार्टियों के लिए कोई न कोई चैलेंज लेकर आ रहा है।आने वाले साल में सियासत की तासीर बदली नजर आयेगी और राजनैतिक घमासान के बादल देश पर मंडराते रहेंगे।सियासत की गर्म ठंडी हवायें पूरे वेग से साल भर बहती रहेंगी।क्या मोदी और क्या योगी सबको अपने राजनैतिक कौशल की परीक्षा देनी पड़ेगी।बहन और बबुआ को अपनी अपनी ताकत में इजाफा करके दिखाना होगा।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के फलस्वरूप उनकी बदली छवि को भी आने वाला साल अपनी कसौटी पर कसने वाला है।

शुरूआत तो उत्तर प्रदेश से ही हो जाती है। लोकसभा चुनावों से पहले 2023 में निकाय चुनावों और पिछड़ों के आरक्षण के सवाल पर अपने दांव पेंच के जरिये अपने राजनैतिक कौशल का परिचय दे सकते हैं।आने वाला साल अखिलेश यादव के लिए किसी लिटमस टेस्ट से कम नही है।जिन राज्यों में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें मध्यप्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस के हाथ से भाजपा ने सत्ता छीन ली थी।यहाँ भाजपा के हाथ से सत्ता खिसक न जाए उसे यह भय सता रहा है।राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है।यहां भाजपा के लिए सत्ता में आना चुनौती है जब कि कांग्रेस को सत्ता बचाये रखने का चैलेंज है।

नरेंद्र मोदी के तिलिस्म को तोड़ने वाले चेहरे की तलाश भी आने वाले साल में विपक्षी दलों की प्राथमिकता होगी।विपक्षी एकता की अगुवाई किस चेहरे पर होगी या कहें कि विपक्षी एकता की लड़ाई किस चेहरे पर आकर थमेगी इसका निर्धारण भी 2023 ही करेगा।राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी,नीतीश कुमार कौन विपक्षी खेमे का अगुवा होगा।कौन नेता होगा जो 2024 में मोदी को टक्कर दे पायेगा।या फिर विपक्षी एकता कल्पना मात्र सिद्ध होगी।



**रामनिवास तिवारी**
**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# ब्रेल ने दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलायी

## जन्म दिवस पर



**अरुण कुमार कैहरबा**

ज्ञान की दौलत सबसे बड़ी चीज है। हमारे देश में कितने ही ऐसे कारक रहे हैं, जिनके कारण बहुत से लोगों के लिए ज्ञान के दरवाजे बंद रहे हैं। उन दरवाजों को खोलने का संघर्ष भी बहुआयामी रहा है। सबको शिक्षा प्रदान करके ज्ञान आधारित समाज बनाने के लिए बहुत से लोगों ने अथक संघर्ष किया है। देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित कितनी ही शख्सियतें रही हैं, जिन्होंने ज्ञान के दरवाजे सबके लिए खोलने के लिए समाज को जगाया। दलित, महिला व आदिवासी सहित विभिन्न वर्गों के साथ ही एक वर्ग ऐसा रहा है, जिसके शिक्षा के अधिकार के लिए आज भी बहुत कम चर्चा होती है। वे हैं- किसी ना किसी प्रकार की अशक्तता झेल रहे लोग। उनमें भी दृष्टिबाधित लोगों की बात करें तो ज्यादा लंबा समय नहीं बीता, जब लोगों की धारणा थी कि दृष्टिहीन लोग कभी भी पढ?ा नहीं सीख पाएंगे। लोग सोचते थे कि सिर्फ आँखों से किताब पर लिखे अक्षरों को देख कर ही पढ़ा जा सकता है। लेकिन वैकल्पिक सोच लेकर सोचने और कार्य करने वाले लोग रास्ता ढूंढ़ लेते हैं।

फ्रांस का एक लडका लुई ब्रेल अलग तरह से सोच रहा था। तीन वर्ष की अवस्था में दृष्टिहीन हो गया लुई भिन्न प्रकार से पढ?ा चाहता था। दृष्टिबाधा के कारण ज्ञान के बंद दरवाजों को उसने पहचान लिया था। उसने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि वह केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक दृष्टिहीन के लिए बंद दरवाजे की चाबी को ढूंढ़ कर ही रहेगा। आज उसी लडके की कहानी आप के साथ सांझा कर रहा हूँ।

इस कहानी की शुरूआत 19वीं सदी के आरम्भिक वर्षों में होती है। लुई ब्रेल का जन्म 4जनवरी 1809 को फ्रांस के छोटे से गाँव कुप्रे के गरीब परिवार में होता है। उसके पिता सिमोन ब्रेल घोड़ों के लिए काठी व जीन बनाने का काम करते थे। एक दिन जब वे अपने कार्यस्थल पर काम कर रहे थे। तीन वर्षीय लुई चमड़े में सुराख करने के औजार सूए से खेलने लगा और सूए की नोक अचानक लुई की दाईं आँख में चुभ गई। धीरे-धीरे लुई दोनों आँखों से पूरी तरह से दृष्टिहीन हो गया। दृष्टिहीन होने के कुछ दिन लुई के लिए बहुत मुश्किलों से भरे थे। लेकिन धीरे-धीरे लुई ब्रेल ने परिस्थितियों से अपने आप को ढ़ाल लिया और एक भिन्न प्रकार से सामान्य जीवन जीने लगा। वह अपने दोस्तों के साथ स्कूल जाने लगा। स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापकों ने लुई की दृष्टिबाधा की क्षतिपूर्ति करने के लिए उसे स्पर्श एवं श्रवण अनुभव प्रदान किए। बुद्धिमान व सृजनशील होने के कारण लुई पढ़ाई में आगे बढ़ता गया। लेकिन इसके बावजूद बाधाएं तो थीं। लेकिन परिजन जान चुके थे, कि लुई की पढ़ाई में दिलचस्पी है। उसे पेरिस में वेलेंटाईन हावे द्वारा दृष्टिहीन बच्चों के लिए चलाए जा रहे दुनिया के पहला अंध विद्यालय में भेज दिया गया। इस विद्यालय में हावे द्वारा छात्रों को अक्षरों की सामान्य आकृतियां किसी मोटे कागज पर उभार कर उन्हें उंगली के स्पर्श से पहचानना सिखाया जाता था। लेकिन यह विधि सीखने भर के लिए ही थी। दृष्टिहीनों के लिए शिक्षा का आधार तो रटंत विद्या ही थी। जब लुई कुछ बड़े हुए तो उसी स्कूल में उन्हें सहायक अध्यापक रख लिया गया।

अपने छात्र जीवन में ही लुई ने यह अनुभव कर लिया था कि दृष्टिहीनों के लिए हावे की विधि बहुत उपयोगी नहीं है। एक नई लिपि के आविष्कार का सपना उनके मन में जन्म ले चुका था। संयोग से उन्हीं दिनों उनके विद्यालय में एक रात्रि लेखन विधि का प्रदर्शन हुआ। इस विधि के निमार्ता चार्ल्स बारबियर ने यह विधि सैनिकों के लिए विकसित की थी, जिससे वे अंधेरी रात में भी संदेश छूकर पढ़ सकें। उस व्याख्यान को सुनते ही लुई के सामने मानो एक संपूर्ण लिपि के निर्माण का मार्ग खुलता हुआ दिखाई देने लगा। लुई ने हावे तथा बारबियर की विधियों के सैद्धांतिक अंतर को समझ लिया था।

लुई अपने स्कूल के हॉस्टल में रात में मोटे कागज पर बिंदुओं से अक्षर बनाते और दिन में अपने मित्रों से उन्हें पहचान करवाते। रात को सारा विद्यालय सोता और वे काम करते थे। दिन में रात के काम पर चर्चा होती तथा वाद-विवाद से जो त्रुटियां सामने आतीं, उन्हें फिर रात को सुधारने की कोशिश की जाती। इस विधि से लुई ने बहुत जल्दी फ्रांसीसी भाषा की वर्णमाला, विराम चिह्न, गणित आदि की व्यवस्था को पढ? -लिखने वाली लिपि विकसित कर ली। उन्होंने संगीत की स्वर लिपियों पर भी सालों तक योजनाबद्ध ढ़ंग से कार्य किया। इस तरह उन्होंने अपना काम सन 1825 तक पूरा कर लिया और ब्रेल लिपि की उनकी पहली पुस्तक वर्णमाला एवं विराम चिह्न आदि के विस्तृत विवरण के साथ सन 1829 में प्रकाशित हो गई। उन्होंने अपनी सोच को साकार करके दिखा दिया था कि आँखों की नजर नहीं होने के बावजूद पढ़ा और लिखा जा सकता है। दुनिया भर में ब्रेल लिपि के नाम से जानी जाने वाली यह स्पर्श लिपि छह बिंदुओं पर आधारित है। इसमें दो खड़ी रेखाएं हैं, जिनमें तीन-तीन बिंदू होते हैं। इन बिंदुओं के अलग-अलग संयोजन से 63 चिह्न बनाए जा सकते हैं, जिन्हें वर्णों, संख्या व विराम सहित विविध प्रकार



के चिह्नों के लिए प्रयोग किया जाता है। कौन जानता था कि कभी लुई ब्रेल जैसा सामान्य और दृष्टिहीन व्यक्ति इतिहास पुरुष होगा। परंतु नई सोच-विचार और उसे अमल में लाने के लिए लगन व कड़ा परिश्रम से लुई ने वह कर दिखाया। जिस तीखे सूए से लुई दृष्टिहीन हो गया था, उसी सूए जैसे स्टाईलस को उसने कागज में पंच करके बिंदू उभारने के लिए इस्तेमाल किया।

लुई ब्रेल के जीवन काल में ब्रेल लिपि का प्रचार पेरिस में तो हो गया था, पर उसे औपचारिक स्वीकृति तो उनके जीते जी उनके अपने विद्यालय में भी नहीं मिल सकी थी। हां, अनौपचारिक रूप से छात्रों को ब्रेल लिपि में लिखने-पढ? की इजाजत दे दी गई थी। इतिहास एवं व्याकरण की कुछ पुस्तकें भी ब्रेल लिपि में प्रकाशित करा दी गई थीं। जड़ता को टूटने में समय लगता है। भविष्य में उस लिपि को उन्हीं की याद में ब्रेल लिपि के नाम से ना केवल मान्यता मिली, बल्कि दुनिया की सभी भाषाओं के चिन्हों का मानकीकरण किया गया। 6 जनवरी, 1852 को सूर्यास्त के समय लुई का निधन हो गया, लेकिन उसने पूरे दृष्टिहीन समाज के लिए एक ऐसा दीप जलाया था, जो उन्हें हमेशा जीवन के अंधकार से निकालकर प्रकाश की दुनिया में लाता रहेगा। लुई ब्रेल के जन्मदिन को पूरी दुनिया में ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है और लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि दी जाती है। 2009 में 4 जनवरी को लुई ब्रेल की जन्म द्विशती के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था।

**(कार्यकारी प्रधानाचार्य, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ब्याना, संपर्क-9466220145)**

## आसान हुई दृष्टिहीनों की दुनिया

**योगेश कुमार गोयल**



संयुक्त राष्ट्र के विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में करीब 39 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो देख नहीं सकते जबकि 253 मिलियन लोगों में कोई न कोई दृष्टि विकार है। इनमें से करीब 100 मिलियन लोगों को नजर की ऐसी कमजोरी अथवा विकलांगता है, जिसे रोका जा सकता था या उन पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करने और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिवस को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है।

लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं। चार्ल्स ने स्कूल में बच्चों के साथ नाइट राइटिंग नामक यही तकनीक साझा की, जिसका उपयोग सैनिक दुश्मनों से बचने के लिए किया करते थे। इसके तहत वे उभरे हुए बिन्दुओं में गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान करते थे किन्तु उनका यह कोड बहुत जटिल था। इसीलिए ब्रेल ने इसी आइडिया के आधार पर अपनी लिपि पर कार्य शुरू किया और रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में अध्ययन के दौरान ही उन्होंने 1824 में अपनी लिपि को तैयार कर लिया, जो काफी सरल थी। इसी लिपि को ब्रेल लिपि के नाम से जाना गया और सरल लिपि की खोज के बाद दुनियाभर में नेत्रहीन या आंशिक रूप से नेत्रहीन लोगों की जिंदगी काफी हद तक आसान हो गई।

समय के साथ तकनीकी युग में ब्रेल लिपि में कुछ बदलाव होते रहे हैं और अब ब्रेल लिपि कम्प्यूटर तक भी पहुंच गई है। ब्रेल लिपि वाले ऐसे कम्प्यूटर में गोल व उभरे हुए बिन्दु होते हैं और कम्प्यूटरों में यह तकनीक उपलब्ध होने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब दृष्टिहीन व्यक्ति भी तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं। ब्रेल लिपि में अब बहुत सारी पुस्तकें निकलती हैं, यहां तक कि स्कूली बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों के अलावा रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ भी छपते हैं। भारत सरकार द्वारा 4 जनवरी 2009 को लुई ब्रेल के जन्म को 200 वर्ष पूरे होने पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया था। 43 वर्ष की आयु में 6 जनवरी 1852 को लुई ब्रेल का निधन हो गया लेकिन उनकी खोजी ब्रेल लिपि ने आज विश्वभर में दृष्टिहीनों तथा आंशिक रूप से नेत्रहीनों की जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क:9416740584)**

# रफ्तार का जोखिम कम करना जरूरी

## प्रसंगवश



**आशीष वशिष्ठ**

भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत कल सुबह एक रोड एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गए। इस हादसे ने सबका ध्यान खींचा है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों और जो वीडियो फुटेज सामने आई है उसके अनुसार, पंत तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और अपने गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाए। पंत के एक्सीडेंट के बाद से तेज रफ्तार के कहर और सड़क दुर्घटनाओं पर नए सिरे से देश में चर्चा शुरू हो गई है।

बीते सिंतबर को उद्योगपति साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की उस समय मौत हो गई, जब उनकी मर्सिडीज कार पालघर जिले में सड़क के डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना से कुछ सेकंड पहले कार 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी, जबकि पुल पर डिवाइडर से टकराते समय इसकी गति 89 किमी प्रति घंटे थी।

जब आप कहीं घूमने जाते होंगे तो अपकी नजर शहर के चौराहे या हाइवे के पास लगे एक बोर्ड पर जरूर गई होगी। जिसपर मोटे-मोटे अक्षरों में लिखा होता है- दुर्घटना से देर भली। हमेशा आपसे कहा जाता है कि आप गाड़ी धीरे चलाएं। इसके बावजूद कई लोग सड़कों पर तेज रफ्तार कार या बाइक चलाने से बाज नहीं आते और इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं भी बहुत होती हैं। वास्तव में देश के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर अक्सर दिखने वाला स्पीड थ्रिल्स बट किल्स का संदेश भी लोगों को सचेत नहीं कर पा रहा है। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि हाईवे और एक्सप्रेसवे पर वाहन ड्राइविंग की गति बेकाबू होती जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2021 में तेज गति सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण रही।

गत 4 दिसंबर को मध्य प्रदेश में बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 24 दिसंबर को रांची में देर रात एक कार मंदिर के ग्रिल को तोड़ते हुए परिसर में घुस गई, जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 25 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस पर सवार मासूम बच्चे की मौत हो गई, वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में तेज गति से वाहन चलाने के कारणदेश में कुल 4,03,116 सड़क दुर्घटनाएं बीते वर्ष दर्ज की गई। 7,000 से अधिक लोगों की मौत बीते वर्ष तेज गति से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में हुई। 8,797 लोगों ने कर्नाटक में बीते वर्ष तेज गति के कारण जान गंवाई। यह देश में दूसरी सर्वाधिक संख्या रही।

कुल दुर्घटनाओं में 1,03,629 दुर्घटनाएं लापरवाह ड्राइविंग और ओवरटेकिंग से हुईं। बीते वर्ष नशे में वाहन चलाने के कारण 27.1 फीसदी लोगों की जान उत्तर प्रदेश में गई। पूरे देश में यह सबसे अधिक संख्या है। देश में 1.9 फीसदी मार्ग दुर्घटनाएं शराब पीकर वाहन चलाने के कारण हुईं। इनमें 2,935 लोगों ने जान गंवाई। 11,419 लोगों की मौत तेज गति के कारण वाहन चलाने से तमिलनाडु में हुई, जो देश में सर्वाधिक है।

देश में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण वर्ष 2021 में सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं। यह संख्या 11,479 रही। वाहन में तकनीकी खराबी औ? खराब मौसम भी भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत का कारण बने। बीते वर्ष देश में खराब मौसम के कारण 5,405 और वाहन में खराबी के कारण 2,935 लोगों की जान गई।

भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ₹रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2020₹ नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2020 में कुल 1,20,806 घातक दुर्घटनाओं में से 43,412 राष्ट्रीय राजमार्गों पर, 30,171 राज्य राजमार्गों पर और 47,223 अन्य सड़कों पर हुईं। सबसे चिंताजनक बात ये है कि इन घातक दुर्घटनाओं में सबसे अधिक युवा चपेट में आए।

रिपोर्ट कहती है कि साल 2020 के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए जिसमें 1,31,714 लोगों की जान गई और 3,48,279 लोग घायल हुए। हर एक सौ सड़क हादसे में 36 लोगों की जान गई जो कि साल 2019 के 33 के मुकाबले कहीं अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में सड़क हादसों की चपेट में आने वालों में 18-45 साल के आयु वर्ग युवा वाले वयस्कों का हिस्सा 69 प्रतिशत था। सड़क पर होने वाले हादसे के कारण पीड़ित और उसके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। असामयिक मौतों, चोटों और विकलांगताओं के कारण संभावित आय का नुकसान भी होता है।

उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाओं में 76 प्रतिशत का कारण तेज रफ्तार है। सरकारी आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। चिंताजनक ये कि हादसों में सर्वाधिक जान गंवाने वालों में तेज रफ्तार का शौकीन युवा वर्ग है। दुर्घटनाओं में मरने वालों में 40 प्रतिशत लोग 18 से 35 आयु वर्ग के हैं। झारखण्ड में बीते वर्ष सड़क हादसों में 406 लोगों ने जान गंवाई। इनमें ज्यादातर हादसे ड्रंक एंड ड्राइव और लापरवाही के कारण हुए।

बीती जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वायरल वीडियो एक महिला तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों को नसीहत दे रही थी। महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि हर साल, 1 लाख युवा हर साल जान गंवाते हैं लापरवाह ड्राइविंग के कारण। महिला ने आगे कहा कि एक बच्चे को पालकर बड़ा करने में 25 साल लगते हैं और महज 25 सेकेंड में लापरवाह ड्राइविंग के कारण वह एक लाश में बदल जाता है। उस मां पर क्या बीतती होगी उस मां पर जो अपने जाते हुए बेटे की पीठ तो देखती है लेकिन आते हुए बेटे का मुंह नहीं देख पाती है।

**जुलाई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वायरल वीडियो एक महिला तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों को नसीहत दे रही थी। महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि हर साल, 1 लाख युवा हर साल जान गंवाते हैं लापरवाह ड्राइविंग के कारण। महिला ने आगे कहा कि एक बच्चे को पालकर बड़ा करने में 25 साल लगते हैं और महज 25 सेकेंड में लापरवाह ड्राइविंग के कारण वह एक लाश में बदल जाता है। उस मां पर क्या बीतती होगी उस मां पर जो अपने जाते हुए बेटे की पीठ तो देखती है लेकिन आते हुए बेटे का मुंह नहीं देख पाती है।**

महिला ने वीडियो में युवाओं को सीख देते हुए कहा कि अगर आपको अपनी ताकत दिखानी है तो मिल्खा सिंह की तरह तेज दौड़िए या नीरज चोपड़ा की तरह तेज भाला फेंकिए। महिला ने आगे कहा कि मोटरसाइकल का कान मरोड़ने में या तेज रफ्तार में कार भगाने में कोई बहादुरी नहीं है। युवाओं को कड़ी सीख देते हुए महिला ने कहा कि अगर आप यह सोचते हैं कि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से आप हैंडसम और डैशिंग दिखते हैं तो यह गलत है। आप ऐसे बिल्कुल नहीं दिखते। आप लापरवाह दिखते हैं, आप मूर्ख दिखाई देते हैं। इसलिए जब भी आप गाड़ी चलाएं तो धीमे चलाएं क्योंकि यह जिंदगी आपको आपके मां-बाप की दी हुई है।

'दुर्घटना से देर भली,' वाहन चालकों को तेज रफ्तार के दुष्परिणाम से सचेत करने के उद्देश्य से सभी मुख्य मार्गों पर जगह-जगह यह नारा लिखा दिख जाएगा, लेकिन प्रश्न ये कि क्या इसे लेकर हम सजग, सतर्क व गंभीर हुए हैं। नियमों, मानकों को दरकिनार कर सड़कों पर फर्राटा भरने की होड़ में जिस तरह आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे तो जवाब न में मिलता है। गति सीमा के मानकों की अनदेखी करने वाले चालक स्वयं के साथ ही दूसरों के जीवन को भी जोखिम में डाल रहे हैं।

देश में यातायात नियमों का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन एवं पुलिस विभाग के पास है। वर्तमान में दोनों ही नियमों को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मियों व संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। देश में सड़कों का तेजी से जाल बिछने के बाद अब नए सिरे से वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सरकार को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिएं, जिससे रफ्तार के कहर से अनमोल जीवन बचाएं जा सकें।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क-99 3624 7777)**

## व्यंग्य



# नए साल के संकल्प

**अरविंद तिवारी**

नया साल भी हैरान है!लोग उठते, बैठते,सोते,जागते और न जाने क्या क्या करते हुए,संकल्प पर संकल्प लिए जा रहे हैं।नया साल सोचता है इस देश के ये संकल्प प्रेमी इससे पहले,संकल्पों की भागीरथी क्यों नहीं लाए?कितने साल यों ही चले गए,इनके संकल्प पूरे नहीं हुए।तो क्या दो हजार तेईस में सुरखाब के पर लगे हैं,जो संकल्प पूरे हो जाएंगे?नए साल ने पहले ही बता दिया है कि अप्रैल तेईस में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बनने का संकल्प जरूर पूरा हो जाएगा।इस संकल्प के पीछे कोई सरकारी हाथ नहीं होगा।यह देशवासियों की अदम्य इच्छाशक्ति और श्रृंगार रस के प्रति अनन्य प्रेम के कारण पूरा होगा।देशवासी इस संकल्प को पूरा होने पर भारत की ललित कलाओं के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।हम इस मामले में उस चीन को पछाड़ देंगे जिसे अभी कोरोना पछाड़ रहा है।

जहां तक मेरे व्यक्तिगत संकल्प लेने की बात है तो इस बार फिर पुरस्कार और सम्मान ग्रहण न करने का संकल्प लेता हूं।यह संकल्प पिछले वर्ष भी लिया था,जो पूरी तरह पूरा हुआ।मुझे लाख, दो लाख का सम्मान छोड़ो,दस हजार वाला सम्मान भी नहीं मिला,क्योंकि मेरा संकल्प जग जाहिर हो चुका था।मेरे वरिष्ठ साहित्यकारों ने हमेशा ही मेरे संकल्पों को पूरा करने में दिल खोलकर सहायता की है।इस मामले में मैं उनका चिर ऋणी रहूंगा।कुछ वर्ष पूर्व जो एक दो बड़े सम्मान मुझे मिले,वे गलतफहमी में मिल गए थे।तब तक मेरी बड़ी साहित्यिक बदमाशियां सामने नहीं आ पाई थीं।मेरा सम्मान न लेने का संकल्प भी सार्वजनिक नहीं हो पाया था।हिंदी के कई सम्मानों ने,कोरोना के दिनों में वर्क फ्रॉम होम के मोड पर काम किया था।यह मोड कतिपय सम्मानों को इतना भाया कि अब बाजार में उन्होंने अपने सभी दफ़्तर बन्द कर दिए हैं।उनके यहां अभी तक वर्क फ्रॉम होम चल रहा है।दफ्तरों के साथ उनके बन्द होने का खतरा भी पैदा हो गया है!

मैं इस वर्ष संकल्प लेता हूं कि हिंदी के महान कथाकारों,कवियों,व्यंग्यकारों की तारीफों के बड़े बड़े पुल बनाने का काम अवश्य करूंगा।मेरा संकल्प यह भी है कि इन पुलों के निर्माण के दौरान उनकी रचनात्मक कमियों को पुलों की दरारों के रूप में अवश्य दिखाऊंगा! जब तक कोई व्यक्ति इन पुलों के ऊपर से नहीं गुजरता, ये दरारें दिखाई नहीं दे सकतीं। हिंदी साहित्य के भले के लिए इन दरारों को उजागर करना जरूरी है।पहले ही काफी देर हो चुकी है।मैं संकल्प लेता हूं कि इस वर्ष भी जब साहित्यिक मित्रों पर संस्मरण लिखूंगा,तो सच्चाई से उसी तरह परहेज करूंगा,जैसे डायबिटीज के बरक्स मिठाई से करता हूं।ऐसा करने से मित्रता भी बची रहेगी और पत्र पत्रिका के संपादक,प्रकाशक के साथ,मैं भी मानहानि के मुकदमे से बचा रहूंगा।पाठक मेरी लेखन शैली पर फिदा हैं,विषय वस्तु पर नहीं।वैसे दिवंगत साहित्यिक मित्रों पर सच्चे संस्मरण पहले की तरह ही लिखता रहूंगा।

व्यंग्य लेखन में नए प्रयोग करने का संकल्प भी लेता हूं।अब मेरा व्यंग्य लेखन उस कार की तरह होगा जो टू इन वन की तर्ज पर,हवाई जहाज की तरह उड़ भी सकती है!ज्यादा खुलासा नहीं करना चाहता,पर इतना इशारा जरूर करूंगा कि मेरा व्यंग्य लेखन नए साल में ऐसा होगा,जिसे पाठक आसानी से पकड़ लेगा,पर कई साथी व्यंग्यकार नहीं पकड़ पाएंगे।ऐसा होने से मेरी आलोचना होगी,जो मेरा अंतिम डेस्टिनेशन भी है।बहुत कुछ अभी नहीं बता रहा,क्योंकि कटपेस्ट का डर है।बस यूं समझ लो,जैसे चैनलों की फटाफट खबरों में कई बार खबर से वीडियो मेल नहीं खाता,कुछ उसी स्टाइल में,मैं व्यंग्य निकालने वाला हूं।साल के अंत में देखूंगा कि मेरे संकल्प कितने प्रतिशत पूरे हुए।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# रामलीला ग्राउण्ड से हटाया अतिक्रमण झुग्गी-झोपड़ियों में लगाई आग

**प्रतापगढ़।** शहर के चौक घंटाघर समीप रामलीला ग्राउण्ड में अतिक्रमण कर झुग्गी, झोपड़ी नुमा बनाए दुकानों को सेना के जवानों ने मंगलवार को तहस नहस कर दिया। दस ट्रकों में भरकर सुबह पहुंचे सेना के जवानों ने पूरे रामलीला ग्राउण्ड को चारों तरफ से घेर लिया। अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया तो अपने सामानों को लेकर लोग भागते नजर आए। अवैध झुग्गी झोपड़ियों में जवानों ने आग लगा दी। अपने सामानों को जलता देख अवैध अतिक्रमणकारी हांथ मलते रह गये। सेना ने मैदान में अपनी सूचना बोर्ड लगा दिया जिसमें 35 एकड़ भूमि सेना की बताया गया है। कई बार चेतावनी के बाद अवैध दुकानदारों पर सेना ने कार्यवाही की। पूर्व में तकरीबन तीन माह पहले भी सेना के जवानों ने इसी तरह का अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था, जिसमें सेना के जवानों ने अतिक्रमण किये लोगों को दौड़ा-दोड़ाकर पीटा था। उनके सामानों को ट्रकों में भरकर उठा ले गये थे। बतादें कि शहर के बीचो बीच चैक के निकट 35 एकड़ भूमि सेना की बताई जाती है। जिस पर वर्षों से अवैध अतिक्रमण है। इस भूमि पर दशहरा मेला सहित अन्य बड़े आयोजन होने से इस जमीन को रामलीला मैदान के नाम से जाना जाता है। इस जमीन को राजा प्रताप बहादुर सिंह ने सेना को पट्टे पर दी थी। बताया जाता है कि रियासत और सेना के बीच मुकदमा चला था। उस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उक्त जमीन पर मकान आदि का निर्माण कर लिए। कार्ट से बेसकीमती जमीन सेना को मिलने स`अब सेना ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया है। मुसीबत उन लोगों की है जिन्होंने सेना की जमीन पर मकान बना रखा है और जिनके घरों के दरवाजे सेना की जमीन में खुल रहे हैं। सेना की तीन घंटे चली कार्यवाही में तमाशबीनों की भीड़ लगी रही। इस संबंध में सेना के अधिकारी कुछ बोलने से इंकार कर दिया।


आग में जलकर खाक झुग्गी

## संक्षेप

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 07 को

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में दिनांक 07 जनवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील रानीगंज एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसके अलावा 21 जनवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुण्डा, अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

## अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**लालगंज।** यात्रा के दौरान आपसी बातचीत कर परिचित हुआ अज्ञात व्यक्ति पीड़ित की बाइक लेकर फुर्र हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के रामगंज निवासी लालजी सोनी पुत्र सालिकराम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तेईस दिसंबर को वह बाइक से लालगंज आया। यहां से काम के सिलसिले मे प्रतापगढ़ बस से चला गया। लौटते समय रोडवेज यात्री सेवा पर बगल की सीट पर बैठा एक व्यक्ति बातचीत करने लगा। जब वह बस से लालगंज उतरा तो अपरिचित ने भी बाइक से उसे कुछ दूर ले चलने की बात कही। अज्ञात आरोपी ने पीड़ित की बाइक खुद चलाने के नाम पर उसे स्टार्ट किया। आरोपी पीडित की बाइक स्टार्ट कर उसे लेकर फुर्र हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आगजनी में झुलसी मासूम की मौत पर कोहराम

**प्रतापगढ़।** आकस्मिक आगजनी मे मासूम की मौत से मंगलवार को दूसरे दिन भी परिजनों को विलाप मे देखा गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाडपुर के समीप दखिनहन का पुरवा में वीर प्रताप यादव पुत्र शंभू नाथ यादव के छप्पर में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गयी। इस बीच छप्पर के नीचे चारपाई पर पांच माह की मासूम सो रही थी। उसकी मां बगल खेत में बेसहारा पशुओं को खेत से बाहर कर वापस लौट रही थी। अचानक आगजनी मे मासूम गंभीर रूप से झुलस गयी। छप्पर में आग लगने की जानकारी होते ही मां पूनम जब तक पहुंची मासूम काफी झुलस चुकी थी। आननफानन मे परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां से चिकित्सको ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। सोमवार की ही रात प्रयागराज मेडिकल कालेज मे बच्ची ने बर्न यूनिट मे दम तोड दिया। परिजन देर रात उसका शव लेकर घर लौटे। मंगलवार को सांगीपुर पुलिस पहुंची और मासूम के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। हादसे मे मासूम की झुलसकर मौत से परिजन मंगलवार को विलाप करते दिखे। वहीं गांव के लोगों मे भी मासूम की दर्दनाक मौत को लेकर गम का माहौल देखा गया।

### मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज।** कोतवाली लालगंज के इटैला गांव निवासी अरूण विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे गांव के दबंगो पर उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल किये जाने का आरोप लगाया है। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोमवार को उसने गेहूं के खेत मे सिंचाई के लिए नहर का पानी लगा रखा था। कुछ पानी बगल के खेत मे पहुंच गया। मंगलवार को नहर की पटरी पर पानी के विवाद को लेकर गांव के चार आरोपियो ने उसे घेर कर गाली देते हुए लाठी डंडे से मारापीटा। आरोप है कि बीचबचाव करने वहां पहुंचे पीडित के पिता को भी आरोपियो ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर राहगीर व गांव के लोग जुटने लगे तो आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सावित्री बाई की जयंती पर बांटा उपहार


सावित्री बाई फुले को नमन करतीं बालिकाएं

**जन्मदिवस**

### पेन बैंक की तरफ से छात्राओं वितरित की गई स्टेशनरी

**प्रतापगढ़।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन को बालिका दिवस के रूप में मनाते हुए छात्राओं को पेन बैंक की तरफ से उपहार स्वरूप स्टेशनरी का वितरण किया गया। इस मौके पर छात्राओं को सावित्री बाई की तरह बनने और उनके द्वारा महिला अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए स्कूल की स्थापना की थी। उनके संघर्षों को भुलाया नही जा सकता है। संचालन साहिल सरोज ने किया। इस मौके पर खुशबू, लाजो विश्वकर्मा, अंजू, अंशू, सिमरन प्रजापति, नीलम, नैंसी, दामिनी, कोमल, साहिबा समेत छात्राओं को उपहार दिया गया।

## शीतकालीन अवकाश में परिषदीय विद्यालय खुले मिले तो होगी कार्रवाई : बीईओ

**लालगंज।** शीतकालीन अवकाश के चलते परिषदीय मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के भी कहीं कहीं खुलने की शिकायत पर बीईओ ने मातहतो को कड़ी चेतावनी दी है। लालगंज के खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय सहायता एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासन के निर्देश पर बंद रखे जाने का प्रधानाध्यापको को कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। बीईओ ने कहा है कि आकस्मिक निरीक्षण मे शासन के आदेश का क्रियान्वयन न करने वाले विद्यालयों पर कडी कार्रवाई के लिए संस्तुति की जाएगी। उन्होने जारी आदेश में कहा है कि चैदह जनवरी तक विद्यालयों का संचालन बंद नही दिखा तो ऐसे विद्यालयों की सूची बीएसए को कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी।

# सावित्रीबाई फूले को याद कर लिया संकल्प

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान की तरफ से मंगलवार को नगर के उपालि बुद्ध बिहार में सावित्रीबाई फूले के 192वीं जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के प्राचार्य शिव प्रकाश ने कहा कि बेटियां पिता का हृदय होती हैं। महिला को हर क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि ऊषा सुशील शर्मा ने बताया कि समन्वय समिति का नाम ही सर्वसमाज के बीच समन्वय स्थापित करना है। अध्यक्षता कर रही लीलावती ने सावित्रीबाई फूले की बेटियों के प्रति योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जिन संघर्षो के बीच बालिकाओं को शिक्षा देकर समाज को प्रेरित किया है निःसंदेह हम सभी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें अपने दायित्वों को निभाते हुए बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दे। शोभा कन्नौजिया और पार्वती विश्वकर्मा ने सावित्रीबाई फूले द्वारा महिलाओं के प्रति किये गये कार्यों को याद करते हुए कहा कि समन्वय सेवा संस्थान द्वारा मातृ शक्तियों का सम्मान निश्चित रूप से फूले के कदमों पर चलने का संकल्प है। इस मौके पर राकेश कन्नौजिया, राम प्यारी, सुलोचना राव, सिरजना, अर्चना आनंद, शशि विमल, कंचन, रन्नो कन्नौजिया, उमेश चन्द्र, सीमा कैथवास, सुनीता गौतम, मधुबाला, शशि किरन, मुस्कान, सुशीला बौद्ध सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंजनी सरोज व आये हुए अतिथितियों का आभार संयोजक राकेश कन्नौजिया ने किया।


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

## संक्षेप

### मांस के साथ पकड़े गए युवक की जमकर पिटाई, विहिप ने दर्ज कराया रिपोर्ट



**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के चिलबिला में मंगलवार सुबह लोगों ने मवेशी चोरी करने का आरोप लगाते हुए एक युवक को मांस के साथ पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। चिलबिला के पास किशुनगंज रोड पर मंगलवार की सुबह लोगों ने एक युवक को मांस के साथ देखा तो उसे रोक लिया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई और लोग उस पर मवेशी चोरी करने का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई करने लगे। पिटाई के दौरान पूछताछ में उसने मवेशी चोरी कर काटकर मांस बेंचने की बात स्वीकार की। मौके पर पहुंची चिलबिला चैकी पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर मांस बरामद कर लिया। पकड़ा गया आरोपित मो0 हाशिब पुत्र मो0 अजीज कंधई इलाके के ताला गांव का रहने वाला बताया गया। जबकि उसके साथ रहा दूसरा आरोपी श्यामलाल यादव भाग निकला। पुलिस ने मांस और बाइक बरामद की है। विश्व हिंदू परिषद के डॉ0 शिवेशानंद ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देखर सख्त कार्यवाही की मांग की है। चिलबिला चैकी इंचार्ज वरुण कुमार सिंह ने बताया कि बरामद मांस की जांच पशु चिकित्सक से कराई जा रही है। पिटाई से चोटें आने के कारण आरोपित का मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया जा रहा है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### टेनिस बाल क्रिकेट चैंपियनशिप में मंजीत को मिला सिल्वर मेडल



**प्रतापगढ़।** इंटरस्टेट इंटरनेशनल टेनिस बाल क्रिकेट चैंपियनशिप 2022-23 में कर्मजीत सिंह मंजीत को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। खेल का आयोजन इंडो नेपाल के पोखरा में 29 दिसम्बर से 1 जनवरी के बीच खेला गया। जनपद आगमन पर खेल प्रमियों, आटीआई के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। आटीआई के कर्मचारी मंजीत सिंह का बचपन से खेलों के प्रति बेहद लगाव रहा है। मंजीत आज भी शहर के स्टेडियम में खिलाड़ियों के प्रेरणाश्रोत बने हुए हैं। सरकारी कर्मचारियों को खेलों में बढ़ावा देने के लिए यूपी टेनिस बाल क्रिकेट असोसिएशन यूपी में प्रतापगढ़ से मंजीत सिंह का चयन हुआ था। उन्होंने अपने वेहतर प्रदर्शन से सिल्वर मेडल प्राप्त कर विभाग व जिले का मान बढ़ाया है।

### उद्यान विभाग की याजनाओं का 35 प्रतिशत सब्सिडी का उठायें लाभ : डा0 सीमा राणा



**प्रतापगढ़।** उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए युवा व युवातियों के लिए बेहतरीन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्राप्त की जा सकती है। उद्यान अधिकारी ने कहा कि घरेलू उद्योग, पशुपालन समेत कई योजनाएं सरकर ने बेरोजगार युवा व युवतियों के लिए चला रखा है। विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार स्थापित कर दूसरों को भी अपने रोजगार में हिस्सा बनाएं। जो युवा बाहर नौकरी के लिए जा रहे हैं उनके लिए सरकार ने बहुत ही बढ़िया स्कीम चला रखा है। उन्हें बाहर जाकर नौकरी करने से बेहतर होगा की सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं उद्यमी बने। युवाओं को दफ्तर आकर उन योजनाओं के बारे में जानकारी कर सहूलियत प्राप्त कर सकते हैं। उद्यान अधिकारी ने युवाओं को विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए योजनाएं बना रखी है। इसके लिए उन्होंने अपने आफिस में कर्मचारियों को मुस्तैद रखा है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के लिए आने वाले लोगों को बेहतर जानकारी प्रदान की जाए।

## थाने पर तैनात सिपाही का पत्नी के साथ हुआ विवाद

**पट्टी।** थाने पर तैनात एक सिपाही का उसकी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि उसकी पत्नी ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ से कर दिया। इस दौरान पट्टी थाने में तैनात सिपाहियों के साथ दरोगा मौके पर पहुंचे जहां से किसी तरह मामले को शांत करा कर दोनों को थाने लाए। घायल पत्नी को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया जबकि सिपाही का पुलिस ने मेडिकल कराकर शांतिभंग में चालान किया दिया। मंगलवार को दिन में करीब दो बजे थाने में तैनात सिपाही अमित सिंह का उसकी पत्नी से विवाद हो गया। आरोप है कि अमित ने अपनी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी, जिसकी सूचना पर पट्टी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सिपाही को किसी तरह से बीच-बचाव कर थाने लाई। जहां पर पुलिस ने घायल सिपाही की पत्नी का मेडिकल सीएचसी पट्टी में कराया और आरोपी सिपाही का भी मेडिकल कराकर शांति भंग में चालान कर दिया। फिलहाल घटना को लेकर थाने में गहमागहमी का माहौल नजर आया। पट्टी कोतवाल जयशंकर तिवारी का कहना है कि पारिवारिक विवाद की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। बीच-बचाव में उनके दाहिने हाथ की उगली में चोटें आई हैं। फिलहाल आरोपी सिपाही का शांतिभंग में चालान कर दिया गया हैं।

### घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज।** कोतवाली के पूरे खैरा छेमी के पुटिला का पुरवा निवासी गोकुल प्रसाद वर्मा की पत्नी सुशीला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि दो जनवरी को गांव के रामऔतार के पुत्र शिव प्रताप वर्मा व विजय कुमार तथा हीरालाल के पुत्र रामराज वर्मा व बाबूलाल के पुत्र उदयभान ने रंजिशन दरवाजे पर चढ़ आये। आरोपी गालीगलौज करते हुए उसकी बेटी मनीषा को मारने पीटने लगे। बीचबचाव के लिए पीडिता तथा उसकी देवरानी लालती भी पहुंची तो आरोपियो ने लाठी डंडे से इन्हें भी मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियो ने दरवाजे पर रखी चारपाई व कुर्सी आदि तोडकर नष्ट कर दिया। आरोपियो ने पीडिता व परिवार के सदस्यों को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवप्रताप समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रेलवे राजस्व बढ़ाने के योगदान में राजेश गुप्ता हुए सम्मानित


सम्मानित होते प्रधान परीक्षक राजेश गुप्ता

**प्रतापगढ़।** रेलवे का राजस्व बढ़ाने में अहम योगदान निभाने वाले प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर तैनात प्रधान परीक्षक राजेश गुप्ता को अधिकारियों ने मंगलवार को उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजित कर अफ्सरों व कर्मचारियों ने उन्हें अगवस्त्र व माला महनाकर सम्मानित किया। मानव जन सेवा संस्थान के संरक्षक व रेलवे के वाणिज्य निरीक्षक कुंवर नीरज सोमवंशी व मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश सिंह ने श्री गुप्ता के रेलवे के प्रति उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। राकेश गुप्ता अपने कार्यों के प्रति ईमानदार व कर्तव्य निष्ठ बताए जाते हैं। उन्होंने दिसम्बर माह में रेलवे के लिए अच्छा कार्य करते हुए पौने दो लाख से अधिक का राजस्व संग्रह कराया। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक मो0 शमीम, रवि कुमार, अमजद खान, राजाराम यादव, विपिन कुमार शर्मा, जीतेन्द्र कुमार, राजेश मिश्र, महक सोमवंशी, राम लखन सिंह, अखिलेश गौतम आदि मौजूद रहे।

### भीषण ठंड में डीएम से अलाव का प्रबन्ध कराए जाने की मांग

**प्रतापगढ़।** पिछले तीन दिनों से मौसम के करवट बदलने से गलन व ठण्ड बढ़ गयी है। सार्वजनिक संस्थानों तथा हाट बाजार के लोग मंगलवार को भी ठण्ड के कारण कंपकंपाते रहे। इसके बावजूद लालगंज तहसील अथवा नगर पंचायत द्वारा अलाव के प्रबन्ध नाकाफी देखे जा रहे है। तहसील परिसर में भी अलाव का प्रबन्ध न देख अधिवक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी। यही हाल चैक तथा मंदिरों व अस्पताल एवं ब्लाक मुख्यालयों पर भी देखा गया। अलाव के प्रबन्ध न होने से नाराज ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मंगलवार को डीएम को पत्र लिखकर तहसील एवं दीवानी परिसर समेत बस अडडे तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के प्रबन्ध की मांग की है। वहीं ठण्ड के कारण सरकार द्वारा निराश्रितो के लिए कम्बल जरूर भेजा गया है। किन्तु गांव के हिसाब से सरकारी कम्बलों का कोटा भी न के बराबर होने से वितरण व्यवस्था से सम्बन्धित लोग परेशान देखे जा रहे है। एक राजस्व गांव के लिए तीन से पांच कम्बल का मानक होने से गांव में निर्वाचित प्रतिनिधि असमंजस में हैं।

## मृतकों के घर शोक-संवेदना व्यक्त करने पहुंचे राजा भैया


शोक संवेदना व्यक्त करते राजा भैया

**कुण्डा।** बिहार राज्य के मोतिहारी जिले में ईंट-भट्ठे पर हुए हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के घर शोक-संवेदना व्यक्त करने जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया उनके घर पहुंचे। हादसे में मृत हुए बाबागंज ब्लॉक के मुस्सनापुर, बसवाही निवासी अनिल सरोज व दीपक सरोज और लरू निवासी सुभाष सरोज एवं कुण्डा ब्लॉक के कियांवा निवासी बुधई सरोज के घर पहुंचकर शोक-संवेदना व्यक्त की और सभी मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता करने की घोषणा की। इस दौरान बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डॉ. के.एन. ओझा, प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, रमेश सरोज, रामचन्दर सरोज, रामयश सरोज, पूर्व प्रमुख डब्बू सिंह, प्रधान प्रदीप यादव व मुलायम यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**प्रतापगढ़।** मोदी एवं योगी सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए मंगलवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जन चैपाल लगाया। भाजपा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जसमेढा, महमदपुर चारपुरा, रायपुर भटनी, बसंतराय में जन चैपाल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं हर कीमत पर समाज के जरूरतमंद को लाभान्वित होती दिखनी चाहिये। सरकार की मंशा है कि जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ समय से पारदर्शिता के साथ मिल सके। उन्होंनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुफ्त राशन योजना को गरीबों के लिए वरदान ठहराते हुए कहा कि इस योजना के बढ़ने से आज हर गरीब सम्मान की जिंदगी जी रहा है। पीएम मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारों द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ कडे अंकुश की सराहना की। सांसद विनोद ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में देश की प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूती मिली है। उन्होंनें चैपाल में आयी शिकायतों की भी सुनवाई करते हुए वहां मौजूद अफसरों को इन्हें निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। विभिन्न गांवों में लगी चैपालों में पहुंचे बीजेपी सांसद विनोद सोनकर का ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। सांसद ने पार्टी कार्यकताओं से भी मिलकर सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार कराए जाने पर जोर दिया। वहीं चैपाल में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने भी पार्टी की नीतियों को जन कल्याणकारी बताया। चैपाल में रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर समेत राजस्व तथा अन्य विभागों के भी कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति देखी गयी। कार्यक्रम में सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनकर, राजन मिश्रा, अभय प्रताप सिंह पप्पन, उदयशंकर पाण्डेय, योगेंद्र नाथ मिश्र, शीतला प्रसाद सोनकर, बब्लू मिश्रा, महेश सिंह, संतोष सिंह, जयराम यादव, अजय निर्मल, गटटे मिश्र, रामसहाय वर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू आदि मोजूद रहे।


संबोधित करते सांसद विनोद सोनकर

### अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के रामगंज निवासी लालजी सोनी पुत्र सालिकराम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तेईस दिसंबर को वह बाइक से लालगंज आया। यहां से काम के सिलसिले में प्रतापगढ़ बस से चला गया। लौटते समय रोडवेज यात्री सेवा पर बगल की सीट पर बैठा एक व्यक्ति बातचीत करने लगा। जब वह बस से लालगंज उतरा तो अपरिचित ने भी बाइक से उसे कुछ दूर ले चलने की बात कही। अज्ञात आरोपी ने पीड़ित की बाइक खुद चलाने के नाम पर उसे स्टार्ट किया। आरोपी पीडित की बाइक स्टार्ट कर उसे लेकर फुर्र हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण पर होगा कार्यक्रम : सीएमओ



**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बताया है कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश मनचेतना दिवस 05 जनवरी 2023 के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु जन जागरूकता किया जाना है। उन्होने बताया है कि जन जागरूकता हेतु साकेत पीजी कालेज के 300 छात्राओं द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक एवं चार्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दोपहर 12 से 1 बजे के बीच साकेत गर्ल्स पीजी कालेज से अम्बेडकर चैराहा तक रैली निकाली जायेगी। इसके बाद मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम अम्बेडकर चैराहा पर आयोजित किया जायेगा।

## सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच का भारतीय परिस्थितियों से 'बड़ा संबंध': पैट कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच का भारतीय परिस्थितियों से 'बड़ा संबंध' है और उन्हें उम्मीद है कि इससे उनकी टीम को भारत में आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी का आदर्श मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है और एससीजी में जीत जून में ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उसकी जगह लगभग पक्की कर देगी। ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में संघर्ष करता रहा है और फरवरी में भारत के दौरे को ध्यान में रखते हुए एससीजी में सूखी और स्पिन की अनुकूल पिच की उम्मीद है। कमिंस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, इसका भारत से बहुत बड़ा संबंध है। तेज गेंदबाजी और रिवर्स स्विंग की इसमें अहम भूमिका होगी जिसकी हम भारत में उम्मीद कर सकते हैं।



# जयदेव उनादकट ने रणजी ट्रॉफी में रचा इतिहास, मैच के पहले ही ओवर में ली हैट्रिक

## उनादकट रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र और दिल्ली के बीच रणजी ट्रॉफी 2022-23 का मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज और सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने घरेलू क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। उनादकट रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। आपको बता दें कि मैच में दिल्ली की टीम ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले बैटिंग करने का फैसला एकदम गलत साबित हुआ। उनादकट ने दिल्ली की टीम के खिलाफ शुरूआत करते ही विकेटों की झड़ी लगा दी। उनादकट ने मैच का पहला ओवर किया और तीसरी बॉल पर ध्रुव शौरी को रूप में पहला विकेट लिया। उसके बाद लगातार दो बॉल पर वैभव रावल और कप्तान यश ढुल को शिकार बनाया। यह तीनों खाता भी नहीं खोल सके। इस हैट्रिक के बाद दिल्ली की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई और 53 रनों तक आते-आते उसने अपने आठ विकेट गंवा दिए। इस स्कोर तक जयदेव उनादकट ने नौ ओवर में 29 रन देकर सबसे ज्यादा छह विकेट अपने नाम किए।



***टेस्ट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने का कारनामा इरफान पठान ने किया था***

उल्लेखनीय है कि टेस्ट में पहले ओवर में हैट्रिक लेने का कारनामा इरफान पठान ने किया था। उन्होंने 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में पहले ही ओवर में हैट्रिक ली थी। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे। उल्लेखनीय है कि 2010 के बाद जयदेव उनादकत की बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया में वापसी हुई थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन भी किया था। अब रणजी ट्रॉफी मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेने वाले जयदेव पहले गेंदबाज बने।

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरी, वनडे सीरीज खेलेंगे जसप्रीत बुमराह...एनसीए में पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वनडे सीरीज में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया है। बुमराह चोट की वजह से सितंबर 2022 से टीम इंडिया से दूर चल रहे थे। अब उन्होंने नेशनल क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। बता दें कि जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण सितंबर 2022 से ही इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर थे। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में खेला गया टी20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेला था। वह तभी से बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (ठउअ) में रिहैब के लिए थे। मगर अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित कर दिया है।अब बुमराह वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल होंगे। भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जायेगा। इसके बाद होने वाले दो मैच कोलकाता (12 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम में आयोजित होंगे।



## दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक के रूप में इस लीग में वापसी करेंगे सौरव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली अप्रैल में शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से दिल्ली कैपिटल्स टीम के क्रिकेट निदेशक के रूप में इस लीग में वापसी करेंगे। आईपीएल से जुड़े सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने अक्टूबर में बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स के अलावा इस फ्रेंचाइजी से जुड़ी आईएलटी20 की टीम दुबई कैपिटल्स और दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग की टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के क्रिकेट से जुड़े कार्यों को देखेंगे। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईपीएल के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, जी हां, सौरव गांगुली इस साल से दिल्ली कैपिटल्स के साथ वापसी करेंगे। फ्रेंचाइजी और उनके बीच इसे लेकर चर्चा हुई है। सूत्र ने कहा, उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है, इसके मालिकों के साथ उनकी अच्छी समझ है । अगर वह आईपीएल में काम करना चाहेंगे तो हमेशा दिल्ली कैपिटल्स के साथ ही करेंगे। गांगुली 2019 में इस फ्रेंचाइजी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर थे। यह समझा जाता है कि फ्रेंचाइजी ने हालिया नीलामी में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और गांगुली दोनों के सुझाव का पालन किया।



# वर्ल्डकप के बाद जिन्हें हटाया, वही चेतन फिर बन सकते हैं चीफ सेलेक्टर!

## क्या है इबीसीसीआई का मास्टर प्लान?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) एक बार फिर से चेतन शर्मा को ही चीफ सेलेक्टर बनाने जा रहा है। ऐसे में बीसीसीआई का प्लान समझ से परे है। अगर चेतन शर्मा को ही जब दोबारा चीफ सेलेक्टर बनाना था, तो उन्हें बर्खास्त ही क्यों किया गया था? मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चेतन ही सबसे ज्यादा 23 टेस्ट मैच खेलने के कारण दावेदार बनते नजर आ रहे हैं। जबकि पूर्व सेलेक्शन कमेटी में रहे हरविंदर सिंह फिर से सेंट्रल जोन के लिए दावेदार माने जा रहे हैं। आपको बता दें कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में शर्मनाक हार पर टीम इंडिया की आलोचना के बाद बीसीसीआई ने चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद से नई चयन समिति की प्रकिया जारी है। बताया जा रहा है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा एक और कार्यकाल के लिए टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर बने रह सकते हैं।



***इन लोगों ने की दावेदारी पेश***

जिन लोगों ने सोमवार को इंटरव्यू दिया उसमें चेतन शर्मा, हरविंदर सिंह, पूर्व बल्लेबाज अमय खुरसिया, पूर्व विकेटीकपर अजय रात्रा, पूर्व सलामी बल्लेबाज एसएस दास, एस. शरथ और कोनोर विलियम्स के नाम शामिल हैं। पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद का नाम भी जोर-शोर से चल रहा था लेकिन उन्हें शॉर्ट लिस्ट नहीं किया गया।

***चयन के मानदंड क्या हैं?***

चयनकर्ता पद के लिए इउउककी ओर से सूचीबद्ध मानदंड के अनुसार, उम्मीदवारों को न्यूनतम 7 टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेला हुआ होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल पहले खेल से संन्यास लेना भी अहम शर्त है। इस बीच अहम जानकारी ये भी सामने आ रही है कि इस बार इउउककिसी भ्रम की स्थिति से बचने के लिए सिर्फ एक साल का करार देगी।

## बीच मैच में डमार हैमलिन की हृदय गति रुकने के बाद अस्पताल में भर्ती

**सिनसिनाटी।** अमेरिका के फुटबॉल खिलाड़ी डमार हैमलिन की हृदय गति बीच मैच के दौरान रुकने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है। अमेरिकी नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) में बफैलो बुल्स के 24 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को सिनसिनाटी बेंगॉल्स के खिलाफ मैच के दौरान विपक्षी खिलाड़ी से टकराकर जमीन पर गिर गए। हैमलिन को 30 मिनट तक मैदान पर ही चिकित्सीय मदद प्रदान की गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। एनएफएल ने एक घंटे के अंतराल के बाद मैच को रद घोषित कर दिया। बफैलो बुल्स ने एक बयान जारी कर हैमलिन की हृदय गति रुकने की पुष्टि की। साथ ही बयान में कहा गया कि उनके दिल ने मैदान पर ही धड़कना शुरू कर दिया था। हैमलिन के प्रतिनिधि जॉर्डन रूनी ने ट्विटर पर लिखा, उसके दिल ने सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है।



उन्होंने (डॉक्टरों) उसके गले के नीचे एक श्वास नली डालने के लिये उसे सुला दिया है। वे फिलहाल जांच कर रहे हैं। हम अग्रिम सूचना मिलते ही आप सभी तक पहुंचाते रहेंगे। चोट के कारण एनएफएल खेलों को शायद ही कभी निलंबित किया जाता है। मैच में कमेंटेटरों ने बताया कि मैच का रद्द होना इस दुर्घटना की गंभीरता को दशार्ता है।

# मलेशिया ओपेन : मलेशिया ओपन में नहीं खेलेंगे चोटिल ध्रुव-अर्जुन, थाईलैंड में जीत पर टिकी हैं निगाहें

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन के लिए बीता सत्र शानदार सफलता से भरा रहा, जिसमें युवा ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की जोड़ी पुरुष युगल में दूसरी सर्वश्रेष्ठ जोड़ी बनकर उभरी। पंजाब के 22 वर्षीय ध्रुव और केरल के 25 वर्षीय अर्जुन भले ही अपने से बेहतर हमवतन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पांचवें स्थान पर) के बराबर सफलता हासिल नहीं कर पाये हो लेकिन पिछले 12 महीने में विश्व रैंकिंग में 42वें से 19वें स्थान पर पहुंचना कोई छोटी उपलब्धि नहीं हैं। इस दौरान अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ जीत, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप सहित दुनिया की बड़ी टूर स्पधाओं के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना और थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा बनने से 2023 के लिए उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया है।



अर्जुन ने कहा, हमारी जोड़ी नॉकआउट चरण में नहीं खेली थी, फिर भी मैं थॉमस कप की जीत को सबसे बड़ी उपलब्धि मानता हूं। बीते सत्र में हमारे प्रदर्शन को थॉमस कप से पहले और बाद में विभाजित किया जा सकता है क्योंकि इसने हमें तीन सेट तक चले मैचों को जीत में बदलने के लिए बहुत आत्मविश्वास दिया और यह हमारे प्रदर्शन में दिखा है। उन्होंने कहा, विश्व चैंपियनशिप में भी हमारा प्रदर्शन शानदार रहा, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना बड़ी बात थी। हमने इंडोनेशिया सुपर 1000 (दूसरे राउंड), सिंगापुर 500 (क्वार्टर फाइनल) में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत में एक चैलेंजर स्पर्धा को जीता। इस तरह के प्रदर्शन ने हमें आत्मविश्वास दिया है कि हम और बेहतर कर सकते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए एक मई से क्वालीफिकेशन की दौड़ शुरू होगी और इस जोड़ी ने कहा कि उनका मकसद इसमें जगह पक्की करना है।

ध्रुव ने कहा, हमें इस स्तर को बनाए रखना है। यह ओलंपिक पूर्व वर्ष है, इसलिए ध्यान क्वालीफिकेशन पर होगा। यह कठिन है लेकिन फिर भी हमें इसकी कोशिश करनी है, हमें विश्वास है कि हम इसे हासिल कर सकते हैं। मई से हम अधिक टूर्नामेंट खेलने पर जोर देंगे। यह भारतीय जोड़ी अभी 21वें स्थान पर है और ओलंपिक के लिए 30 अप्रैल, 2024 को खत्म होने वाली क्वालीफायर सूची की घोषणा के समय उन्हें शीर्ष आठ में रहना होगा। अर्जुन ने कहा, हमारा लक्ष्य फरवरी में थाईलैंड ओपन जीतना है। मार्च में यूरोपीय सर्किट शुरू होने से पहले हम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

ध्रुव और अर्जुन हालांकि चोट के कारण अगले हफ्ते होने वाले मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। इस जोड़ी का इंडिया ओपन में खेलना भी तय नहीं है। इंडिया ओपन को इस साल से सुपर 750 टूर्नामेंट में अपग्रेड किया गया है। अर्जुन ने कहा, फ्रेंच ओपन के समय अभ्यास के दौरान मुझे यह चोट लगी थी, इसलिए मैं हाइलो ओपन से हट गया था। मुझे लगा कि मैं ठीक हो गया हूं, लेकिन कुछ सप्ताह पहले प्रशिक्षण शुरू करते समय मुझे फिर से असुविधा महसूस हुई, इसलिए अब मैं इससे उबरने के लिए मुंबई में हूं। यह ज्यादा गंभीर चोट नहीं है।

## डीन एल्गर ने सिडनी टेस्ट से पूर्व कहा- अब भी काफी कुछ दांव पर लगा है

**सिडनी।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने कहा है कि बुधवार को जब वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में उतरेंगे तो श्रृंखला गंवाने के बावजूद प्रतिष्ठा और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बरकरार रखने से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। ब्रिसबेन और मेलबर्न में पहले दो टेस्ट जीतकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया पहले ही तीन मैच की श्रृंखला अपने नाम कर चुका है लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिहाज से इस मैच का नतीजा महत्वपूर्ण हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अगर जीत दर्ज करती है तो इस साल होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में बनी रहेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अभी तालिका में ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के बाद चौथे स्थान पर है। सिडनी में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगा। एल्गर ने मैच से पूर्व संवाददाताओं से कहा, अब भी काफी कुछ दांव पर लगा है। हम प्रतिष्ठा के लिए खेल रहे हैं, हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की संभावना के लिए खेल रहे हैं। इसलिए हमारे लिए काफी कुछ दांव पर लगा है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए काफी प्रेरणादायी होगा। मैं प्रत्येक टेस्ट अपने अंतिम टेस्ट की तरह खेलता हूं और उम्मीद करता हूं कि इस बार हम बेहतर चुनौती पेश कर पाएंगे। हम हमेशा अच्छा टेस्ट क्रिकेट खेलना है और इस बार बेहतर प्रदर्शन करने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे।



# सांतोस क्लब स्टेडियम में रखा गया पेले का पार्थिव शरीर, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का पार्थिव शरीर उनके पूर्व क्लब सांतोस एफसी के स्टेडियम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। साओ पाउलो स्थित विला बेलमिरो स्टेडियम में पेले को देखने के लिए फैंस लगातार पहुंच रहे हैं। पेले का पार्थिव शरीर यहां अगले 24 घंटे तक रखा रहेगा। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार (तीन जनवरी) को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 के बाद किया जाएगा। सांतोस के कब्रिस्तान मेमोरियल नेक्रोपोले एक्यूमेंनिका में उनका अंतिम संस्कार होगा। पेले ने करियर की शुरूआत सांतोष क्लब से की थी। 15 साल की उम्र में उन्होंने 1956 में सांतोष क्लब के साथ करार किया था। पेले ने सांतोस के लिए अपने पहले ही मैच में गोल दाग दिया था। उसके बाद से वह टीम अहम सदस्य बन गए। वह 1974 तक क्लब के साथ जुड़े रहे। पेले 1975 से 1977 तक न्यूयॉर्क कॉसमॉस क्लब के लिए भी खेले। पेले के साथ करार करने के लिए इटली के क्लब युवेंटस, स्पेन के क्लब बार्सिलोना, रियल मैड्रिड और इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने कई प्रयास किए। बड़े-बड़े ऑफर के बावजूद पेले ने सांतोस का साथ नहीं छोड़ा। वह इसी क्लब के साथ जुड़े रहे। आपको बता दें कि ब्राजील के पूर्व फुटबाल स्टार और तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले का 82 साल की उम्र में 30 दिसंबर को निधन हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार फुटबॉल के बेताज बादशाह पेले कोलन कैंसर से पीड़ित थे। एथलीट ऑफ द सेंचुरी पेले को 29 नवंबर को साओ पाउलो में अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोविड-19 के पीड़ित होने के बाद उन्हें कोलन कैंसर के उपचार के लिए श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। फुटबॉल के इस बेताज बादशाह ने अस्पताल में अंतिम सांस ली।



## नहीं रहे धोनी को ढूंढने वाले पूर्व बीसीसीआई अधिकारी प्रकाश पोद्दार, 82 वर्ष की उम्र में हुआ निधन

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व कप्तान और जूनियर चयनकर्ता प्रकाश पोद्दार का मंगलवार को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वर्ष 1940 में जन्मे पोद्दार ने बंगाल के लिए 1960 और 1977 के बीच 74 मैच खेलकर 11 शतकों के साथ 3836 रन बनाये। पोद्दार बंगाल के कप्तान थे, लेकिन उन्होंने दो बार राजस्थान के साथ खेलते हुए भी रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनायी थी। वह 1970-71 रणजी सत्र में 70.25 की औसत से 562 रनों के साथ तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। पोद्दार ने सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 'टैलेंट रिसोर्स डेवलपमेंट विंग' (टीआरडीएस) के अधिकारी के रूप में काम किया, जिसे 2002 में युवा और होनहार भारतीय क्रिकेटरों को ढूंढने के लिये स्थापित किया गया था। दिलीप वेंगसरकर को तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष स्वर्गीय जगमोहन डालमिया द्वारा स्थापित इस पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पोद्दार को टीआरडीएस में काम करते हुए 2003 में महेंद्र सिंह धोनी को ढूंढने का श्रेय दिया जाता है। पोद्दार ने उस समय बतौर टीआरडीएस अधिकारी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भेजी गयी रिपोर्ट में धोनी के बारे में लिखा था, गेंद को अच्छी तरह मारता है, उसके पास बहुत शक्ति है लेकिन उसे विकेट-कीपिंग पर काम करने की जरूरत है। तकनीकी रूप से बहुत अच्छा नहीं है। विकेटों के बीच दौड़ने में बेहतरीन है। इसके बाद धोनी को 2003/04 में भारत-ए के लिये चुना गया, जबकि 23 दिसंबर 2004 को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे कदम रखा। भारत ने धोनी की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2007, एकदिवसीय विश्व कप 2011 और चैंपियन्स ट्रॉफी 2013 का खिताब अपने नाम किया।



# रक्षा मंत्री ने 28 परियोजनाओं को किया राष्ट्र को समर्पित, सीमा की सुरक्षा का दिया भरोसा

## कुल 724 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं में कई पुल और सड़कें शामिल, राजनाथ ने सीमावर्ती क्षेत्रों, खास कर पूर्वोतर में बुनियादी ढांचा विकास में बीआरओ की भूमिका की सराहना की और कहा इससे आर्थिक सामाजिक प्रगति के साथ देश की सीमाएं भी मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान राजस्थान से लेकर लद्दाख तथा पूर्वोत्तर राज्यों सहित सात सीमावर्ती राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन ( बीआरओ ) की 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। कुल 724 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं में कई पुल और सड़कें हैं। इस अवसर पर उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों, खास कर पूर्वोतर में बुनियादी ढांचा विकास में बीआरओ की भूमिका की सराहना की और कहा कि इससे आर्थिक सामाजिक प्रगति के साथ देश की सीमाएं भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत शांति का पक्षधर है पर लड़ाई थोपी गयी तो उसके लिए तैयार है। अरुणाचल प्रदेश में अलॉन्ग-यिंकिओनग रोड पर सियोम ब्रिज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने लद्दाख और मिजोरम में तीन वीसैट-आधारित टेलीमेडिसिन नोड्स का भी उद्घाटन किया । इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा, ये परियोजनाएं बढ़ी हुई रक्षा तैयारियों और सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए सीमा क्षेत्र के



विकास के प्रति सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि भारत युद्ध में विश्वास नहीं करता, लेकिन अगर मजबूर किया गया तो हम लड़ने के लिए तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बीआरओ की इन परियोजनाओं में परियोजनाओं में सियोम पुल सहित 22 पुल तीन सड़के और तीन अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें से आठ परियोजनाएं लद्दाख ,पांच अरुणाचल प्रदेश ; चार जम्मू और कश्मीर ; सिक्किम, पंजाब और उत्तराखंड में तीन-तीन और राजस्थान में हैं। इसके अलावा तीन टेलीमेडिसिन नोड्स का उद्घाटन किया गया है जिनमें दो लद्दाख में और एक मिजोरम में है। रक्षा मंत्री ने इन परियोजनाओं को सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को बढ़ाने और दूरदराज के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास की दिशा में सरकार और बीआरओ के ठोस प्रयासों की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ना और यहां के निवासियों का विकास सुनिश्चित करना है। श्री सिंह ने कहा, दुनिया आज कई तरह के संघर्षों को देख रही है। भारत हमेशा युद्ध के खिलाफ रहा है। यह हमारी नीति है। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उस संकल्प की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जब उन्होंने कहा कि 'यह युद्ध का युग नहीं है'। हम युद्ध में विश्वास नहीं रखते, लेकिन अगर यह हम पर थोपा गया तो हम लड़ेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र सभी खतरों से सुरक्षित है। हमारे सशस्त्र बल तैयार हैं और यह देखकर खुशी हो रही है कि बीआरओ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। श्री सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से देश की सुरक्षा को मजबूत करने में बीआरओ की भूमिका की सराहना की। उन्होंने हाल में पूर्वोत्तर में चीन की सेना के साथ मुकाबले की ओर संकेत करते हुए यह भी कहा, हाल ही में, हमारी सेना ने उत्तरी क्षेत्र में प्रतिकूल स्थिति का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया।

### भारत में कोरोना के सामने आए 134 नए मामले, जानिए पॉजिटिविटी रेट

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 134 नए मामले आए जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 2,582 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 4.46 करोड़ (4,46,78,956) दर्ज की गयी। संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 5,30,707 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.09 प्रतिशत दर्ज की गयी जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.13 प्रतिशत दर्ज की गयी।

उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गयी है। बीते 24 घंटे में कोविड-19 का उपचार करा रहे मरीजों की संख्या में 88 मामलों की कमी दर्ज की गयी है। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,45,667 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

### फोटोशूट में अवनीत कौर ने पार की बोल्डनेस की हदें, लोग बोले- उर्फी का साइड इफेक्ट है



**मुंबई।** अवनीत कौर अपने बोल्ड अंदाज के लिए ही जानी जाती हैं। अब दुबई में उन्होंने बेहद सिजलिंग फोटोशूट कराया है, जिसकी तस्वीरें फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। फोटोशूट के दौरान अवनीत कौर ने ब्लैक रंग का हॉट आउटफिट पहना है। अवनीत ने फोटोशूट के लिए कई पोज दिए, जिन्हें देख फैंस का दिल धड़क उठा है। अवनीत ने फोटोशूट का वीडियो शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा है कि जब आप दुबई में हों... उनका ये फोटोशूट अक्षय नवलखे ने किया है। अवनीत के फोटोशूट वीडियो पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं। हजारों फैंस उनके पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं.हालांकि इतना सिंजलिंग और बोल्ड फोटोशूट देखकर कुछ यूजर अवनीत कौर को ट्रोल भी कर रहे है। एक यूजर ने अवनीत कौर को ट्रोल करते हुए लिखा, ₹उर्फी का साइड इफेक्ट है। कई और भी यूजर उनके इस फोटोशूट पर निशाना साध रहे हैं. आपको बता दें कि हाल ही में अवनीत कौर तब ट्रोल हो गईं थीं जब उन्होंने तुनिषा शर्मा के अंतिम संस्कार के एक दिन बाद ही अपना वीडियो सोशल मीडिया पर अपडेट कर दिया था।

## खास खबर

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक यहां 16-17 जनवरी को होगी और इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी दी जा सकती है। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख संगठनात्मक निकाय की बैठक में विभिन्न राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों का भी जायजा लिया जाएगा।

### पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गुरदासपुर क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ की इस कोशिश का सुबह करीब आठ बजे पता चला और ऐसा बताया जा रहा है कि घुसपैठिया हथियारबंद था। उन्होंने बताया कि इलाके में अभी तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

### यूपी के मदरसों में अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण वर्ग के छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए मदरसों के अध्यापकों को ट्रेनिंग दिलवायी जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर संचालित किये जाएं, ताकि बच्चों को अद्तन एवं कौशल विकास संबंधी गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को नवाचार, रोजगार और उद्यमशीलता से जोड़ा जाए।

# भाजपा देश के लिए नहीं अपने लिए काम करती है : नीतीश

**पटना।** बिहार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित कर राज्य की महागठबंधन पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश ने भाजपा से गठबंधन तोड़ कर जनादेश का अपमान किया है। वक्त आने पर प्रजातांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा। नडडा के इसी बयान पर नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। नीतीश ने साफ तौर पर भाजपा पर खुद के लिए काम करने का आरोप लगाया। अपने बयान में सीएम नीतीश ने कहा कि सभी दलों को यात्रा करने का अधिकार है वे (बीजेपी) देश के लिए काम नहीं करते हैं वे अपने लिए काम करते हैं और इसीलिए हमारी पार्टी ने उनसे गठबंधन तोड़ा।

दूसरी ओर बिहार दौरे पर पहुंचे नड्डा ने कहा कि आज हजारों करोड़ रुपये के पुल बिहार में बन रहे हैं... ये बिहार की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदलने वाले हैं। ये सब काम शुरू हुए मोदी जी के नेतृत्व में... लेकिन अब एक समस्या है हम ऊपर से तब लक्ष्मी भेज देने वाले हैं लेकिन अगर नीचे जंगलराज होगा काम नहीं होगा। विकास थम जाता है। नड्डा ने नीतीश पर हमला कर कहा कि उन्होंने जो फैसला लिया वहां उन्हें मुबारक लेकिन उन्होंने बिहार की जनता को धोखा दिया है जनादेश का अनादर किया है। उन्हें प्रजातांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा। हम कुर्सी पर बैठने के लिए नहीं बिहार का विकास करने के लिए सत्ता में थे। नडडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ा रहे थे कि देश का प्रधानमंत्री लाल किले से शौचालय की बात कर रहा है। कांग्रेसी इसकारण मजाक उड़ा रहे थे क्योंकि उन्होंने गरीबी देखी ही नहीं थी। आज 12 करोड़ बहनों को इज्जत घर पीएम मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में मैंने आगाह किया था तेजस्वी की सरकार आ जाएगी तब जंगलराज आ जाएगा। आज मैं कह सकता हूँ कि बिहार में जंगलराज आ चुका है। अगस्त महीने में ही कितनी हत्याएं हुई।

### फुकेट जा रहा इंडिगो का विमान हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी के बाद दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट जा रहा इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान हाइड्रोलिक प्रणाली में खराबी के बाद मंगलवार सुबह दिल्ली हवाईअड्डे पर लौट आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब छह बजकर 25 मिनट पर फुकेट के लिए रवाना हुआ ए 320 नियो विमान हाइड्रोलिक खराबी के कारण सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट पर यहां हवाई अड्डे पर लौटा। सूत्रों ने कहा कि विमान दिल्ली हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतर गया। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ए320 नियो विमान वीटी-आईएलएम द्वारा परिचालित उड़ान 6ई-1763 को हाइड्रोलिक ग्रीन सिस्टम के खराब होने के कारण वापस लौटना पड़ा। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि दिल्ली से फुकेट जाने वाली उसकी उड़ान संख्या 6ई-1763 में दिल्ली से उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। बयान में कहा गया है, विमान आवश्यक रखरखाव के लिए दिल्ली वापस आ गया। यात्रियों को फुकेट जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है। यात्रियों की संख्या के बारे में विवरण तत्काल पता नहीं चल सका है।

# विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से वर्ल्ड के टॉप देशों में हो रहा शामिल: पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 108वां इंडियन साइंस कांग्रेस को संबोधित किया



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 108वां इंडियन साइंस कांग्रेस को संबोधित कर रहे हैं। जिसका थीम है साइंस और टेक्नालॉजी फॉर सस्टेनबल डेवलपमेंट विद वीमन इनपॉवरमेंट। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत अब विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल है, वैश्विक नवाचार सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) में उसका रैंक 2015 में 81 था जो 2022 में 40 हो गया। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि भारत की आवश्यकता की पूर्ति के लिए, भारत में साइंस का विकास, हमारे वैज्ञानिक समुदाय की मूल प्रेरणा होनी चाहिए। आज साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से वर्ल्ड के टॉप देशों में शामिल हो रहा है। देश के पास डाटा और तकनीकी में भारत की साइंस को नई बुलंदियों पर पहुंचाने की ताकत है। अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैज्ञानिक ऐसा संस्थागत ढांचा विकसित करें जो युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। टैलेंट हंट जैसी प्रतिभाओं के जरिए प्रतिभाओं की पहचान की जा सकती है और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है। आज खेल में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है ,इसकी वजह है कि खेल के प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया।गुरु शिष्य की भारतीय परंपरा विज्ञान के क्षेत्र में भी मददगार हो सकती है जिसमें शिष्य की सफलता में गुरु अपनी सफलता देखता है। हम ऐसे विषयों पर काम करें जो पूरी मानवता के लिए जरूरी हैं। भारत का वैज्ञानिक समुदाय यदि ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने पर अनुसंधान करे तो इससे भारत का बड़ा भला होगा। मोदी ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों और हमारे उद्योग जगत को साथ मिलकर काम करना होगा।आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जब मानव के सामने नई-नई बीमारियों का संकट मंडरा रहा है।हमें नए वैक्सीन तैयार करने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट को महत्व देना होगा। उन्होंने कहा कि क्वांटम के क्षेत्र में हमारे नए वैज्ञानिक रुचि लें,आगे बढ़े और देश को ऊपर ले जाए। हमें ऐसे भविष्य के विचारों पर भी काम करना होगा जिन पर अभी कहीं काम नहीं हो रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार समाज के प्रति भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण योगदानों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने वाला भारत का गौरव मेगा-एक्सपो मुख्य आकर्षण होगा। उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र के राज्यपाल और महाराष्ट्र शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री और आरटीएमएनयू शताब्दी समारोह की सलाहकार समिति के अध्यक्ष नितिन गडकरी, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शामिल रहे। इस वर्ष कार्यक्रम की विषयवस्तु सांइस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलप्मेंट विद विमेन एमपावरमेंट (महिला सशक्तिकरण सहित सतत विकास के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी) है।

# जम्मू : सांबा के एक किलोमीटर क्षेत्र में दो महीने के लिए रात्रि कर्फ्यू

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उठाया कदम



**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में प्रशासन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे एक किलोमीटर क्षेत्र में आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दो महीने की अवधि के लिए रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है। सांबा जिले के उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में जिलाधिकारी की हैसियत से अनुराधा गुप्ता ने कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर वर्तमान सुरक्षा स्थिति को देखते हुए धारा 144 लागू करने आदेश दिया गया है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के जिला सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ लगे एक किमी तक के क्षेत्र में रात 09 बजे से सुबह 06 बजे तक घूमना वर्जित होगा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा पर जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक के दौरान बीएसएफ अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर के इलाके में अपने कर्तव्यों और अधिक प्रभावी ढ़ंग से निभाने के लिए रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक सीमा क्षेत्र में रात का कर्फ्यू लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बीएसएफ अधिकारियों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के करीब बेहतर वर्चस्व सुनिश्चित करने और इन बेल्ट में नापाक गतिविधियों को रोकने के लिए, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही को नियमित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही को नियमित करने से सीमा क्षेत्र में बीएसएफ की क्षेत्र में बेहतर पकड़ और शत्रुओं के नापाक मंसूबों को नाकाम किया जा सके।

# अभिव्यक्ति की आजादी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 'मंत्री के बयान को सरकार से जोड़ा नहीं जा सकता'

## बयान राज्य के किसी मामले को लेकर हो या सरकार की रक्षा करने वाला हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू करने के बावजूद, किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के साथ नहीं जोड़ा जा सकता। न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत उल्लेखित पाबंदियों के अलावा स्वतंत्र अभिव्यक्ति के खिलाफ कोई अतिरिक्त पाबंदी लागू नहीं की जा सकती। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत को लागू करने के बावजूद किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के साथ नहीं जोड़ा जा सकता, फिर भले ही वह बयान राज्य के किसी मामले को लेकर हो या सरकार की रक्षा करने वाला हो। न्यायालय ने कहा, अनुच्छेद 19(1) के तहत मौलिक अधिकार का प्रयोग राज्य के अलावा अन्य व्यवस्था के खिलाफ भी किया जा सकता है। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने एक अलग आदेश लिखा। उन्होंने कहा कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बेहद आवश्यक अधिकार है ताकि नागरिकों को शासन के बारे में अच्छी तरह जानकारी हो।

उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाला भाषण असमान समाज का निर्माण करते हुए मूलभूत मूल्यों पर प्रहार करता है और विविध पृष्ठभूमियों, खासतौर से हमारे भारत जैसे देश के, नागरिकों पर भी प्रहार करता है।

यह फैसला इस सवाल पर आया है कि क्या किसी सार्वजनिक पदाधिकारी के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर पाबंदियां लगायी जा सकती हैं ?

# तमिलनाडु के कुड्डालोर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

## खड़ी कार में पीछे से लारी ने मारी टक्कर



**कुड्डालोर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में वेप्पुर के पास चेन्नई-त्रिची राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में दो बच्चों सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग चेन्नई जा रहे थे। अय्यनार्पालयम में एक फ्लाईओवर के निर्माण का काम चल रहा था जिससे यातायात बाधित हो गया। जाम के कारण कार वेप्पुर के पास रुकी थी तभी तेज रफ्तार से आ रही एक लॉरी ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार आगे खड़ी एक अन्य कार से जा टकराई और उसके तथा टक्कर मारने वाली लॉरी के बीच बुरी तरह दब गई। हादसे में सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि कार चला रहे व्यक्ति की पहचान चेन्नई के नांगनल्लूर निवासी विजयराघवन के तौर पर हुई है। हादसे में उनकी मां, पत्नी और दो बच्चों की भी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि लॉरी चालक हादसे के बाद फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ कर हिरासत में ले लिया।

# 'यूटर्न के उस्ताद' हैं प्रधानमंत्री मोदी : जयराम रमेश

## मोदी नीत सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को खत्म कर दिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को खत्म कर दिया है और उसके नए साल के इस उपहार से 81 करोड़ लोगों को मिलने वाले अनाज में 50 प्रतिशत की कटौती हो गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूटर्न के उस्ताद हैं, क्योंकि गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की जिन नीतियों का विरोध किया करते थे, अब उनका श्रेय ले रहे हैं। रमेश ने एक बयान में कहा, साल 2023 की शुरूआत इस चिंताजनक खबर से हुई कि प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना को खत्म कर दिया। पिछले दो वर्षों से 81 करोड़ लोगों को 10 किलोग्राम प्रति महीने अनाज मिल रहा था, लेकिन अब पांच किलोग्राम ही मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने यह प्रतिगामी निर्णय राज्यों के साथ कोई विचार-विमर्श किए बिना लिया तथा इस पर संसद में कोई भी चर्चा नहीं हुई। रमेश ने कहा, मोदी सरकार खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज दिए जाने को गरीबों को फायदा पहुंचाने वाले ऐतिहासिक निर्णय बताकर फर्जी तरीके से ढिंढोरा पीट रही है, जबकि असली लाभार्थी मोदी सरकार है, जिसने एक लाख करोड़ रुपये बचाए हैं तथा राशनकार्ड धारकों की बचत नहीं होगी, क्योंकि उनका खर्च बढ़ेगा। उनके मुताबिक, यदि किसी व्यक्ति को 10 किलोग्राम गेहूं मिलता था, तो उसे खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पांच किलोग्राम गेहूं का 10 रुपये देना पड़ता था और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पांच किलोग्राम गेहूं मुफ्त मिलता था। अब उस व्यक्ति को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत 10 रुपये की बचत होगी, लेकिन पांच किलोग्राम गेहूं खुले बाजार में खरीदने पर विवश होना पड़ेगा, जिसके लिए उसे 150 से 175 रुपये तक चुकाने पड़ सकते हैं। उनका कहना है, अगर पांच लोगों का परिवार है, तो उसे हर महीने 750 रुपये यानी साल में 9000 रुपये खर्च करने होंगे। रमेश ने कहा, कांग्रेस मोदी सरकार से आह्वान करती है कि वह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को खत्म करने के बाद बचाए गए एक लाख करोड़ रुपये का उपयोग खाद्य सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए करे। उन्होंने कहा, 2013 में मुख्यमंत्री मोदी ने खाद्य सुरक्षा कानून का विरोध किया था। मनरेगा से लेकर खाद्य सुरक्षा कानून तक, मुख्यमंत्री मोदी ने संप्रग सरकार की जनहितैषी नीतियों का विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अब उन्हीं के लिए श्रेय लेते हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू : राजस्थान में 1,000 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजना की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को जयपुर में डिजिटल तरीके से 1,000 मेगावॉट क्षमता की बीकानेर सौर बिजली परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन लगाएगी। राष्ट्रपति दो दिन के दौरे पर राजस्थान गयी हुई हैं। बिजली कंपनी एसजेवीएन ने बयान में कहा कि इस मौके पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद थे। बयान के अनुसार, परियोजना का क्रियान्वयन कंपनी की पूर्ण अनुषंगी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लि. (एसजीईएल) करेगी। एसजेवीएन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा ने कहा, परियोजना पर 5,492 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और इरेडा (भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिये 44.72 लाख रुपये प्रति मेगावॉट का समर्थन देगी।



**पंजाब और हरियाणा में मंगलवार को शीतलहर का प्रकोप रहा और कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। इस दौरान दोनों राज्यों के अधिकतर स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में सबसे ठंडा स्थान भटिंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं हरियाणा के सिरसा में न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री नीचे दर्ज किया गया।**

# धोखाधड़ी कर जमीन बिक्री करने वाला भेजा गया जेल

**कार्रवाई**

**नपा अध्यक्ष, पति व भतीजे समेत सात लोगों के विरुद्ध दर्ज है मामला**

**शाहगंज।** कोतवाली पुलिस ने एराकियाना मोहल्ला निवासी राजेश कुमार पुत्र शिव कुमार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। राजेश ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर करोड़ों की सम्पत्ति को पूर्व पालिकाध्यक्ष को बैनामा कर दिया था। जिस बावत भूमि स्वामी पुराना चौक निवासी अमरनाथ अग्रहरि ने भादवि की धारा 419/420/467/468/471/120बी/506 के तहत मामला दर्ज कराया था।

मालूम रहे कि पुराना चौक मोहल्ला निवासी अमरनाथ पुत्र भोलानाथ का एराकियाना मोहल्ले में एक अहाता है जिस पर वर्ष 1982 से कर जमा होता चला आ रहा है। बताया जाता है कि उक्त कीमती भूमि का फर्जीवाड़ा कर राजेश कुमार पुत्र शिव कुमार का नाम दर्ज कर लिया गया। बाद में नपा अध्यक्ष के भतीजे अनुराग जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल के नाम बैनामा ले लिया गया। जिसके बाद कोर्ट गये पीड़ित को सीजेएम की अदालत ने नपा अध्यक्ष गीता जायसवाल, पति प्रदीप जायसवाल, भतीजे अनुराग जायसवाल, कर लिपिक श्रीराम शुक्ला, राजेश कुमार, सुशीला देवी एवं चंचल जायसवाल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का आदेश के बाद मामला दर्ज हुआ था। मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी राजेश कुमार को मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देशन में अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव ने हमराहियों के साथ घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया।



गिरफ्तार आरोपी और पुलिस टीम

## पंचायत भवन लखेसर का डीएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकासखंड सिकरारा के ग्राम पंचायत लखेसर में बने पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि पंचायत भवन की दीवार पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं अहर्ताओं के बारे में लिखवाएं। उन्होंने कहा कि सचिव, लेखपाल, आशा का मोबाइल नंबर और बैठने का दिन भी लिखवाया जाए और इस कार्य को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, खंड विकास अधिकारी अस्मिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युवा महोत्सव के लिए पीयू की प्रतिभाओं का चयन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का तीन जनवरी को आईबीएम भवन में 16 प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय परिसर सहित सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य के निर्देश पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्रतिभागियों और प्राध्यापकों का स्वागत किया। विदित है कि इस बार युवा महोत्सव का प्रदेश स्तर का कार्यक्रम 12-13 जनवरी को प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालय के प्रतिभागी शामिल होंगे। संगीत, नृत्य, वाद विवाद, थियेटर और फाइन आर्ट के कुल 16 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय के टीम के चयन के संयोजक डॉ. रसिकेश और प्रोफेशनल के रूप में यूनाइटेड ड्रीम्स के द्वारा चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। सभी श्रेणियों में छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें से उत्कृष्ट छात्रों की टीम का फाइनल चयन सूची 10 जनवरी को नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र को दी जाएगी।

कार्यक्रम की विभिन्न श्रेणियों में डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, अनुपम कुमार, मोहम्मद अबू सालेह, अभिनव श्रीवास्तव, राज, सिद्धांत सेठी, अनमोल साहू आदि का सराहनीय सहयोग रहा।



# बैंक कर्मी के विरुद्ध अब तक दर्ज नहीं कराई गई एफआईआर

**पीएनबी घोटाला**

**जिम्मेदार अधिकारियों को विजिलेंस की जांच रिपोर्ट का इंतजार**

**खाताधारक अवशेष रकम जानने को बैंक का काट रहे चक्कर**

**जौनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक की खेतासराय शाखा में ग्राहकों के खाते से 1.60 करोड़ रुपये का घोटाला करने के आरोपित कैशियर राकेश कुमार के विरुद्ध अब तक एफआइआर दर्ज नहीं कराई गई है। विभागीय जांच पूरी होने की बात कर रहे बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। हालांकि की घोटाला सामने आने के दो दिन बाद ही कैशियर को निलंबित किया जा चुका है। वहीं बड़ी संख्या में खाताधारक अपने-अपने खातों की अवशेष रकम की जानकारी के लिए बैंक का चक्कर काट रहे हैं।

निलंबित कैशियर राकेश कुमार वर्ष 2019 से खेतासराय में ही ओरियंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा में कार्यरत था। वर्ष 2020 में ओरियंटल बैंक आफ कामर्स के पंजाब नेशनल बैंक में विलय के बाद वहीं तैनात रहा। आरोप है कि विलय से पूर्व से ही वह दूसरों के खाते से रकम अपनी एक परिचित युवती के खाते में ट्रांसफर कर देता था। इसके बाद युवती से अधिकतर रुपये निकलवाकर खुद ले लेता था और कुछ उसके खाते में छोड़ देता था। पिछले माह एक पीड़ित खाताधारक की शिकायत पर मामला सामने आया। शाखा प्रबंधक ने पहले गुपचुप छानबीन शुरू कराई। बड़ा घोटाला सामने आने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कैशियर राकेश कुमार को निलंबित कर घोटाले की छानबीन के लिए बैंक की विजिलेंस टीम को लगा दिया। करीब एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी जांच पूरी होने की बात कहते हुए कैशियर के विरुद्ध तहरीर नहीं दी गई है।

# कट्टा और कारतूस संग एक गिरफ्तार

**केराकत।** स्थानीय थाना और थानागद्दी पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सिहौली गांव के गोमती नदी के पुल के पास से एक युवक को 315 बोर के जिन्दा कारतूस व अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाने के उपनिरीक्षक राकेश कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबल जयचंद यादव और कांस्टेबल रण विजय सिंह तथा थानागद्दी पुलिस चौकी के प्रभारी रोहित मिश्रा, कोबरा टीम के हेड कांस्टेबल संतोष कुमार तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गोमती नदी के पुल पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम से दूरी बना कर पुल से गुजर रहे एक संदिग्ध युवक को पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया जिस पर वह युवक उल्टे पांव तेजी से भागने लगा ' जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध कट्टा और इसी का एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम उसे थाने ले गई और उसका चालान भेज दिया।



# एआईएमआईएम नेता समेत नौ के खिलाफ मुकदमा

**कसा शिकंजा**

**लेखपाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने गिरफ्तारी के लिये कसा शिकंजा**

**दर्जनभर अज्ञात को चिह्नित करने में जुटी पुलिस**

**जौनपुर।** शाहगंज तहसील अंतर्गत खेतासराय कस्बे में तैनात हल्का लेखपाल संदीप श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता फारूक आजम पुत्र वसीउल्लाह और उनके 6 बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ आईपीसी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शिकंजा कस दिया है।

पुलिस ने बताया कि एआईएमआईएम नेता मोहम्मद फारूक आजम व उनके छह बेटे मोहम्मद आजम, वजीद, अर्श आलम, मोहम्मद गुड्डू, नबीउल्लाह व मोहम्मद सद्दाम निवासी मोहल्ला जोगियाना तथा मोहम्मद सोहराब पुत्र स्व. असगर जोगी निवासी कोहरऊटी, सिराज जोगी पुत्र पथरू जोगी निवासी जोगियाना मोहल्ला समेत कई अन्य के खिलाफ आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। लेखपाल संदीप श्रीवास्तव की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमें में आरोपित फारूक आजम का कृत्य भूमाफिया की श्रेणी में आता है। जब एसडीएम शाहगंज अंकित कुमार के निर्देश पर गठित राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक अखिलेश यादव, कस्बा लेखपाल संदीप श्रीवास्तव, दूधनाथ कुमार और संतोष यादव खेतासराय कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट भूमि की पैमाइश कर रहे थे।

मोहम्मद फारूक आजम का आरोप था कि बांकेलाल यादव अवैध रूप से उनकी भूमि में बढ़कर निर्माण कर रहे हैं, जिसकी शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर पैमाइश के लिए भेजा था। दौरान हुई मारपीट में मोहम्मद फारूक आजम और उनके विपक्षी बांके लाल यादव की तरफ से आधा दर्जन लोग चुटहिल भी हुये थे। इस मामले की शिकायत राजस्व कर्मियों ने डीएम मनीष वर्मा से की। जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त दबंग नेता व उनके गुर्गों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दारू पीने के विवाद में पंधारी गौतम की हुई थी हत्या

**एक आरोपित गिरफ्तार**

**सरायविक्रम का मामला**

**बरसठी।** सरायविक्रम गांव में शनिवार की रात पंधारी मुसहर की नृसंश हत्या के एक आरोपित को पुलिस मंगलवार सुबह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जबकि एक आरोपित अभी भी पुलिस पकड़ से दूर है। हत्या दारू पीने को लेकर विवाद में उसके दोस्तों ने किया था।

पंधारी मुसहर की गांव में नृसंश हत्या करके हत्यारों ने शव को झाड़ी में फेंक दिया था। मृतका की पत्नी छन्ना देवी ने उसके दो दोस्त गोविंदा गौतम और बउआ बनवासी के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी दिनेश कुमार और एसआई राजकुमार यादव की टीम मुखबिर की सूचना पर सुबह सुखलागंज रेलवे फाटक के पास से गोविंदा गौतम को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में गोविंदा ने हत्या की बात स्वीकार की और दारू पीने को लेकर विवाद में मारपीट हुई और उसके बाद दोनों ने हत्या कर दिया। आरोपित गोविंदा को मारपीट में घुटने में चोट लगी है और रक्त रंजीत शर्ट भी बरामद हुआ। अभी भी बउआ बनवासी फरार चल रहा है।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आकर दो झुलसे, भतीजे की मौत, चाचा गंभीर

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायनडीह गांव में जहां एक युवक की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई वहीं उसका चाचा गंभीर रूप से झुलस गया जिसका इलाज चल रहा है। बताते हैं की उक्त गांव निवासी डब्लू यादव पुत्र बृजनाथ 21 वर्ष अपने घर में ठंड के कारण शाम को आकर बिस्तर पर लेट गया। अचानक उसका हाथ विद्युत तार से छू गया और करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रात्रि में 8 बजे जब चाचा राधे यादव 40 वर्ष उसे भोजन के लिए उठाने गए और जैसे ही उसका हाथ पकड़कर उठा ही रहे थे कि वह भी करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों को जानकारी होते ही अविलंब विद्युत आपूर्ति कटवायी गयी और दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डब्लू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं चाचा राधे का इलाज अभी चल रहा है। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में गृहस्थी राख

**थानागद्दी।** क्षेत्र के ग्रामसभा भीतरी गोपालपुर में सवित्रा यादव के घर में बीती रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की जद में आने से राशन, बिस्तर, कुर्सी, बेड समेत लगभग पचास हजार रुपए की सामग्री राख हो गई। सवित्रा यादव की माली हालत ठीक नहीं है। पति व बेटी की मृत्यु पहले हो चुकी है। दो पुत्र है जो की रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहते है। बेटी के दो पुत्रों का पालन पोषण करती है। आग लगने की वजह से सवित्रा ने आंख में आसू रखते हुए दो बच्चों के भोजन, बिस्तर को लेकर चिंता जताई। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान विपिन सिंह से बात की गई तो कहा कि हरसंभव मदद होगी। हल्का लेखपाल को भी सूचना दे दी गई है।

### मड़हे में लगी आग, एक बकरी की मौत, दो झुलसी

**सरकी।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के बड़नपुर सेनापुर गांव में बीती रात श्रीकांत राम के मड़हे में मध्य रात्रि आग लग गई जिसकी लपटे देख दंपती की नीद खुली और भाग कर बाहर आए और शोर मचाने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और बाल्टी से पानी फेंककर किसी तरह आग पर काबू पाया। इस अग्निकाण्ड में दो बकरियां झुलस गयी और एक जलकर मर गई। वहीं पैंट की जेब में रखा नकद नौ हजार रुपया जल गया। झुलसी बकरियों का इलाज पशु चिकित्साधिकारी केराकत की देख रेख में फार्मासिस्ट राजेन्द्र सोनकर और वेक्सीनेटर संदीप दीक्षित, सुजीत पाल ने किया। मड़हे में रात्रि में राख का छिड़काव पशुओं को गरमाहट देने के लिए किया गया था।

### पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**मुंगराबादशाहपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं वांक्षित/वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में उ.नि. राकेश कुमार राय मय हमराहियों द्वारा न्यायालय द्वारा जारी वांरट मु.नं.-1361/22 धारा 147/336/506 भा.द.वि. थाना मुगराबागदशाहपुर से सम्बन्धित दो नफर अभियुक्तगण सुजीत कुमार गौड़ 48 वर्ष व विनोद कुमार गौड़ 52 वर्ष पुत्रगण उमाशंकर निवासीगण कमालपुर मुंगराबादशाहपुर को नियमानुसार मंगलवार को समय करीब 6.20 बजे उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. विवेक कुमार तिवारी, उ.नि. राकेश कुमार राय, का. सुशील कुमार यादव, का. विजय कुमार यादव आदि शामिल रहे।

### गांव में मॉडल तालाब बनाया जाय :डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड सिकरारा की ग्राम पंचायत देहजुरी में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि बोरिंग एवं बाउंड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। 10 कनेक्शन दिए गए हैं जिस पर निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लोगों को कनेक्शन दिए जाए। गांव में 283.8 लाख की लागत से योजना चलाई जा रही है जिसके तहत 11 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जानी है जिसमें 4 किलोमीटर पाइप डाली जा चुकी है। जिलाधिकारी ने वेलस्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र कुमार को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए दिए गए समयावधि में कार्य पूर्ण कराएं। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा गांव के तालाब का निरीक्षण कर सुंदरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव के तालाब को अच्छे डिजाइन में मॉडल तालाब बनाया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, खंड विकास अधिकारी अस्मिता, प्रधान राजेश कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** बदलापुर थाना पुलिस ने इलाके के एक शातिर लुटेरे स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। पुलिस का मानना है कि इसकी गिरफ्तारी से अब क्षेत्र में लूट छिनैती और हत्या जैसी संगीन अपराधों पर अंकुश लग सकेगा। थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय के अनुसार गत 28 दिसम्बर 22 को वाराणसी लखनऊ एनएच पर फतूपुर के पास स्थित जायसवाल ढाबे पर फायरिंग करने के बाद से ही पुलिस को इस शातिर बदमाश की तलाश थी। मंगलवार को थाना क्षेत्र स्थित सरोखनपुर के पास से पुलिस टीम ने इस कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू पुत्र विजय सिंह उर्फ विज्जू निवासी ग्राम बबुरा थाना बदलापुर का मूल निवासी है इसके उपर लगभग डेढ़ दर्जन संगीन अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।



# गरीबों, मजलूमों को न्याय दिलाता है अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज

**शोक सभा**

**18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी पर याद किए गए संतोषी बाबू**

**जौनपुर।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. संतोष कुमार श्रीवास्तव 'सन्तोषी बाबू' की 18वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दीवानी अधिवक्ता संघ सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ उपाध्याय ने व संचालन पूर्व मंत्री अनिल सिंह कप्तान डीजीसी ने किया। सर्वप्रथम संतोषी बाबू की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किया गया।

पूर्व अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज हर इंसान का दुखदर्द समझता है और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करता रहता है। पूर्व अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने कहा कि सन्तोषी बाबू एक विद्वान रहे। उनकी ईमानदारी की मिसाल आज भी लोग देते हैं।

पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 18 वर्षो से उनकी श्रद्धांजलि सभा हो रही है जिसमें प्रदेश के राज्यपाल, न्यायमूर्ति सहित अनेक विधि विशेषज्ञों का आगमन होने से अधिवक्ता संघ गौरवान्वित हुआ। पूर्व अध्यक्ष ब्रजनाथ पाठक ने कहा कि सन्तोषी बाबू ने हमेशा गरीबों, मजलूमों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जिसकी चर्चा आज भी लोग करते हैं। पूर्व मंत्री जय प्रकाश सिंह कामरेड ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है वह हमेशा कानून की रक्षा के लिए समर्पित रहता है। वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने कहा कि कहा कि कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मुकदमे की पैरवी प्रभावी ढंग से अधिवक्ता समाज को करना चाहिए जिससे कम समय में लोगों को न्याय मिले। पूर्व मंत्री अवदेश सिंह व पूर्व मंत्री सुभाष चन्द्र यादव ने कहा कि सन्तोषी बाबू की पुण्यतिथि हर साल की तरह बड़े पैमाने पर कार्यक्रम होना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय ने कहा कि सन्तोषी बाबू ने एक अधिवक्ता के रूप में समाज व संघ की सेवा किया। आज उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। श्रद्धांजलि सभा में लाल चन्द गुप्ता, अरुण प्रजापति, अरुण सिन्हा, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, मंजीत कौर, अरविंद सिंह, सतीश पांडेय, प्रमोद सिंह पटेल, शुभम श्रीवास्तव, अतुल कुमार श्रीवास्तव आडिटर, सैयद शहनशाह हुसैन, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, राजकुमार गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। स्वर्गीय संतोषी बाबू के पुत्र राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया व सुधीर श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।



पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

# हत्यारोपी बीस हजार का इनामिया धराया

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार से मंगलवार की भोर पुलिस ने घेरेबंदी कर हत्या के आरोप में वांछित चल रहे बीस हजार के इनामिया को धर दबोचा। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसका चालान न्यायालय भेज दिया गया।

सीओ शाहगंज चोब सिह ने बताया कि गत 8 सितंबर को इसी थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव निवासी आनंद शर्मा उर्फ सोले जो कि चंदापुर बाजार में सैलून की दुकान चलाता था किसी रंजिश को लेकर उसे मेंढ़ा गांव निवासी जवाहर सोनी, बदलापुर थाना क्षेत्र के दुगौली निवासी अजहर व इसी थाना क्षेत्र के कूहींकला गांव निवासी पेंटर और सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी सभापति विश्वकर्मा बहला फुसलाकर कर सुल्तानपुर जिले के करौंदी थाना क्षेत्र स्थित महावीर धाम बिजेथुआ ले गये जहां तालाब में नहाते समय पानी में डूबकर आनन्द शर्मा की संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर उक्त चारों के खिलाफ थाने में हत्या का केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गई।

इस दौरान चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या की साजिश में शामिल दो और आरोपितों का नाम मामले की छानबीन के दौरान आया जिसमें एक बदलापुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी सूरज बेनवंशी शामिल पाया गया। उसके घर कई बार दबिश दी गई लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। मंगलवार की भोर मुखबिर की सटीक सूचना पर प्रभारी उप निरीक्षक राजित राम यादव, हेड कांस्टेबल सुदर्शन यादव, संतोष यादव, शिवाकांत त्रिवेदी और शशीकांत ने घेराबंदी कर उसे रामनगर बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

# जरूरतमंदों को ग्राम प्रधान ने बांटे कंबल व स्वेटर

जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के इटैली गांव के पंचायत भवन में एक कोचिंग सेंटर के बच्चों को ग्राम प्रधान रागिनी देवी की तरफ से स्वेटर व जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी रवि सिंह व विशिष्ठ अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने कड़कड़ाती ठंड में गरीबों, असहायों को कम्बल वितरित किया और कोचिंग के बच्चों को स्वेटर दिया।

अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की पहली शिक्षा माँ से मिलती है। माँ का स्थान धरती माता से बड़ा वहीं पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है। बच्चों को संस्कारित शिक्षा दिलाकर उनके अंदर जागृति पैदा करें बच्चों को अनुशासित रहना जरूरी है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम दुलार यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जो ऊंचे आयाम तक ले जाती है वहीं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। स्कूलों का कायाकल्प कर गुणवत्ता परक शिक्षा दिया जा रहा है।

सम्बोधित करने वालों में सीताराम यादव, कमला यादव, रविन्द्र यादव, कृपाशंकर यादव, उदय नरायन यादव आदि रहे। महिलाओं अभिभावकों को 100 कम्बल वितरित किये गए वहीं कोचिंग में पढ़ रहे बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया।

इस अवसर पर प्रधान रागिनी यादव व उनके पति मनोज कुमार यादव ने आये हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख कमला यादव एवं संचालन धर्मेन्द्र कुमार नागर ने किया।



जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करते अतिथिगण

## आवारा पशुओं के जिम्मेदार खुद किसान : बीपी सरोज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित चौकीखुर्द गांव में विजेश्वर महावीर हनुमान मंदिर पर मंगलवार को ग्राम प्रधान ने कम्बल वितरण का आयोजन कर 376 कम्बल वितरित किया। मुख्य अतिथि सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़े पुण्य का काम है और हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि सर्दी के मौसम में गरीब लोगों को यथा सम्भव मदद करें।

उन्होंने कहा कि जबसे केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार आई है, तभी से सरकार लगातार गरीबों की मदद कर रही है। उन्होंने ग्राम प्रधान ममता पाण्डेय द्वारा गरीबों के लिए कम्बल वितरण कार्य की प्रशंसा करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे। इस दौरान ग्राम सभा के भूतपूर्व अध्यापक पंडित सोमनाथ पांडे ने आवारा पशुओं को लेकर सांसद से निवेदन किया कि इन सभी का उपाय भी आपकी सरकार करे हम लोग बहुत त्रस्त हो गए हैं फसल नहीं बच पा रही है। इस पर सांसद ने कहा कि आवारा पशुओं के जिम्मेदार खुद किसान हैं। सांसद ने उल्टे किसानों से पूछ लिया कि क्या यहां जो छुट्टा पशु है उसे योगी या मोदी ने छोड़े हैं या सांसद या विधायक ने छोड़ा हैं? छोड़े तो आप ही लोग हैं तो इसके जिम्मेदार भी तो आप ही लोग हैं। हालांकि सांसद ने किसानों को अपने पशुओं को आवारा ना छोड़ने की पैरवी की। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए मानदेय भी दे रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार पांडे ने किया संचालन आरके मौर्या ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र पांडे, गोलू पांडे, सुरेश पांडे, प्रशांत शुक्ला, गयादीन पाण्डेय, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते सांसद

# एक हजार कैदियों की क्षमता वाले जिला कारागार के निर्माण का रास्ता साफ

## 9 किसानों ने की अपने-अपने हिस्से की भूमि रजिस्ट्री

**पहल**

**एवज में मिले 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रुपये का मुआवजा**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** जिला कारागार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मंगलवार को जिला जेल के निर्माण के जद में आने वाले 9 किसानों ने तहसील में स्थित उपनिबंधक कार्यालय में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से के भूमि को उसके निर्माण के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रुपए का चेक बतौर मुआवजा दिया गया।

मुसीलाटपुर गांव में 60 एकड़ में एक हजार कैदियों के क्षमता वाले जिला कारागार का निर्माण होगा। इसके निर्माण के लिए 44 एकड़ ग्राम समाज की भूमि तहसील प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी। लेकिन फिर भी निर्माण के लिए और जमीन की आवश्यकता थी। शेष 16 एकड़ जमीन देने के लिए वहां के किसान भी राजी हो गए थे। प्रशासन द्वारा मुआवजे के रूप में 24 करोड की मांग शासन से की गई थी। शासन द्वारा मुआवजे के लिए धन उपलब्ध करा दी गई है। मंगलवार को हिंछराज राय, जनकराज, तीर्थराज राय, देवराज राय, बृजेश्वर प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद व कामेश्वर प्रसाद आदि 9 किसानों ने रजिस्ट्री आफिस में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से की जमीन को जिला कारागार के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को चेक के द्वारा 4 करोड़ 4 लाख 36 हजार रूपया मुआवजा दिया गया। जिसके रजिस्ट्री पर 26 लाख 29 हजार 820 रुपए का राजस्व शुल्क और 4 लाख 4 हजार 260 रुपया निबंधन शुल्क लगा। इसके साथ ही अभी और किसानों से उनकी जमीन की रजिस्ट्री कराई जाएगी। इस दौरान वहां पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, सब रजिस्ट्रार यादवेंद्र द्विवेदी, जेलर राजेश वर्मा व क्षेत्रीय लेखपाल अनिल यादव मौजूद रहें।



रजिस्ट्री करने के बाद मुआवजे के चेक के साथ किसान और साथ मे खड़े रजिस्ट्रार, जेलर और तहसीलदार

### उपनिरीक्षक अटल राय ने लौटाया जमीन पर गिरा पचीस हजार रुपया

**भदोही।** मनमानी कार्यशैली व खराब व्यवहार के कारण पुलिस अक्सर विवादों में रहती है, लेकिन कई बार इसका मानवीय चेहरा भी सामने आता है।भदोही पुलिस का ऐसा ही मानवीय चेहरा मंगलवार को सामने आया जब उपनिरीक्षक अटल कुमार राय जमीन पर गिरे पचीस हजार रुपयों का पता लगाकर धनराशि के मालिक को पैसा लौटकर मिशाल पेश की। भदोही कोतवाली के एसबीआई की मर्यादपट्टी शाखा में बैंक चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक अटल कुमार राय को बैंक परिसर के बाहर 25 हजार रुपए गिरा हुआ मिला। बैंक कर्मियों से पूछताछ करने पर उक्त रुपया राजेंद्र प्रसाद नामक व्यक्ति का गिरा हुआ बताया गया। जिनको अवगत कराकर उपनिरीक्षक अटल कुमार राय ने कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी का परिचय देते हुए 25 हजार रुपए लौटा दिया गया। धनराशि मालिक द्वारा खोए हुए पैसे पाकर, पुलिस की ईमानदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। जिससे पुलिस की छवि का अच्छा प्रदर्शन हुआ एवं जनता के मध्य पुलिस के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उपनिरीक्षक श्री राय को पुलिस कार्यालय बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# बाबा बड़ेशिव धाम की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**गोपीगंज।** नगर के बाबा बड़े शिव धाम में सोमवार की देर रात बाबा की महाआरती में श्रद्धालु उमड़ पड़े। गोपीगंज में देवाधिदेव महादेव बाबा बड़े शिव पौराणिक स्थलों में शामिल है। सोमवार की देर शाम नगर के प्रमुख और बड़े धार्मिक स्थल पर बाबा बड़े शिव धाम मे देवाधिदेव महादेव का अलौकिक स्वरुप में श्रृंगार कर दर्शन पूजन किया गया। बाबा के भव्य स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्त जहां निहाल हो गए वही देर रात हुई आरती पूजन के दौरान जुटे श्रद्धालुओ के हर हर महादेव के जयकारे से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। साप्ताहिक आरती के क्रम मे देर शाम बाबा बड़े शिव धाम परिसर मे महादेव का पंच द्रव्य और सुगंधित पुष्पो से भव्य श्रृंगार किया गया और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।सायंकाल से शुरू हुए दर्शन पूजन के दौरान आरती पूजन की व स्तुति गान की गई। पुजारी सुरेंद्र विश्वकर्मा के साथ भक्तों ने डमरु, मृदंग घंटा घड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच बड़े शिव की आरती उतारी गई वहीं श्रद्धालुओ के जयकारे से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। महा प्रसाद का वितरण भाजपा नेता गगन गुप्ता के सौजन्य से कराया गया। इस अवसर पर कृपाकांत गुप्त, सरिता गुप्ता, राजेश बरनवाल, कमलेश चौरसिया, प्रदीप गुप्ता, अनिल अवधिया, दिनेश गुप्ता, विनय अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

### लीकेज ठीक न किये जाने से गन्दा पानी पीने को मजबूर नगरवासी

**सुरियावा।** नगर पंचायत के वार्ड 6 नेता नगर में नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था है। पाइप लाइन बिछाई गई है। दर्जनों कनेक्शन भी हैं किंतु कई सप्ताह से वार्ड में एक जगह लीकेज है। शिकायत के बाद भी लीकेज नहीं बनाया जा रहा है जिससे लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस संबंध में समाजसेवी जतन गुप्ता ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से अविलम्ब जो लीकेज है उसको बनाने के लिए मांग किया है ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

### जनपद की समस्याओं को लेकर एसपी से मिले एक्सपोर्टर राजकुमार राय

**भदोही।** जनपद के उद्योगपति कारपेट व्यवसाई तथा एक्सपोर्टर सपना कारपेट के मालिक राजकुमार राय ने जनपद की तमाम समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार से मिलकर जनपद के समस्याओं को दूर करने की बात कही और कहा की कारपेट व्यवसाई भाजपा सरकार में निश्चित ही खुशहाल है और सुरक्षित है। आने वाले समय में जनपद में कारोबार और बढ़ेगा और रोजगार का सृजन होगा और जनता में खुशहाली बढ़ेगी। कारपेट व्यवसाई अब्दुल्ला खान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर राज्य पुरस्कृत हो चुके हैं उन्होंने भदोही की जनता की आवाज को प्रदेश तक पहुंचाने का काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा की निश्चित ही भदोही डालर मिनी मुंबई के नाम से जानी जाती है और भदोही वाले रात दिन मेहनत करके प्रदेश और देश के नाम को रोशन करने का काम किया है। आने वाले समय में जो भी समस्या होगी, जनता की बात को सरकार तक पहुंचाने में हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर राजकुमार राय, अब्दुल्लाह खान, गोवर्धन राय, शमशेर अली, वीरेंद्र बहादुर सिंह, फिरोज खान इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

# संक्रमण से बचना है तो दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी

**सीएमओ ने कहा**

**मौसम के बदलाव के समय विभाग बरत रहा है विशेष सावधानियां**

**भदोही।** पिछले दो वर्ष से कोविड जैसी वैश्विक महामारी की समस्या से जनपदवासी लगातार सामना कर रहे हैं। जनपदवासी ही नहीं बल्कि पूरा देश कोविड जैसे गम्भीर संक्रमण का सामना कर रहा है। इस महामारी से बचना है तो दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी को भूलना घातक हो सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने बताया कि विभाग ने जिले में पिछले दो वर्षो से कोरोना टीका अभियान चला रहा है। जिले के छब्बीस लाख से अधिक लोगों को कोरोना टीकाकरण से आच्छादित किया गया। इसके अलावा अभी भी कोरोना संकट बरकरार है। इस स्थिति में हम सभी को सावधानी व सर्तकता रखने की अत्यन्त आवश्यकता है। इससे कोरोना को हराया जा सके। इसके बावजूद कोरोना की चौथी लहर का डर सबको फिर से सता रहा है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां कर ली है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह का कहना है कि जिले में आने वालो का प्रतिदिन 4000 लोगो का सैंपल लिया जा रहा है और जांच को भेजा जा रहा है लेकिन अभी तक कोई कोरोना पांजिटिव की खबर नही आयी है। इसके साथ ही जिले में तेरह लाख लोगो को दोनो डोज दिया जा चुका है और करीब पांच लाख से अधिक लोगों को बूस्टर डोज भी दिया गया है। कोरोना जैसे संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग हमेशा सतर्कता बरतें हुये है और लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने दो गज की दूरी बनाए रखने तथा मुंह पर मास्क लगाने व स्वास्थ्य विभाग के परामर्श को नियमित रूप से पालन करें तो निश्चित रूप से इस महामारी की चपेट में आने से बच सकते हैं।

# जरूरतमंदों को मिला कम्बल

**खिले चेहरे**

**नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से किया गया कंबल वितरण**

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** मंगलवार को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गरीब, असहाय, जरूरतमंदो में कंबल का वितरण किया गया। एक निजी लान में कंबल वितरण में बतौर मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि यदि हमारे और आपके मन में दान करने की क्षमता है तो निर्धन लोगों तक काफी मदद पहुंच सकती है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इनकी सामाजिक एवं आर्थिक सहायता के लिए सभी को आगे की आवश्यकता है। इस दौरान रतन लाल अग्रहरी ने कहा कि सामाजिक सेवा के उद्देश्य के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के लिए नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रयासों की सराहना की तथा अन्य स्वयं सेवी संगठनों से भी ऐसे कार्यो के लिए आगे आने का आह्वान किया। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के साथ गरीबों की सहायता भी व्यापार मंडल की प्राथमिकता में शामिल है। रमाकांत गुप्ता ने कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यो में संगठन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा। संचालन गिरिजा शंकर पांडे ने किया। उपस्थित संभ्रांत नागरिकों में हलीम प्रधान, रमेश कौशल, कृष्ण कुमार गुप्ता, घनश्यामदास गुप्ता, सुंदरलाल अग्रहरी, अभिषेक जायसवाल, कृष्णकुमार गुप्ता, मिथिलेश अग्रहरि, दिनेश उमर आदि रहे।



जरूरतमंदों में कम्बल वितरण करता नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

### पत्रकार के भाई की मृत्यु पर जताया शोक

**सुरियावां।** नगर पंचायत के नेता नगर में पत्रकारों की एक बैठक हुई जिसमें पत्रकार वकील दुबे के बड़े भाई राम चंद्र दुबे निवासी देईपुर (जगदीशपुर) कॅरियाव का निधन गत दिवस होने पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में पत्रकार आशीष सिंह सदस्य जिला पंचायत, दिनेश यादव दादा, मुकेश दुबे, मनोज वर्मा, भरत, नितेश उपाध्याय, शिवांशु दुबे आदि पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

### औराई पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**भदोही।** थाना स्थानीय पर पजीकृत मुअस. 271/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व मुअस 272/22 धारा 324 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त भुल्लन विन्द पुत्र दुलचन्द विन्द निवासी उपरौठ थाना औ?ाई भदोही जो गत 21 सितम्बर को पुलिस कस्डटी से फरार हो गया था । उक्त घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त भुल्लन विन्द उपरोक्त 25 हजार का पुरस्कार घोषित ईनामिया अभियुक्त था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह मय हमराह का. कमलेश पाल व का अनुप कुमार थाना औराई जनपद भदोही द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियुक्त के घर ग्राम उपरौठ से फरार वाछिंत अभियुक्त भुल्लन विन्द उपरोक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेजा गया है।

# श्रीराम पीजी कॉलेज निगोह को पराजित करके जेसीएफ जौनपुर अगले दौर में



**नौपेड़वा।** श्री यादवेश इंटर कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में जेसीएफ जौनपुर की टीम श्रीराम पीजी कॉलेज निगोह की टीम को 7 रन से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर गई। प्रतियोगिता में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसीएफ जौनपुर की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। अनमोल ने सर्वाधिक 40 रन बनाए तथा विपिन चंद्रा ने 4 ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में श्री राम पीजी कॉलेज निगोह की टीम सभी विकेट खोकर 109 रनों पर सिमट गई। शशांक ने सर्वाधिक 30 रन जबकि सौरभ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 9 रन देकर तीन विकेट लिया। सौरभ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर मोहम्मद अनीस और संदीप सिंह रहे। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर शार्दूल रहे।

# व्यापार मंडल की बैठक संपन्न

**चर्चा**

**आठ जनवरी को होगा व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह**

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर उद्योग व्यापार मण्डल की एक आवश्यक बैठक सोमवार को देर रात्रि आठ बजे प्राचीन काली माता मन्दिर के पास एक भवन में आयोजित हुई। बैठक में बाजार के व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्दन सेठ व संगठन के तमाम पदाधिकारियों को शपथ दिलाने हेतु संगठन के संरक्षकों ने शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के लिए तिथि निर्धारित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहाकि संगठन की गम्भीरता, गोपनीयता को बनाये रखना पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। कस्बे के सभी व्यापारियों को आपसी मनमुटाव भूलकर व्यापारी हित में कार्य करना चाहिये। वहीं आगामी 8 जनवरी को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह करने की तिथि निर्धारित किया गया। इस अवसर पर विरेन्द्र श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्त, हंस कुमार सोनकर उर्फ मकालू, डॉ. राजेश राही, आनन्द कन्द गिरी, दिनेश सेठ, सुशील पटवा, विशाल कसौधन, विरेन्द्र सिंह, आजाद कुमार गुप्ता, हरिलाल साहू, आरिफ अंसारी जाबिर खान समेत तमाम व्यापार मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मकसूद अहमद ने व संचालन अरुण प्रसाद कमलापुरी ने किया।



व्यापार मण्डल की बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

जौनपुर। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण के अनुसार उक्त राष्ट्रीय लोक में अधिकाधिक वादों के निस्तारण हेतु यह आवश्यक है कि कम से कम पांच प्री-ट्रायल बैठक आहूत की जाय। पारिवारिक मामलों का अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न कराने हेतु 11, 18, 25 जनवरी, 1 और 8 फरवरी को परिवार न्यायालय प्रांगण में अपरान्ह 4 बजे प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की जाएगी।

# सावित्री बाई फुले की मनायी गयी जयंती

**जौनपुर।** दीवानी बार के प्रांगण में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के बैनर तले मंगलवार को क्रांतिकारी शिक्षा की देवी, प्रथम महिला शिक्षिका, प्रथम बालिका विद्यालय की संस्थापिका, हो रहे कुरीतियों की घोर विरोधी, विरांगना राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले का 191वां जन्मदिन पर माला फूल चढ़ा कर मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाई और दो मिनट मौन रहकर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की। लक्ष्मी बाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहाकि जब महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था, तब सावित्री बाई फुले ने दर्जनों बालिका विद्यालय खोलकर बालिकाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। तमाम विरोधाभास के बावजूद वह अपने विचारों में अडिग रही। आज इन्हीं की देन है कि महिलाएं पढ़ लिख कर वकील, डॉक्टर, इंजीनियरिंग, टीचर, प्रधान, प्रधानमंत्री, जज आदि पदों पर विराजमान हैं। इस अवसर पर सर्व एडवोकेट मंजू शास्त्री, रचना, सारिका, इशरत बानो, रंजीता सहित सैकड़ों अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।



# इलाज के अभाव में किसी गोवंश की न होने पाये मौत : मनीष वर्मा

**नेक कार्य**

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दिये निर्देश, कम धान क्रय करने पर जतायी नाराजगी**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा धान क्रय केंद्र गोनापार, वृहद गौशाला चांदपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर सिकरारा का निरीक्षण किया गया। साधन सहकारी समिति लिमिटेड गोनापार में बने धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र के सचिव राजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि आज 1 ही किसान से 60 कुंटल धान का क्रय किया गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि प्रतिदिन 300 कुंटल धान की खरीद की जाए। सचिव के द्वारा अवगत कराया गया मिलर के द्वारा धान के उठान में ढिलाई बढ़ती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि संबंधित मिलर के खिलाफ कार्यवाही की जाए। वृहद गौशाला चांदपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया की गौशाला में कुल 174 गोवंश संरक्षित किए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गौशाला में तत्काल बोरे की व्यवस्था की जाए।

पशुओं को खाने के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि गौशाला में एक अतिरिक्त शेड बनाये। उन्होंने कहा कि पशु डॉक्टर नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण करें और पशुओं की जांच कर उनका इलाज करें, किसी भी गोवंश की मृत्यु इलाज के अभाव में नहीं होनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर के निरीक्षण के दौरान पाया की 4 चिकित्सक सहित एमओआईसी अनुपस्थित मिले जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी का आज का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम

# बड़ा सपना देखें और उसे जरूर पूरा करें : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** प्राथमिक विद्यालय भोईलाशाहपुर में मंगलवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

**आयोजन**

**प्राथमिक विद्यालय भोईलाशाहपुर में कम्बल वितरण समारोह आयोजित**

डॉ. हरिनाथ यादव के तत्वावधान से कुल 250 कम्बल वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने पुरातन छात्रा होने के नाते अपनी पढ़ाई के दौरान अनुभवों को साझा किया। कहा कि सिकरारा ब्लॉक शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य विद्यालय में भी लोग जरूरतमन्दों को दान करें। उन्होंने शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी से अपील किया कि अपने अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दें। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़ा सपना देखें और उसे पूरा करने का प्रयास करें कोई भी कार्य आसान नहीं होता उसे आसान बनाना पड़ता है। बच्चों में असीम क्षमता है बस उसे जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पढ़ाई के दौरान किए गए संघर्षों व नौकरी के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के अध्यापक बहुत अच्छा कार्य कर रहे। प्रेरणा में बहुत ताकत होती है। नन्हे मुन्हे बच्चों को प्रेरित करे हर घर से आईएएस निकलेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि खाते में भेजे गए पैसे से बच्चों को जूता-मोजा, स्वेटर खरीदना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सिकरारा अस्मिता सेन, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमित सिंह, रामनारायण यादव, आनन्द सहित अन्य उपस्थित रहे।



कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

# अनुशासन से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बैठक**

**टीडीपीजी कॉलेज में अनुशास्ता समिति की बैठक आयोजित**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में मंगलवार को महाविद्यालय में अनुशासनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जनपद प्रशासन और महाविद्यालय के अनुशास्ता समिति एवं छात्र छात्राओं तथा छात्र नेताओं की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह की। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष लाइन बाजार, चौकी इंचार्ज टीडी कॉलेज एवं महिला थाना प्रभारी भी उपस्थित रही। छात्र छात्राओं एवं छात्र नेताओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के अनुशासन के साथ खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अभी विगत कुछ दिन पहले जिन अराजक तत्वों ने एक छात्र की पिटाई की थी उनके खिलाफ प्राशासन द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही कालेज एवं प्रशासन द्वारा की गयी है। शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष लाइन बाजार ने कहा कि जो छात्र पठन-पाठन में रुचि ले रहे हैं उन्हें हर प्रकार संभव मदद की जाएगी। महाविद्यालय में कोई बाहुबली बनने का प्रयास करेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा तथा उसके खिलाफ प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी। महिला थाना प्रभारी स्नेहा ने कहा कि जो भी छात्र, छात्राएं महाविद्यालय में हैं उन्हे किसी भी प्रकार से असुविधा नहीं होगी। कोई भी छात्रा अपने साथ हुए दुर्व्यवहार को महिला हेल्पलाइन पर वह सूचना दे सकती है, उसके नाम को गुप्त रखा जाएगा। मुख्य अनुशास्ता डॉ. राजीव रतन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन महाविद्यालय की प्रथम वरीयता है जिसे हमारे अनुशासन मंडल द्वारा कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में 5 छात्रों को निष्कासित भी किया गया है। कार्यक्रम में अनुशासन मंडल के सदस्य डॉ. हरिओम त्रिपाठी, डॉ. रीता सिंह, डॉक्टर जेपी सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉ. जितेश सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, विशाल सिंह, अजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



अनुशास्ता समिति की बैठक को सम्बोधित करते प्राचार्य



axis colleges
axis TOMORROW FIRST
www.axiscolleges.org
Toll Free: 1800-3132-464
M.Tech | B.Tech | B.Arch | BFAD | MBA | MCA | BBA | BCA | B.Pharm | BFA | B.Sc Biotech | BMM
Diploma - Pharmacy | Engineering | Textile Design | Interior Design | Garment Technology
WISHING YOU HAPPY 2023 NEW YEAR
A step towards innovation, research and entrepreneurship
Now Axis is - IBM Campus & Linkedin Campus
IBM Campus
LinkedIn Campus
Approved & Recognized By
Startup Incubation centers in Kanpur (Approved by Govt. of INDIA)
1. IIT Kanpur 2. HBTU 3. Axis Colleges
(the only private college)
Entrepreneurial Development Council INDIA
SAND TANK
Startup Foundation
Ranked by
INDIA TODAY
OUTLOOK
THE WEEK
THE TIMES GROUP
1st Rank among all Govt. & Pvt. Architecture, Fashion, BBA/BCA institutes in KANPUR
India Today Best College Survey - 2021
5th Rank among all Govt. & Pvt. Architecture, Fashion, BBA institutes in UTTAR PRADESH
India Today Best College Survey - 2021
18th Rank among all Govt. & Private Engineering institutes in UTTAR PRADESH
India Today Best College Survey - 2021
65th Rank among all Private Engineering institutes in INDIA
https://times-engineering-survey.com/private-engineering.html
20 Patents Granted by Govt. of INDIA & AUSTRALIA
LOW COST WATER PURIFICATION SYSTEM
SMART SHOPPING ASSISTANT FOR BLIND PESRON
IOT BASED AUTOMATIC IRRIGATION SYSTEM
HYBRID TRADEMILL SCOOTER
axis StartUp
Top Recruiters
Google
accenture
BYJU'S
TATA CONSULTANCY SERVICES
Tech Mahindra
HCL Technologies
JBM
MITSUBA
CEASE FIRE
EVEREST
NUCLEUS SOFTWARE
motherson innovations
INDO FARM
BAJAJ
SHAHI
Center of Excellence
aws academy
UiPath
ARTECH
celonis
MICROCHIP Academic Program
TEXAS INSTRUMENTS
CISCO Networking Academy
ORACLE
JUNIPER NETWORKS
blueprism University
alteryx SPARKED
Knowledge Partners
इसरो isro Nodal Center
ASSOCHAM
CII
here
EduSkills Nation Building Through Skills
RELIANCE
0/100 zerobarracento
Campus @ Rooma, Kanpur | Call: 8853777774, 7607888889